सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-109 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, मंगलवार, 26 सितम्बर 2023
10 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com







### सीएम योगी का किसानों को तोहफा, भाकियू के प्रतिनिधिमंडल को दिलाया भरोसा

# गन्ना मूल्य में होगी वृद्धिः योगी

**सौगात**

- किसानों को जल्द मिलेगा बकाया भुगतान
- भाकियू प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला
- गन्ना भुगतान शत प्रतिशत, बिजली बिल शून्य



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार गन्ना किसानों को जल्द ही मूल्य वृद्धि का तोहफा देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के क्रम में यह भरोसा दिलाया है। मुख्यमंत्री ने किसान यूनियन को आश्वस्त करते हुए कहा, गन्ने के नए सत्र की शुरुआत से पहले गन्ना मूल्य वृद्धि और बकाया भुगतान जैसे दोनों महत्वपूर्ण मसलों पर निर्णय लिया जाएगा। मुलाकात के क्रम में भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को 11 सूत्री ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चीनी मिल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि किसानों का गन्ना भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित करें, अन्यथा ऐसी चीनी मिलों के रकबे में कटौती की जाएगी। किसानों को मुफ्त बिजली दिए जाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण और निजी नलकूप के फीडर अलग कर दो माह के अंदर किसानों का बिजली बिल शून्य किया जाएगा। गांव-गांव में चौपाल लगाकर राजस्व त्रुटियों को भी सही कराया जाएगा। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात की जानकारी साझा की है।

**गंगा एक्सप्रेस-वे पर सर्विस रोड का निर्माण**

किसान यूनियन की अन्य मांगों पर कहा कि छुट्टा पशु के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे पर सर्विस रोड का निर्माण कराया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा नकली खाद, बीज व दवा को रोकने के लिए अभियान चलेगा और समय-समय पर किसान हित में और भी निर्णय लिए जाएंगे।

प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान, चेयरमैन बाबा राजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# एआईएडीएमके ने खत्म किया भाजपा से गठबंधन

**झटका**

- 2024 में अलग मोर्चे की तैयारी



**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को बड़ा झटका देते हुए एआईएडीएमके ने सोमवार को बीजेपी गठबंधन से अलग होने की घोषणा की। पार्टी ने सर्वसम्मति से इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया।

अन्नाद्रमुक के उप समन्वयक केपी मुनुसामी ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा, भाजपा का राज्य नेतृत्व पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कार्यकर्ताओं के बारे में लगातार अनावश्यक टिप्पणियां कर रहा है। उन्होंने कहा कि एआईएडीएमके आज से बीजेपी और एनडीए गठबंधन से सारे रिश्ते तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व पिछले एक साल से लगातार हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कार्यकर्ताओं के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले एआईएडीएमके नेता डी जयकुमार की घोषणा के कुछ दिनों बाद कि बीजेपी और एआईएडीएमके के बीच कोई गठबंधन नहीं है। हालांकि, इस ऐलान के बाद तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा था कि दोनों पार्टियों के बीच कोई समस्या नहीं है। अन्नामलाई ने यह भी कहा कि उन्हें एआईएडीएमके के किसी भी नेता से कोई दिक्कत नहीं है।



सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एनेक्सी भवन लखनऊ में प्रदेश के थानों से संवाद करते हुए।

# भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ सी-295 विमान

**रक्षामंत्री ने स्वातिक बना सौंपी चाभी**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर भारत ड्रोन शक्ति 2023 का आज यानी 25 और कल 26 सितंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी हिंडन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हैं। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद वीके सिंह भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सी-295 मेगावाट परिवहन विमान को भारतीय वायु सेना में शामिल किया। वहीं, भारत ड्रोन शक्ति कार्यक्रम को देखने के लविए मेक्सिको और अन्य देशों के सैन्य अधिकारी हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे हैं। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित भारत ड्रोन शक्ति 2023 में सर्वेक्षण ड्रोन, कृषि ड्रोन, आग दमन ड्रोन, सामरिक निगरानी ड्रोन, हेवी लिफ्ट लॉजिस्टिक्स ड्रोन, लोटरिंह मूनिशन सिस्टम का प्रदर्शन, ड्रोन समूह और काउंटर ड्रोन के साथ-साथ 75 से अधिक ड्रोन स्टार्टअप और कारपोरेट्स शामिल हुए।

# मैं हवा में बात नहीं करता हूंः मोदी

### मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी, घमंडिया गठबंधन सनातन को मिटाना चाहता है

- कांग्रेस का ठेका अब अर्बन नक्सलियों के पास
- विपक्ष ने खट्टे मन से महिला आरक्षण बिल पर समर्थन किया



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मेगा शो किया। उन्होंने भोपाल के जंबूरी मैदान पर भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी है। जब मोदी गारंटी देता है, तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है।

मोदी ने महिलाओं को लोकसभा-विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम का जिक्र किया। इसी बहाने उन्होंने विपक्ष को भी आड़े हाथ लिया। मोदी ने कांग्रेस पर कहा, कांग्रेस को अब कांग्रेस के नेता नहीं चला रहे। अब कांग्रेस एक कंपनी बन गई है। नारों से लेकर नीतियों तक हर चीज आउटसोर्स कर रही है। ये ठेका अब कुछ अर्बन नक्सलियों के पास है। कांग्रेस में अब अर्बन नक्सलियों की चल रही है। इसके बाद पीएम मोदी जयपुर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प रैली में हिस्सा लिया और वहां पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने सरकार चलाई है, वह जीरो नंबर की हकदार है, इसलिए राजस्थान के लोगों ने ठान लिया है कि गहलोत सरकार को हटाकर भाजपा को वापस लाएंगे। उन्होंने कहा कि लोग यह याद रखें कि मोदी का मतलब है- गारंटी पूरी होने की गारंटी। यदि भाजपा सरकार आई तो पेपर लीक करने वाले माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। घमंडिया गठबंधन पर उन्होंने कहा कि वे सनातन को जड़ से मिटाना चाहते हैं, लेकिन आने वाले चुनावों में वे खुद जड़ से उखड़ जाएंगे। इससे पहले उन्होंने धानक्या में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी जन्मस्थली पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, सभा स्थल पर ओपन जीप में खड़े होकर लोगों के बीच गए। यहां महिला कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जयपुर में मोदी की साढ़े चार साल बाद सभा हुई है। मैं जयपुर ऐसे समय आया हूं, जब भारत का गौरव सातवें आसमान पर है। जहां कोई नहीं पहुंच पाया, चांद की उस सतह पर भारत पहुंचा है। पूरी दुनिया भारत के पराक्रम से हैरान है। अनेक दशकों से हमारी माताएं-बहनें लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की आस लगाए बैठी थी, उनकी यह उम्मीद आपके वोट की ताकत ने पूरी करके दिखाई है। आपके वोट ने मुझे चुना और मैंने आपकी सेवा की गारंटी दी। आज आपकी ये गारंटी मैंने पूरी कर दी है। आप लोग यह याद रखें कि मोदी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। जो कहता हूं, करके दिखाता हूं।

# काशी में बनेगा इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनलः सोनोवाल




**वाराणसी।** तीसरे वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन के लिए सोमवार को वाराणसी में रोड शो का आयोजन हुआ। केंद्रीय जहाजरानी एवं आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सम्मेलन में भागीदारी के लिए व्यापारियों संग संवाद किया।

बड़ालालपुर स्थित हस्तकला संकुल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्रियों और प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि तीसरे तीसरे वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन में मंत्रालय का लक्ष्य 10 लाख करोड़ का निवेश देश में करवाने का है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने घोषणा किया कि वाराणसी में वर्ल्ड क्लास क्रूज टर्मिनल का भी निर्माण होगा। इससे स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने ऋणदाताओं को दी नसीहत

# शहरी सहकारी बैंकों के एनपीए की स्थिति संतोषजनक नहींः शक्तिकांत

- जमीनी स्तर पर काम हो, केवल कागजी अनुपालन बंद करें: शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक (आरबीआई) शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) में 8.7 प्रतिशत के सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात (एनपीए) पर सहज नहीं है।

आरबीआई की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में यूसीबी के निदेशकों को संबोधित करते हुए दास ने आग्रह किया कि ऐसे बैंकों को संचालन मानकों में सुधार करना चाहिए, संबंधित पक्ष के लेनदेन से बचना चाहिए और क्रेडिट जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बता दें कि देश का यूसीबी क्षेत्र हाल के दिनों में कई चुनौतियों जुझ रहा है इस दौरान मुंबई मुख्यालय स्थित पंजाब एंड महाराष्ट्र बैंक का पतन भी हुआ है। दास ने यूसीबी के निदेशकों को याद दिलाया कि बैंक जमाकर्ताओं पर चलते हैं और कहा कि मध्यम वर्ग, गरीबों और सेवानिवृत्त लोगों से एकत्र की गई मेहनत की कमाई की सुरक्षा मंदिर या गुरुद्वारे जाने से कहीं अधिक पवित्र है। दास ने कहा कि समग्र स्तर पर स्थिति अच्छी दिख रही है लेकिन जीएनपीए और पूंजी पर्याप्तता को लेकर स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि कुल जीएनपीए सुधरकर 8.7 प्रतिशत हो गया है, हालांकि यह भी अच्छी संख्या नहीं है। यह समग्र स्तर पर भी आरामदायक संख्या नहीं है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए मार्च 2023 में 3.9 प्रतिशत के दशक के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा।



> "शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक को ऐसे मामलों का पता चला है जहां केवल कागजी अनुपालन होता है और जब जमीन पर निरीक्षण होता है तो कोई अनुपालन नहीं देखा जाता है। गवर्नर ने बैंक प्रबंधन से कहा कि वह तिमाही आधार पर बोर्ड के समक्ष जोखिम विश्लेषण रिपोर्ट पेश करे, इसे सालाना आधार पर ना किया जाए।

# मैं किसी से डरता नहींः वरुण गांधी

**तंज**

- जनता के हक की आवाज हमेशा उठाता रहूंगा



**बरेली।** पीलीभीत के भाजपा सांसद वरुण गांधी पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान देकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। एक बार फिर उन्होंने बगावती तेवर दिखाए हैं। वरुण गांधी ने कहा कि मैं किसी से डरता नहीं। जनता के हक की आवाज हमेशा उठाता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं अकेला ऐसा सांसद हूं, जो जनता के हक की आवाज उठाता हूं। कुछ लोग राजनीति ठेकेदारी में चला रहे हैं। भाजपा सांसद वरुण गांधी सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र पीलीभीत के बहेड़ी क्षेत्र में पहुंचे। समर्थकों ने गांव कुतुबपुर में भाजपा सांसद का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने गांव न्यामतपुर , कनकपुरी, ढाकिया ठाकुरान मोहम्मदपुर, मदनापुर, पदमी गुलड़िया, जाम अन्तरामपुर, लखनपुर, बकौली, उनई आदि गांवों में जनसंवाद किया। भाजपा सांसद ने कहा कि देश में सबको अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा मुफ्त में मिले। अच्छी सड़कें हों। जो लोग आज अपने बच्चों के संघर्ष कर रहे हैं आगे उनके बच्चों को संघर्ष न करना पड़े।

### मप्र में बीजेपी उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

# 39 नामों का ऐलान, तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों को टिकट

**चुनावी सरगर्मी**

- इंदौर-1 से कैलाश विजयवर्गीय प्रत्याशी
- मैहर से नारायण त्रिपाठी का टिकट कटा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। प्रदेश में चुनावी सरगर्मी को तेज करते हुए भाजपा ने राजनीति के कई दिग्गजों को चुनावी मैदान में उतारा है। प्रदेश में कुल छह सांसद विधानसभा के चुनाव लड़ेंगे, जिनमे से तीन केंद्रीय मंत्री हैं। प्रधानमंत्री मोदी आज प्रदेश के दौरे पर भी थे, उन्होंने भोपाल में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित कुल छह सांसदों को विधानसभा के चुनावी मैदान में उतारा है। कई सांसद, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय कद के नेताओं को विधानसभा चुनाव में उतारा गया है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बीती 13 सितंबर को जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई थी। बैठक में पीएम नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। भाजपा मध्यप्रदेश के चुनावी रण में किसी भी तरह की चूक नहीं करना चाहती। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को चुनावी मैदान में उतारा है, तो वहीं श्योपुर से दुर्गालाल विजय हुंकार भरेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट में मूक-बधिर वकील ने केस लड़ा

- सारा के इशारों को इंटरप्रिटर ने कोर्ट को समझाया
- सीजेआई ने वर्चुअली सुनवाई की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 22 सितंबर को पहली बार एक मूक-बधिर वकील सारा सनी ने केस की पैरवी की। सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने वर्चुअल माध्यम से मामले की सुनवाई की। मामले में एडवोकेट सारा सनी के इंटरप्रिटर सौरभ रॉय चौधरी थे, जिन्होंने सारा के इशारों को समझकर कोर्ट के सामने उनके तर्क पेश किए।

पहले कोर्ट के कंट्रोल रूम ने सारा के इंटरप्रेटर सौरभ को पूरी सुनवाई के दौरान अपना वीडियो ऑन रखने की अनुमति नहीं दी गई थी, लेकिन जिस तेजी से वे सारा के इशारों को समझकर उसे कोर्ट को बता रहे थे, उससे जाहिर ही नहीं हो रहा था कि सारा अपनी बात इशारों में कह रही हैं। ऐसे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित सुनवाई के लिए वर्चुअली जुड़े सभी लोगों को सौरभ को देखने की जिज्ञासा हुई। इसके बाद कोर्ट ने सौरभ को भी वीडियो ऑन करने की इजाजत दे दी। सुनवाई खत्म होने के बाद सभी ने सौरभ के काम की तारीफ भी की। पिछले साल सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में कॉम्प्रिहेंसिव एक्सेसिबिलिटी ऑडिट की बात कही थी। उनके इस कदम का उद्देश्य न्याय प्रणाली को सुलभ बनाना और स्पेशल लोगों की चुनौतियों को समझना था।



**सीजेआई खुले विचारों वाले इंसानः सारा**

मामले पर एडवोकेट सारा ने मीडिया से बात करते हुए सौरभ और सीजेआई की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीजेआई खुले विचारों वाले शख्स हैं, उनकी वजह से दिव्यांगों के लिए नए मौके पैदा हुए हैं। मामले की सुनवाई के लिए मैं वहां नहीं थी। इसलिए मेरी सीनियर संचिता ने केस की सुनवाई वर्चुअली करने की व्यवस्था की। वे साबित करना चाहती थीं कि दिव्यांग लोग भी किसी से पीछे नहीं हैं।

**हम जनता की अदालत हैंः सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंसा प्रभावित मणिपुर में बार के सदस्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि राज्य में किसी भी वकील को अदालती कार्यवाही में जाने से नहीं रोका जाए।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि हम जनता की अदालत हैं, और इन मामलों में सुनवाई होने देना उपचार प्रक्रिया का हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मणिपुर राज्य वहां उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से यह सुनिश्चित करेगा कि राज्य के सभी नौ न्यायिक जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं स्थापित की जाएं ताकि डिजिटल माध्यम से उच्च न्यायालय के समक्ष पेश होने के इच्छुक वकील या वादी अदालत को संबोधित किया जा सके। पीठ ने यह निर्देश तब दिया जब यह आरोप लगाया गया है कि एक विशेष समुदाय के वकीलों को वहां उच्च न्यायालय में पेश होने की अनुमति नहीं दी गई। शीर्ष अदालत ने इस मामले में पेश हुए वकीलों से कहा कि वे अदालत में प्रतिद्वंद्वी समुदायों द्वारा किसी भी समुदाय के खिलाफ कीचड़ उछालना बंद करें। पीठ राहत और पुनर्वास के उपायों के अलावा हिंसा के मामलों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं सहित कई याचिकाओं पर दलीलें सुन रही थी। जब एक वकील ने कहा कि उसे भी अदालत के समक्ष कहने के लिए कई चीजें हैं तो पीठ ने टिप्पणी की। हम जनता की अदालत हैं और सुनवाई करना उपचार प्रक्रिया का हिस्सा है।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मानित किए जाएंगे वरिष्ठ और शतायु मतदाता

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** वरिष्ठ मतदाताओं के बहुमूल्य अनुभवों से अन्य मतदाताओं विशेषकर युवाओं को जागरूक एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर जिले के वरिष्ठ एवं शतायु मतदाताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिले में एसडीएम व तहसीलदार की अगुवाई में तहसीलवार भव्य आयोजन होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे अपनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित प्रत्येक 100+ मतदाताओं को सम्मानित किये जाने के लिए दूरस्थ मतदेय स्थलों के 100+ मतदाताओं को बूथ लेवल आफिसरों के माध्यम से एवं जो आसानी पूर्वक आ सकते हैं, उन्हें आप स्वयं किसी बड़े कालेज/तहसील सभागार में 01 अक्टूबर (रविवार) को मनाये जाने वाले अन्तरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस (International Day For Older Persons) कार्यक्रम आयोजित करते हुये उन्हे सम्मानित करे। इनके मतदान को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए आयोग प्रयासरत है। कार्यक्रम से संबंधित फोटो एवं वीडियो भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने एसडीएम/ तहसीलदार, सदर को निर्देशित किया कि सदर तहसील के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 142- लखीमपुर एवं 140- श्रीनगर के 100+ मतदाताओं को डीएम/ डीईओ से सम्मानित कराने के लिए तहसील सदर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें और सभी आसपास के 100+ मतदाताओं को कार्यक्रम में उपस्थित कराने की व्यवस्था भी कराना सुनिश्चित करें और कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले मतदाताओं के पूर्ण विवरण से सम्बन्धित सूची इस कार्यालय में 29 सितंबर को पूर्वान्ह 11 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिस समय मतपत्र का प्रयोग करके मतदान किया जाता था उसके पश्चात वर्तमान में आधुनिक मतदान प्रणाली के साक्षी रहने वाले इन वरिष्ठ और शतायु मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन जनपद से लेकर बूथों तक सम्मानित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में चुनावी प्रक्रिया में योगदान के लिए उन्हें जिला मुख्यालय और तहसील स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ मतदाताओं के बहुमूल्य अनुभवों से अन्य मतदाताओं विशेषकर युवाओं को जागरूक एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होगे। इसलिए वरिष्ठ मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन विभाग सदैव प्रयासरत है।

# अब खुद बना सकेंगे आयुष्मान कार्ड, एप्लीकेशन लांच

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** आयुष्मान योजना के लाभार्थी अब अपना गोल्डन कार्ड खुद बना सकेंगे। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत यह नई व्यवस्था की गई है। इसके लिए शासन ने आयुष्मान एप्लीकेशन जारी की है। जिसके माध्मय से अपनी पात्रता की जांच कर लाभार्थी अपना कार्ड बना सकते हैंअब पात्र लाभार्थी अब खुद खुद गोल्डन कार्ड बना सकते हैं। आयुष्मान योजना के लाभार्थी पोर्टल पर जाकर या गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान एप डाउनलोड करें। इसके बाद बेनिफीशरी के रूप में मोबाइल नंबर से लॉगिन करें। जिसके बाद अपना जनपद और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर क्लिक कर स्वयं अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इसके अलावा कोई भी सहायक, समाजसेवी, आम नागरिक या सरकारी कर्मचारी भी लाभार्थी का कार्ड बना सकता है डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिलेभर में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने एवं स्वयं से आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापक स्तर पर मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा कलस्टर मीटिंग भी आहूत की जा रही है, जिसमें स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा आशाओं को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया समझाते हुए उन्हें लाभार्थियों के मोबाइल फोन में आयुष्मान ऐप को डाउनलोड करने, एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया बात कर प्रशिक्षित किया गया। बताया गया कि आशा लाभार्थियों को डेमोंसट्रेशन वाला वीडियो भी दिखाए। कुछ लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर भी दिखाए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सभी चिह्नित परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार की कराने की सुविधा है। सभी सूचीबद्ध निजी व राजकीय चिकित्सालयों में निशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को बेहतर और सुगम बनाने के लिए एक नया पोर्टल और एप की शुरुआत की गई है। अभियान के दौरान जिन पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों के परिवारों में 06 या उससे से अधिक सदस्य है उनके भी कार्ड बनाए जायेंगे।

## 02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगों में कुल 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों अजब सिंह व रमेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान न्यायालय लखीमपुर खीरी पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर मरीजों को किए फ ल वितरित



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी खीरी।** कस्बा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मेसी कॉलेज की टीम ने छात्र-छात्राओं के साथ सी एच सी पर पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए सोमवार को दोहक के गजराज सिंह करनपाल सिंह यादव कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के एमडी अभिनव सिंह प्रोफेसर अभिषेक कुमार आशुतोष और मोहम्मद अरशद ने छात्र-छात्राओं के साथ सी एच सी पर पहुंचकर वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।

अधीक्षक मयंक मिश्रा , डॉ कुलदीप सिंह और सुशील शुक्ला ने भी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के अचल सिंह ,प्रिया कौर ,आशीष सिंह ,अनुपम तिवारी, विष्णु नारायण समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# आयुष्मान कार्ड वितरण समारोह में नौ लोगों को आयुष्मान कार्ड निशुल्क किए गए वितरण

अवधनामा संवाददाता



**मोहम्मदी खीरी।** -नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड वितरण समारोह मैं मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने पत्रों को कार्ड वितरित किए आयुष्मान कार्ड प्राप्त करके पात्रों के चेहरे खिल उठे रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मंत्री एवं विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान कार्ड बहुत लाभप्रद है इस कार्ड के द्वारा बड़े से बड़े अस्पताल में पांच लाख तक का इलाज निशुल्क कराया जा सकता है उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी आज नौ लोगों को आयुष्मान कार्ड निशुल्क वितरण किए गए जिसमें मोहम्मद इसरार। रमेश चंद्र त्रिवेदी, रामखेलावन, संजय, जावरुन, छुटक्के, आजाद इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता सुशील त्रिवेदी मनोज गुप्ता आज तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा डॉ सुशील शुक्ला डॉक्टर मोहित वीर सिंह डॉक्टर आलोक सिंह डॉक्टर नमरा फार्मासिस्ट अमित श्रीवास्तव आदि तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# कलक्ट्रेट का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट में स्थित शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के साथ कलक्ट्रेट स्थित के कई विभागों का निरीक्षण किया। अभिलेखों के रखरखाव आदि की जानकारी ली। साफ सफाई व्यवस्था को और बनाए रखने के साथ ही अभिलेखों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। डीएम ने सोमवार को अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट के जनता दर्शन कक्ष, श्रम विभाग जिला पूर्ति कार्यालय, उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय एवं न्यायालय, संग्रह अनुभाग, भूलेख अनुभाग, सीलिंग अनुभाग, राजस्व अभिलेखागार, शिकायत अनुभाग, आपदा विभाग, संयुक्त कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयों में साफ-सफाई, अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुक, शिकायत पंजिका एवं शिकायतों का निस्तारण सहित आवश्यक पत्रावलियों को देखा। निरीक्षण के दौरान नाजिर मो. सलीम को कलेक्ट्रेट परिसर में समुचित मात्रा में अग्निशमन यंत्र लगाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी पटलों में निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पत्रावलियों का रखरखाव अच्छे से करें। साथ ही फाइल के ऊपर संबंधित पत्रावलियों का ब्योरा अवश्य लिखें। जिससे उन्हें ढूंढने में आसानी हो। उन्होंने विभिन्न पटलों पर कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों को उनके कार्य के प्रति कर्तव्यों का ईमानदारी से निष्ठापूर्ण निर्वहन करने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी/ नाजिर मो. सलीम सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# छतोह मे जयगुरुदेव का हुआ सत्संग

अवधनामा संवाददाता

**परशदेपुर,रायबरेली।** मानव प्रेम, सदाचार, आपसी सौहार्द तथा आत्मकल्याण का सन्देश सुनाते हुये पंकज जी महाराज 27अगस्त से जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा से 108 दिवसीय शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध, आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण यात्रा लेकर चल रहे हैं। कल सायंकाल 28वें पड़ाव पर छतोह ब्लाक के धनापुर गांव के महुआरी बाग में पधारे। बहुत बड़ी संख्या में भाई-बहन व बच्चे-बच्चियों ने ढोल नगाड़े, घुड़सवार व आतिशबाजी के साथ समस्त काफिला यात्रियों का पूरे मनोयोग व उल्लास के साथ स्वागत किया। आज यहां सत्संग समारोह का आयोजन हुआ।

अपना सत्संग संदेश सुनाते हुये संस्थाध्यक्ष ने कहा कि यह सत्संग है। कोई कथा कीर्तन नहीं। गाना बजाना नहीं। कोई किस्से कहानियां नहीं। यहां तो केवल प्रभु की भक्ति के लिये भाव यानि शौक पैदा किया जाता है कि यह मनुष्य शरीर परमात्मा का दिया हुआ वरदान है। इसी शरीर में दोनों आंखों के मध्य में प्रभु का अंश जीवात्मा (`वनस) बैठा है। और वह शरीर के इन दसों इन्द्रियों को संचालित करके हमारा जीवन चलाती है। उसी जीवात्मा में एक आंख है जिसे तीसरा नेत्र, ज्ञान चक्षु या शिव नेत्र कहते हैं। जिसके द्वारा मरने के पहले देवी देवता व अन्य ऊपरी मण्डलों के नजारे देखे जा सकते हैं और वेदवाणी, अनहद धुन या कलमा सुना जा सकता है। लेकिन इसके लिये किसी शब्द भेदी



गुरु की आवश्कता होती है जिसने सुरत शब्द की साधना के द्वारा अपनी जीवात्मा को जगा लिया हो और परमात्मा का दर्शन दीदार कर लिया हो। इसीलिये कहा गया है कि ''गुरु करै सो जानि कै, पानी पिये सो छानि कै।'' शब्द मार्गी गुरु न होवै, तो झूठी गुरुवाई लेवै।। शब्द कमावे सो गुरु पूरा, उन चरनन की हो जा धूरा।'' कलयुग में शब्द की महिमा है। इसी शब्द को महात्माओं ने नाम, धुन, आवाज या `वनदक कहा है। इसी शब्द की महिमा के बारे में महात्माओं ने कहा है कि ''शब्द बिना सुरत आंधरी, कहो कहां को जाय। राह न पावै मुक्ति का, पुनि-पुनि भटका खाय।'' इसलिये इस कलयुग में सबसे पहले प्रकट सन्त के रूप में कबीर साहब आये उन्होंने शब्द मार्ग का भेद जीवों को बताया। इसके बाद नानक जी, जगजीवन साहब, दादू दरिया, राजस्थान की मीराबाई, सहजोबाई आई इन सबने जीव जगाने हेतु इसी शब्द मार्ग का भेद उजागर किया। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने इसी देश में करोड़ों लोगों को यही नाम का दान देकर न जाने कितने लोगों को भव से पार किया। नानक जी ने कहा है ''नानक नाम जहाज है, चढ़ै सो उतरै पार।।''

# दबंगों के आगे उपजिलाधिकारी का आदेश बौना

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** दबंग प्रतिपक्षीगणों की सरहंगई के चलते पीड़ित दर-दर की खा रहा है ठोकरें जबकि उप जिलाधिकारी के निर्देशन पर मौके की जांच करने पहुंचे हल्का लेखपाल अमरजीत ने जमीन नापकर आवास बनाने हेतु निर्देश दिए फिर भी दबंग प्रतिपक्षीगणों की दबंगई के चलते पीड़ित है।

जिस कारण पीड़ित ने एक बार फिर उप जिलाधिकारी व न्यायप्रिय कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर आवास बनाए जाने की गुहार लगाई है बताते चले की उपजिलाधिकारी व कोतवाली प्रभारी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित अली रजा पुत्र फैज मोहम्मद निवासी पुरे फेरू मजरे दौतरा ने कहा है कि गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगण रामफेर पुत्र बद्री, ज्ञानेंद्र पुत्र रामफेर, रोहित पुत्र रामसनेही द्वारा गाटा संख्या 498 पर निर्माण कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। जबकि पीड़ित ने उपजिलाधिकारी महराजगंज को शिकायती पत्र देकर कहा है कि गाटा संख्या 498 व गाटा संख्या 499 का विवाद था जिसे उपजिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल को आदेशित करते हुए कहा था कि दौतरा गांव में जाकर गाटा संख्या 499 नाप कर अलग निशान देही कर दी जाए पीड़ित की गाटा संख्या 498 में 8 मीटर चौड़ा तथा 30 मीटर लंबा हल्का लेखपाल ने नाप कर दे भी दिया तथा निशान देही भी कर दी जिस पर पीड़ित भवन निर्माण कर रहा है प्रतिपक्षीगण आपत्ति कर रहे हैं जबकि हल्का लेखपाल द्वारा गाटा संख्या 498 व गाटा संख्या 499 की नाप कर अलग कर दिया गया है जबकि पीड़ित गाटा संख्या 498 पर लेखपाल की नाप के बाद निर्माण कार्य करना चाहता है लेकिन दबंग प्रतिपक्षीगण आमादा फौजदारी गाली गलौज मारपीट जान से मारने की धमकी दिया करते हैं मामले में उप जिलाधिकारी रजित राम गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर हल्का लेखपाल को गांव भेज कर जमीन का सीमांकन कराया गया है तथा पीड़ित को निर्माण कार्य करने की बात कही गई है मामले में चौकी इंचार्ज चंदापुर आशीष मलिक का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है उप जिलाधिकारी के निर्देश पर हल्का लेखपाल ने मौके पर जाकर नाप कर जमीन का सीमांकन कर दिया है। प्रतिपक्षीगण गलत विरोध कर रहे हैं जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के लाइसेंसी रिवाल्वर व नगदी के साथ दो गिरफ्तार



**सीतापुर।** रामकोट व शहर कोतवाली पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का रिवाल्वर व नगदी बरामद की है। कोतवाली नगर व थाना रामकोट की संयुक्त पुलिस टीम ने रामकोट थाना क्षेत्र के बिजौरा पुल के निकट छापेमारी की। इस दौरान पुलिस टीमों ने खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ईटारोर - पंचम लोध पुत्र स्वर्गीय ठाकुर लोध, देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर निवासी विमलेश भार्गव उर्फ पग्गू पुत्र मथुरा प्रसाद को गिरफ्तार किया। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि दोनों शातिर चोर हैं, दोनों के कब्जे से चोरी का एक रिवाल्वर, 26,000 रुपये नगदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि इन्हीं चोरों ने गत 6 जुलाई 23 की रात मोहल्ला पूर्णागिरि नगर से एक घर का ताला तोड़कर रिवाल्वर व नगदी चोरी की थी। इन अपराधियों की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

## अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामकोट थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान विद्याधर लोधी पुत्र राजबहादुर लोधी निवासी ग्राम पुरैना थाना पिसावां को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तंमचा मय कारतूस के बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## करंट से संविदा कर्मचारी झुलसा



**सीतापुर।** मछरेहटा थाना इलाके के महम्दा ग्रांव निवासी पप्पू पुत्र श्रीराम संदना क्षेत्र के सरवा पावर हाउस पर संविदा कर्मचारी है। वह ग्राम मिरकापुर के निकट लाइन दुरुस्त कर रहा था। इसी बीच वह करंट की चपेट में आ गया।

इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन सरवा पावर हाउस पहुंचे और बिजली सप्लाई रुकवाकर प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का आरोप था कि पप्पू सटडाउन लेकर काम कर रहा था। बावजूद इसके काम के दौरान बिजली चालू कर दी गई। जिससे पप्पू करंट की चपेट में आ गया। परिजन बिजली विभाग पर लावरवाही का आरोप लगा रहे थे। इधर पप्पू को लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। पुलिस ने समझाकर व कार्रवाई का भरोसा देकर परिजनों को शात किया। इधर एसडीओ शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि विभाग के जेई धर्मेन्द्र लखनऊ स्थित अस्पताल में घायल के साथ ही हैं। घटना की जांच की जा रही है।

# कुपोषण के कारण पाठशाला में बताएं



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा सोमवार को बाल विकास विभाग की सेवाओं स्वास्थ्य एवं पोषण के मुददे को लेकर पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पाठशाला आयोजन वेबकास्ट से किया गया। इसमें`कुपोषण का प्रकार, कारण एवं 6 माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवाओं पर जानकारी दी गई।

पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 रवीश कुमार शर्मा, डॉ अशोक कुमार रावत द्वारा कुपोषण का प्रकार, कारण एवं 6 माह से छोटे शिशु के लिए पोषण सेवाएं, बच्चों में सामान्यतः होने वाली बीमारियाँ एवं बीमारी के दौरान और बाद में की जाने वाली देखभाल के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा कुपोषण के बारे में बताया गया कि कुपोषण कई कारणों से होता है। जैसे कम मात्रा में भोजन करने से कुपोषण विकसित हो सकता है। कम आय वाले लोगों में भोजन की कमी बहुत आम बात है। भोजन के बारे में पर्याप्त जानकारी के अभाव में बच्चों में कुपोषण का प्रमुख कारण है। पढ़ाई पाठशाला कार्यक्रम में एनआईसी में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, खलीलुल्लाह, अनूप कुमार सिंह, शबीना फात्मा, संजय कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# कोटे की दुकान का चुनाव संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव ज्योना में कोटे की दुकान का चुनाव भारी पुलिस बाल की मौजूदगी में और ब्लॉक प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हो गया लेकिन विजेता रवि प्रजापति को कुल पड़े 414 वोटों में 413 मत मिले जब कि उनके प्रतिद्वंदी अवधेश कुमार यादव को महज एक वोट मिला आपको बता दें की ज्योना गांव में कोटेदार के चयन को लेकर भारी उत्सुकता थी क्योंकि यहां दो गुटों में आपस में काफी वय मनुष्यता थी दोनों पक्ष अपने-अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाए हुए थे क्योंकि इसी गांव में लाल बहादुर पाल की हत्या हो गई थी इसलिए पुलिस प्रशासन भी किसी संभावित उपद्रव को लेकर असंकित था यहां कोतवाल बालेंदु गौतम सुबह तड़के ही भारी पुलिस फोर्स लेकर पहुंच गए कोटेदार का चयन पंचायत भवन में होना था यह भी पता चला है, कि कोटेदार के चुनाव में गांव के प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू को मीटिंग की अध्यक्षता करनी लेकिन वह नजर नहीं आए मौके पर पहुंचे ब्लॉक से एडीओ आईएसबी धनेंद्र कुमार सिंह एडीओ पंचायत शिखर शुक्ला ग्राम पंचायत अधिकारी आदित्य कुमार ने वरिष्ठ सदस्य रामखेलावन यादव को मीटिंग का सभापति घोषित किया इसके बाद जब चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई तो एक गुट की ओर से रवि प्रजापति ने पर्चा भरा तो वहीं समय सीमा समाप्त होने से पहले अवधेश कुमार यादव ने भी नामांकन कर दिया इसलिए अधिकारियों को गुप्त मतदान के द्वारा चुनाव कराना पड़ा कुल मौजूद 414 लोगों ने अपने मत डाले बाद में जब गिनती हुई तो पता चला 413 वोट रवि प्रजापति को मिले वहीं उनके विरुद्ध नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव को महज एक ही मत प्राप्त हुआ इस प्रकार रवि प्रजापति भारी बहुमत से ज्योना के कोटेदार चुन लिए गए।

## ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति में हुआ कोटे का चयन

कोटेदार चयन प्रक्रिया से प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू दूर रहे वहीं प्रधान ने उप जिला अधिकारी व बीडीओ को एक पत्र देकर कोटेदार चयन प्रक्रिया को टालने की मांग की थी लेकिन महज एक ही दिन पहले यह पत्र दिए जाने से अधिकारी भी चकित रह गए लेकिन अधिकारी कोई निर्णय नहीं ले पाए और मौके पर पहुंचकर कोटेदार चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी प्रधान ने अपने पत्र में शनिवार को हुए लाल बहादुर पाल हत्याकांड का हवाला देते हुए कहा था की गांव में तनाव का माहौल है, इसलिए मतदान प्रक्रिया आज न कराई जाए जिसे टाल दिया जाए लेकिन अधिकारी नहीं माने।

# चिकित्सक हत्याकांड पर कांग्रेस हुई मुखर, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

- लूट हत्या बलात्कार की घटनाएं योगी सरकार मे आम बात,
- योगी सरकार में है गुंडे माफियाओं का राज: अभिषेक सिंह राणा



**सुल्तानपुर।** चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई। प्रदेश महासचिव एवं जोनल प्रभारी विवेकानंद पाठक, प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा की मौजूदगी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय से निकलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, डीएम ऑफिस के सामने घंटों बैठकर कांग्रेसियों ने रघुपति राघव राजा राम का पाठ किया, तत्पश्चात जिलाधिकारी जसजीत कौर के प्रतिनिधि के रूप पर पहुंचे प्रशासन एडीएम प्रशासन पंकज सिंह के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने के लिए पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम सदर को कांग्रेसियों ने ज्ञापन देने से इनकार कर दिया और डीएम के आने की जिद पर अड़े रहे, तत्पश्चात डीएम के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे प्रशासन एडीएम पंकज सिंह को कांग्रेसियों ने ज्ञापन देकर त्वरित कार्रवाई मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि घटना में सम्मिलित हत्यारोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट कोर्ट में मुकदमा चला कर त्वरित कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार की सुरक्षा हेतु सशस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किया जाए। क्रय की गई जमीन पर पीड़ित परिवार को तत्काल कब्जा कराया जाए। मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, पीड़ित परिवार को एक करोड की आर्थिक मदद व हत्यारों पर बुलडोजर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इन्हीं मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश महासचिव जोनल प्रभारी विवेकानंद पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है प्रदेश की योगी सरकार में लॉ एंड आर्डर ध्वस्त हो चुका है हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं प्रदेश की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है, कानून का राज कायम करने में प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह से नाकाम है, दिनदहाड़े लूट हत्या बलात्कार जैसी घटनाएं होना आम बात हो गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि योगी सरकार गुंडे और माफियाओं का राज है, जिस तरह चिकित्सक डा घनश्याम तिवारी के निर्मम हत्या की गई इससे साफ जाहिर है की योगी सरकार में सिर्फ गुंडे माफियाओं का राज कायम है। वहीं उन्होंने कहा कि चिकित्सक डा, घनश्याम तिवारी के परिवार वालों के साथ कांग्रेस कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है उन्हें न्याय दिलाने कांग्रेस खड़ी है।

# ललितपुर नगर में पूरी भव्यता के साथ मनाया गया जलविहार उत्सव

- मंदिरों में सुबह से लगी रही भक्तों की भीड़
- नगर के प्रत्येक मंदिर से निकले भगवान जी के विमान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सनातन धर्म की प्राचीन परम्पराओं के अनुसार जलविहार पर्व आज जनपद में अगाध श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में विमानों की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई तथा सुम्मेरा तालाब पर श्रीजी का जलाभिषेक किया गया।

गौरतलब है कि इस वर्ष सुम्मेरा तालाब को जिला प्रशासन व नगर पालिका परिषद ने अत्याधुनिक व आकर्षक तरीके से सजाया था। फलस्वरूप घाटों पर इस बार के जल बिहार ऐतिहासिकता बिखेरता गया। नौकाओं में श्रीजी को सवार कर जल बिहार कराया गया। विमानों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। जल विहार पर्व को लेकर आज सुबह से ही सभी देवालयों में धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए थे। प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा के अनुसार अपरांह मोहल्ला चौबयाना स्थित श्रीरघुनाथजी बड़ा मन्दिर से सबसे पहले विमानों की शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा के शुरू होते ही आसपास स्थित देवालयों के विमान भी इस शोभा यात्रा में शामिल हो गए। तत्पश्चात रावरपुरा, महावरीपुरा, घंटाघर, सावरकर चौक पर अन्य देवालयों से आये विमानों का मिलन हुआ। रावरपुरा में विमानों का सम्मलिन होने के पश्चात इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा ने वृहद रूप धारण कर लिया। गाजे बाजे व शंख झालरों की झनकारों से गुंजायमान इस शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं का भक्तिभाव देखते ही बनता था। शोभायात्रा में जहां शामिल हजारों श्रद्धालु विमानों में आरुढ़ भगवान को अपने कंधे पर उठाने को आतुर थे। वहीं जुलूस मार्ग के किनारे खड़े हजारों श्रद्धालू विमानों पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। बताया जाता है कि श्रीजी के विमानों को कंधा देने से मनुष्य पापों व कष्टें से मुक्त हो जाता है। इसलिए आज शोभा यात्रा में विमानों को कंधा देने की होड़ मची हुई थी। पूरा नगर भगवान के जय-जय कारों से गुंजायमान था। चारों तरफ धर्म की ब्यार बिखरी हुई थी। विमानों की शोभायात्रा घंटाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा होती हुई सुम्मेरा तालाब पहुंची। सुम्मेरा तालाब में विमानों के बिहार कराने की परम्परा काफी प्राचीन है। तालाब के घाटों पर गंगाजल से श्रीजी के अभिषेक किया गया। सुम्मेरा तालाब के सभी घाट व देवालय श्रद्धालुओं से पटे पड़े थे। कहीं भी तिल रखने को जगह नहीं थी। जल बिहार कार्यक्रम शंख झालर घड़ियालों की टंकार के मध्य सम्पन्न हुआ। जहां एक तरफ घाटों पर बैठे श्रद्धालु भगवान की प्रशंसा में धार्मिक गीत गा रहे थे वहीं मंत्रोच्चार का दौर भी चल रहा था। जल बिहार के पश्चात भगवान को नौकाओं के द्वारा वापस घाटों पर लाये गये। नृसिंह मन्दिर रामलीला मैदान में सभी विमानों की शोभायात्रा सजायी गयी।

## एक व्यक्ति तमंचा सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली सदर पुलिस द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त इन्तजार अली पुत्र अख्तयार अली निवासी गढी अब्दुल मजीद खाँ कोतवाली सदर को पानी की टंकी के नीचे पटेल पार्क के पास से अवैध तमंचा व एक कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है द्य पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि एक राह चलते व्यक्ति से खरीद लिया था जिसका नाम व पता मुझे मालूम नही हैं द्यतमंचा व कारतूस रखने पर पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि तमंचे व कारतूस के लाइसेन्स के बारे में पूछा तो न दिखाने पर गलती की मांफी मागते हुए कहा कि अपने शौक के लिए तमंचा व कारतूस अपने पास रखता हूँ। तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया हैं जुर्म की माफी मांगते हुए चुप हो गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल की जयंती सादगी के साथ 399 शक्ति केंद्रों पर मनाई

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** महामंत्री अमृत कुमार वर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता, जिला प्रभारी अशोक सिंह जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र सहित नेताओ ने पंडित दीनदयाल को अत्योदय का प्रेरता, प्रखर राष्ट्रवादी और विचारक बताया। इसी क्रम में साऊँघाट मण्डल के हथियागढ़ शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री व गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी अनूप गुप्ता ने पंडित दीनदयाल मूर्ति पर माल्यार्पण कर अंत्योदय के अभिप्राय को लोगो के बीच में रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने किया।

मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं एकात्म मानववाद दर्शन को आत्मसात कर उससे प्रेरणा लेने की सीख दी तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने हेतु कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। श्रद्धांजलि अर्पित हुए कहाँ पंडित दीनदयाल के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार कार्य कर रही है। पंडित दीनदयाल जी ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय का अर्थ होता है कि हम समाज में सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करें। दीनदयाल कहते थे कि कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सकता। हमें भारतीय राष्ट्रवाद, हिंदू राष्ट्रवाद और भारतीय संस्कृति को समझना होगा। दीनदयाल के इस विचार की वजह से ही उनकी जयंती 25 सितंबर को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाते हैं। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए गरीब व असहाय लोगों के लिए कई योजनाएं लागू है। इस मौके पर जिला प्रभारी अशोक सिंह, अनूप खरे, प्रमोद पाण्डेय, अखिलेश शुक्ल, रोली सिंह, नागेश्वर सिंह, इन्द्रजीत चौहान, राम चरन चौधरी, कार्यक्रम संयोजक विद्यामानी सिंह, जगदीश शुक्ल, अखण्ड प्रताप सिंह, इंद्रेश मिश्र, रिंकू तिवारी, दुष्यंत सिंह, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## प्रभारी निरीक्षक के प्रयासों से कोतवाली परिसर में ही रचाई शादी



बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। प्रदेश सरकार के प्रयासों से थाना कोतवाली जहां अपराधियों के लिए भयावह दिखाई देती है तो वहीं अच्छे कार्य में भी इनका योगदान किसी समाजसेवी से कम नहीं है यही कारण है जनपद बलरामपुर में कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह के प्रयासों से दो परिवार जहां कुछ घंटे पहले एक दूसरे से निपटा लेने और मुकदमा तथा एक दूसरे की जान लेने की नौबत आ गई थी यहां तक की लड़की पक्ष वालों ने तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत भी करवा दिया था इसके बाद भी प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने दोनों परिवारों को समझा बुझा कर लड़के और लड़की के बीच ऐसी स्थिति बना दी की चार घंटे बाद बिना किसी तैयारी के कोतवाली में स्थित मंदिर में एक दूसरे को माला पहनाकर एक दूजे के हो गए इस बीच इस शादी के बाराती पुलिस और पत्रकार बने और उन्होंने इस युगल जोड़ी को आशीर्वाद दिया इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास जनता में आपसी भाईचारा और अपराध मुक्त समाज का निर्माण कराना है उसी कड़ी में यह भी एक छोटा सा प्रयास था दोनों परिवारों में समंजन बना रहे लड़का लड़की खुश रहे यही हमारा प्रयास है युक्त अवसर पर कोतवाली नगर के सिपाही उपनिरीक्षक के साथ पत्रकार अजीत शुक्ला बृजेश चौहान अधिवक्ता अजीत शुक्ला व लड़की और लड़के के माता-पिता आदि लोग मौजूद रहे।

# साध्वी निरंजन के प्रयास से गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग के जल्द बहुरेंगे दिन

- केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रदेश के वित्त मंत्री से मिलकर धन अवमुक्त किए जाने का किया आग्रह

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** लगभग एक दशक से ज्यादा समय से जर्जर चल रहे गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग को बनवाये जाने की मांग पर जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पहल शुरू कर दी है। उन्होने प्रदेश के वित्त मंत्री से मुलाकात कर इस मार्ग के निर्माण के लिए धन अवमुक्त किए जाने का आग्रह किया है। अब जल्द ही इस मार्ग के दिन बहुरेंगे।

यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से भेंट की। जनपद की लगभग एक दशक से ज्यादा से खराब गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग के लिए धन अवमुक्त करने का आग्रह किया। केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी ने बताया कि इस मार्ग का प्राक्कलन सभी जगह से स्वीकृत होते हुए मंत्रालय में स्वीकृति हेतु आ गया है। यह मार्ग लगभग 500 गांव को लाभ देने वाला मार्ग है। जो आज बड़ी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इस पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने केंद्रीय राज्यमंत्री को पूर्णतः आश्वस्त किया कि अति शीघ्र इस निर्माण हेतु धन अवमुक्त किया जायेगा। सुरेश खन्ना से मिलने के उपरांत केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, प्रमुख सचिव वित्त समेत प्रदेश स्तर के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ गेस्ट हाउस लखनऊ में बैठक की। बैठक में जनपद की सभी मार्गो को गड्ढा मुक्त करने स्वीकृत सभी मार्गों पर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## एनएसएस डे पर गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति का हुआ सम्मान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** 54वे राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस के अवसर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन जी को बीबीडी विश्वविद्यालय लखनऊ के स्वयंसेवीयो एवं युवा साहित्यकारों द्वारा युवा कवि एवं साहित्यकार मिन्नत गोरखपुर के नेतृत्व में स्मृति चिन्ह भेंट करके एवं दुशाला ओढ़ करके सम्मानित किया गया। स्वयंसेवीयो को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं अगर वह पढ़ाई के साथ-साथ समाजसेवा भी कर रहे हैं और सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं तो यकीनन इसकी सराहना की जानी चाहिए। क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है। आशिया खातून ने अपना कीमती समय देने के लिए सभी एनएसएस वालंटियर की तरफ से कुलपति महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आशिया खातून, दिव्या मालवीय, अरमान अंसारी, नितेश यादव, आयुष श्रीवास्तव, आदर्श गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पूर्वांचल में डेंगू के नए स्ट्रेन, डेन्व-2 का प्रकोप

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** पूर्वांचल के कई जिलों में डेंगू के नए स्ट्रेन ने दस्तक दी है। इससे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस) बीएचयू के वैज्ञानिक चिंतित हैं। नए सिरे से अध्ययन में जुटे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, पहले चरण का अध्ययन जनवरी 2023 तक चला है। इसमें डेंगू के नए स्ट्रेन डेन्व-2 की पहचान की गई है। बुखार से परेशान 20 लोगों में नया स्ट्रेन मिला है। अब दूसरे चरण का अध्ययन आगे बढ़ाया जा रहा है। कोरोना की तरह डेंगू का नया स्ट्रेन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम करता है। डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरों में अधिक मरीज मिले हैं। अस्पतालों की ओपीडी, वार्डों, पैथालॉजी काउंटर पर भीड़ दिख रही है। डेंगू वार्ड फुल है। अब पीड़ितों को दूसरे वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। तमाम लोग ऐसे मिले, जो दोबारा डेंगू की चपेट में आ गए। डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि डेंगू के डेन्व-2 ने संक्रमण डबल अटैक किया है। बीएचयू के मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष प्रो. धीरज किशोर का कहना है कि डेंगू के चार स्ट्रेन हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किए कई कार्यक्रम



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** जिला गंगा समिति के तहत बिलंदा स्थित ओपी यादव इंटर कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता संगोष्ठी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी ने स्वच्छता गोष्ठी में बच्चों के साथ वार्तालाप करके साफसफाई पर चर्चा की। नदियों व अपने आसपास सफाई रखने के लिए बताया। साथ में उपस्थित प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह यादव द्वारा अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध साफ सुथरा रखने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर कॉलेज के अध्यापक अखिलेश श्रीवास्तव, राम सूरत मौर्य, मुलायम सिंह यादव, चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा, मोहम्मद माहरूफ, रोहित यादव, स्पेयर हेड टीम के लीडर रामू मिश्रा, राम प्रकाश सहित विद्यालय स्टाफउपस्थित रहा।

## डीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पोषण अभियान के कार्यों के नियोजन, क्रियान्वयन, निगरानी, अनुश्रवण एवं मूल्याकंन हेतु जनपद स्तर पर गठित समिति की बैठक दि. 26 सितम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से समय से बैठक में प्रतिभाग करने को कहा है।

# मूकबधिर विद्यालय में मनाया पं. उपाध्याय जी का जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** शहर के खंभापुर स्थित श्री कृष्ण आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संचालित मूकबधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग आवासीय विद्यालय में सोमवार को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का 107 वॉ जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जहां श्रद्धासुमन अर्पित किए वहीं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रभारी बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसीन डा. वकील अहमद ने दीप प्रज्जवलित कर व मॉ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कहा कि दीन दयाल जी कहते थे कि जब तक हम समाज के गरीब-से-गरीब व्यक्ति तक विकास नही पहुंचाते, तब तक देश की स्वतंत्रता का कोई अर्थ नही। उनकी प्रेरणा से अनेकों राष्ट्रभक्तों ने जीवन के सभी सुखों को त्याग, देश सेवा के लिये अपना जीवन समर्पित किया। प्रबंधक सीताराम यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके दर्शन से प्रेरित होकर संस्था द्वारा अंतिम पायदान तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत दिव्यांगों के कल्याणार्थ प्रयास किये जा रहे है। संस्था ने 48 दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किए। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी सुमन देवी, सर्वेश कुमार, अंशुमान सिंह पटेल, चंचल विश्वेन्द्र सिंह, मनीष सिंह यादव, राजकरन, अनुज कुमार, आशा देवी, आरती व सम्पत सहित विद्यालय के छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे।

## अग्रहरि समाज की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** अग्रहरि समाज की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शहर के आईटीआई रोड स्थित पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्त के आवास पर आयोजित हुआ। जिसमें नवमनोनीत कार्यकारिणी के साथ-साथ संरक्षक मंडल के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं अग्रहरि समाज के संरक्षक राधेश्याम गुप्त ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री कुल भास्कर अग्रहरि ने हिस्सा लिया। जिले के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष अमृतलाल अग्रहरि एवं प्रेमचंद्र अग्रहरि भी उपस्थित रहे। साथ ही नगर संरक्षक राजेश कुमार गुप्त व ओम प्रकाश गुप्त, वेद प्रकाश गुप्त के संरक्षता में जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणपति बप्पा व पं. दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलन किया। तत्पश्चात कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार गुप्ता, जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री अनीत कुमार अग्रहरि, जिला कोषाध्यक्ष विमल गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष नीता गुप्ता, महामंत्री मोनी गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोदिनी गुप्ता, नगर अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता, महामंत्री रितेश गुप्ता शोल्डी, महामंत्री अवनीश गुप्ता मोंटी, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता रिंकू, युवा जिलाध्यक्ष आयुष अग्रहरि, उपाध्यक्ष शिवम अग्रहरि, महामंत्री अभिषेक, जिला कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## सभी कार्यदायी संस्थाएं समय से कार्य करें

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मण्डल में 50 लाख रूपये से अधिक लागत की कुल 309 परियोजनाए निर्माणाधीन है। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय से उसको पूरा कराने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाए इस आशय का प्रमाण पत्र दें कि उनके पास 50 लाख रूपये से अधिक लागत की कोई अन्य परियोजना निर्माणाधीन नही है। उल्लेखनीय है कि मण्डलायुक्त की पहली बैठक में कुल 250 परियोजनाए चिन्हित थी, जो अब बढकर 309 हो गयी है। बस्ती में 82, संतकबीर नगर में 91 तथा सिद्धार्थनगर में 136 परियोजनाए संचालित है, इसमें से 39 परियोजनाए पूर्ण हुयी है। उन्होने समीक्षा में पाया कि 19 परियोजनाए अनारम्भ है, इसके संबंध में उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि समीक्षा करके समस्या को दूर कराये तथा सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू कराये।

## सीएमओ ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 26 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों से अद्यावधिक सूचनाओं सहित समय से बैठक में प्रतिभाग करने को कहा है।

## पीएम मोदी दे सकते हैं बड़ी सौगात

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** आरवीएनएल के पीईडी (प्रिंसिपल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर) कमल नयन एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चंद्रा ने सोनवल-गाजीपुर सिटी व घाट स्टेशन बिछाई जा रही नई रेल लाइन का औचक निरीक्षण किया। इन दोनो अधिकारियों के अचानक पहुंचने से कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

मोटो ट्राली से घाट स्टेशन को जाने वाली सात किमी लंबी नई रेल लाइन के कार्यो को देखा। ट्रैक लिंकिंग कार्य पूरा न होने पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि किसी भी हाल में नवंबर तक दूसरे चरण की इस लाइन के सभी काम पूरा कर लिया जाए। रेल मंत्रालय की प्लानिंग चल रही है कि दिसम्बर माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों इसका लोकार्पण कराया जाए। उन्होंने मातहतों को चेताया कि इसको लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का भी सख्त निर्देश है कि पहले चरण की 9.600 किमी लंबी सोनवल से सिटी व सोनवल से घाट तक करीब सात किमी लंबी नई रेल लाइन का कार्य समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसम्बर को पड़ने वाली जयंती पर इसका लोकार्पण हो सकता है। इसके लिए मशीनें, मजदूरों, इंजीनियरों की संख्या बढ़ाकर दिन-रात दो शिफ्ट में काम किया जाए। इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके उपरांत पीईडी ने आरवीएनएल ने अतिथि गृह में समीक्षा बैठक कर परियोजना के बाबत घाट स्थित निर्माणाधीन स्टेशन, प्लेटफार्म, यात्री शेड, एफओबी, लाइटिंग, पेयजल, यूनिरल बूथ महिला/पुरूष, पैनल रूम, रिले कक्ष, लोकेशन बाक्स, सिग्नलिंग आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। आरवीएनएल के ज्वाइंट जनरल मैनेजर आशुतोष शुक्ला, पीडी जीवेश ठाकुर, डिप्टी मैनेजर रितेश कुमार सिंह, अजय राय, रिद्दीमान भौमिक, अश्वनी कुमार, गौतम सरकार, डीपीएम सुनील सिंह आदि रहे।

# पोषाहार का हर महीने उठान, गर्भवती, नौनिहालों को नहीं हो रहा नसीब, विभागीय अधिकारी कर रहे बंदर बांट

अवधनामा संवाददाता



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** प्रदेश के मुखिया लगातार नौनिहाल बच्चों व गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को मददे नजर रखते हुए। प्रति माह पोषाहार वितरण करने के निर्देश दिए हैं। लेकिन बाल पुष्टाहार विभाग के अधिकारी इस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। पोषाहार खुले बाजारों में बिकने के लिए जा रहा है।

बीते पूर्व माह शहर के मुख्य बाजार में विकासखंड राजेपुर से पोषाहार डायरेक्ट उठकर लिजीगंज मार्केट में टेंपो से लादकर ले गया था। जिसका वीडियो वायरल होने पर तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित टेंपो चालक पर भी कार्रवाई की गई थी। जनपद के विकासखंड राजेपुर के गांव मोकुलपुर और चिड़िया महोलिया के ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी ब समूह विभाग के अधिकारी से मिलकर पोषाहार में गोलमाल कर रहे हैं। इस कारण नौनिहाल बच्चों व गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है द्य दिव्यांश पुत्री सरल उम्र दो वर्ष अनन्या सुहानी नित्य पिंकी वंश सीता शोभा रामलली नीति गुड्डी सत्यम विनय सोहन अनुराग राहुल आदि ने बताया है कि यहां लगभग 5 महीने से पोषाहार का वितरण नहीं किया गया है केवल टीकाकरण हो जाता है लेकिन पोषाहार का वितरण नहीं किया गया द्य जबकि स्वयं सहायता समूह मां गमा देवी की अध्यक्ष पिंकी से बात कि तो बताया कि इस माह के पोषाहार का उठान कर लिया। लेकिन कार्यालय पर बैठे अधिकारियों ने कह कर मुझसे राशन कार्यालय पर ही दिलवा दिया। कार्यालय के अधिकारियों ने मुझसे कहा कि केवल आपका राशन उठाने का काम है वह उठा लिया है अब इनको रिसीव कर दीजिए आंगनबाड़ी वितरण करें या ना करें इसकी जिम्मेदार आप नहीं हो। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धनीराम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे गांव में 4 माह से राशन वितरण नहीं किया गया है और मुझे आंगनवाड़ी सुषमा देवी राशन वितरण की कोई जानकारी भी नहीं देती हैं प्रधान का कहना है की प्रति माह आने वाला राशन की मात्रा 500 ग्राम दाल-27 पैकेट, 1 किलो दाल- 65पैकेट, 1 किलो दलियाः 65पैकेट, 500 ग्राम दलिया, 47 पैकेट, तेल, 65 पैकेट मिलता है।

## कांग्रेस के अधिनायकवाद के खिलाफ आवाज बुलन्द दीनदयाल ने किया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सभी शक्तिकेंद्रों पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि तथा उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा कर मनाया। इसी के तहत दीनदयाल उपाध्याय शक्तिकेंद्र न्यू कालोनी के पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर मनाया। इस दौरान सांसद डा.रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय एक व्यक्ति नही विचार थे।वे एक ऐसे दार्शनिक थे जिनका उस समय का दिया अन्त्योदय का विचार आज मोदी सरकार के कार्य करने का मंत्र है।दीनदयाल उपाध्याय ने साथ के दशक में कांग्रेस के चल रहे अधिनायकवाद के खिलाफ आवाज बुलन्द किया और गैर कांग्रेसवाद के का रास्ता जनसंघ के रूप में खोला।यहा से चला जनसंघ आज भाजपा के रूप में उनके विचारों,उनके सपने को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरा कर रहा है। सदर विधायक डॉ.शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी पण्डित जी का दिया एकात्ममानववाद का विचार आज पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर रहा है।उनके इन विचारों को दुनिया के देश अपनाकर अपने देश का विकास कर रहे है। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज के इस अवसर रुप हम सभी की दीनदयाल जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके विचारों को अपने मे आत्मसात करें, उस पर चले।

## सूचना

थाना मोहाना सि0नगर के मु0आ0सं0 273/22 धारा147/323/504/506 7 Pc से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज यादव पुत्र अदालत राजेन्द्र पुत्र इशाचरन नि0 पनेरा Ps मोहाना सि0 नगर बांधित चल रहे हैं इनके विरुद्ध मा0 न्यायालय से NBW दि0 03-01-2023 को इनके बिरुद्ध 8202 का आदेश दि0-31-07-2023को निर्गत है। उक्त अभि0 गण फरार चल रहे हैं एवं मा0 न्यायालय का पालन नहीं कर रहे है। यदि यह मा0-न्यायालय में समर्पण नहीं करेगें तो अग्रिम विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जायेगी।

सीयूजी नंबर-9454404235
थाना अध्यक्ष मोहाना
सिद्धार्थनगर

# दिसंबर तक पूरा हो जाएगा अयोध्या में रामपथ का निर्माण

जयप्रकाश गुप्ता



○ अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनने से पहले बन जाएगा रामपथ

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य अयोध्या को दुनिया की सुंदरतम नगरी बनाना है। इसके अनुरूप जल्द ही अयोध्या का स्वरूप बदला नजर आएगा। सनातन धर्म के केंद्र बिंदु अयोध्या में पर्यटन, संस्कृति व धार्मिक रूप से तेज गति से सुनियोजित विकास किया जा रहा है। हर कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा हैं। 500 वर्षों के इंतजार के बाद जनवरी माह में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके पहले अयोध्या में बन रहे भव्य रामपथ का भी तेजी से निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। अधिशासी अभियंता ध्रुव अग्रवाल ने बताया कि निर्माण का कार्य पूरा होते ही एक अद्भुत सा नजारा रामपथ रोड का देखने को मिलेगा। रामपथ कई रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग करता दिखेगा। रोड के अगल-बगल पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे जो लोगों को अयोध्या के त्रेता युग का आभास आभास कराएंगे। उन्होंने बताया कि रामपथ के निर्माण में अंडर ग्राउंड की जितनी भी एक्टिविटीज थी वह लगभग पूरा हो चुकी है। जैसे कि सीवर की लाइन, वॉटर ट्रीटमेंट लाइन, वाटर डिस्ट्रीब्यूशन की लाइन, यह काम लगभग पूरा हो चुका है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि तीन किलोमीटर तक डामर रोड का काम कर लिया गया हैं। सहादतगंज में जीरो से लेकर 700 मीटर तक रोड का काम लगभग पूरा हो चुका हैं। रोड के दोनों तरफ कुल मिलाकर एक किलोमीटर। वहीं नया घाट की तरफ दोनों ओर मिलाकर 550-550 मीटर पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि तीसरा पॉइंट उदया पब्लिक से है, वहां उदया पब्लिक से लेकर के आगे तक लगभग 900 मीटर का काम पूरा कर लिया गया है। रोड के दोनों तरफ मिलाकर एक किलोमीटर। मतलब यह की कुल मिलाकर लगभग तीन किलोमीटर राम पथ बनकर तैयार हो चुका हैं। राम पथ का रोड का निर्माण कार्य पहले फेज वन में नया घाट से लेकर उदया पब्लिक तक व सहादतगंज से पोस्ट ऑफिस तक दीपोत्सव से पहले कंप्लीट हो जाएगा।

## डीएम में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट के पास निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि इसको निर्धारित समय के अन्तर्गत गुणवत्ता बनाए रखते हुये पूरा किया जाए, जिसमें 85 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। इसके बनने से लगभग 282 कार की पार्किंग की व्यवस्था के अलावा पार्किंग के बाहर तथा अंदर मोटर साइकिलों के पार्किंग के व्यापक व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने पार्किंग स्थल पर रेलिंग, टाय्लेट, सीढ़ियों के पास रेलिंग तथा पानी को बाहर निकलने के लिए आवश्यक निकास बनाने का निर्देश दिया। मल्टीलेबल पार्किंग पर बैठने के लिए कुर्सी तथा डिजाइन के अनुसार टाइल्स, साफ सफाई आदि की बेहतर व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पार्किंग स्थल बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान पर है इसमें सरकारी विभागों के साथ साथ अधिवक्तागणों, विशिष्ट व्यक्तियों के पार्किंग की व्यवस्था होगी जो आम लोगों के लिए भी सुविधादायक होगी। इसको बेहतर ढंग से बनाने हेतु सम्बंधित अभियन्ता एवं कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया। मौके पर कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि अभियंता गण उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद में एक पक्ष ने की फायरिंग, दो महिला समेत 6 लोग घायल

**फतेहपुर बाराबंकी।** कुर्सी थाना क्षेत्र में सड़क पर ईट रखने को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ गया कि बंदूको से फायरिंग शुरू हो गई। घटना में दो महिला और करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वही तीन लोगो को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लोहराहार गांव में यूनुस नाम के ब्यक्ति द्वारा सड़क पर ईट रखने पर गांव के ही निवासी हसीब ने मना किया तो विवाद खड़ा हो गया। इस दौरान गांव से हसीब के दूध का टैंकर जा रहा था लेकिन वह ब्यक्ति नही माना तो दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। देखते देखते ही वह खूनी संघर्ष में बदल गया। हसीब के द्वारा मना करने के बाद हुए विवाद पर यूनुस अपनी लाइसेंसी बंदूक से उसके परिवार पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमे हसीब समेत परिवार के ही 6 लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

## दबंग ने किया सड़क पर कब्जा ग्रामीणों ने की शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** दबंग की दबंगई से ग्रामवासी परेशान आने जाने के रास्ते पर दबंग ने किया कब्जा कोर्ट के आदेशों का भी पालन नहीं कर पा रही प्रशासन मामला थाना महाराजगंज के अंतर्गत ग्राम सभा बकुआपुर में ग्रामीणों के आने जाने के मार्ग को दबंग ने कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने समाधान दिवस में भी किया है। आपको बताते चले की मामला ग्राम सभा बकुआपुर गाटा संख्या 529 पर स्थित चकरोट पर मुख्य मार्ग से केदार नाथ चौहान आदि के घर तक पूर्व के वर्षों में मिट्टी पटाकर खड़ंजा लगवाया गया था परन्तु बाद में रामकरन पुत्र भुल्लुर यादव के द्वारा खड़ंजा उखड़वाकर फेंक दिया गया जिस पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश 28 सितंबर 2012 में क्षतिग्रस्त खडंजे को पुनः लगाने का आदेश पारित किया गया। 28 सितंबर 2012 के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी से सम्बन्धित नायब, तहसीलदार एवं लेखपाल कानूनगों के मौजूदगी के आदेश तथा खंड विकास अधिकारी के आदेश में खड़जा लगवाने के लिए आदेशित किया गया है तथा ग्राम पंचायत अधिकारी के कहने पर स्थल पर ईट गिरा दिया गया है। परंतु प्रशासन एवं राजस्व विभाग का आश्वासन मिलता रहा लेकिन अभी तक कार्य स्थल पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। शिकायत करने वाले ग्रामवासियों में रामनरेश चौहान दयाराम चौहान रामनाथ चौहान अमृतलाल अमर सिंह रंजीत चौहान राजबहादुर चौहान राम सुरेश चौहान जीतू चौहान आदि शामिल रहे।

## शत प्रतिशत आयुष्मान आच्छादन सामाजिक दायित्व भी है: जिलाधिकारी

**हरदोई।** जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य लगातार जारी है। 25 सितम्बर सोमवार को 5 बजे तक जनपद शीर्ष जनपदों के बीच बना हुआ है। सोमवार को जनपद में कुल 3938 आवेदन किये गए। जिसमे से 3467 आवेदन स्वीकृत हुए। दोनों ही मामलों में जनपद लगातार शीर्ष जनपदों में बना हुआ है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के लिए लागातार प्रयास किये जा रहे हैं। उनके द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठके की जा रही हैं। प्रशासनिक मशीनरी लगातार नई ऊर्जा के साथ आयुष्मान भव अभियान को सफल बनाने में लगी है। वहीं दूसरी ओर लोगों को जागरूक करने का भी कार्य भी किया जा रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीन दयाल की जयंती मनाई



**नौतनवा, (महराजगंज)।** कोल्हुई क्षेत्र के अन्तर्गत धरैचा ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। उन्होंने समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए जीवन भर कार्य किया। वह बहुत ही सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत करते थे। उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की तथा उसके माध्यम से पूरे देश में अपने विचारों का प्रचार प्रसार करते हुए एकात्म मानववाद के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया। श्री सिंह ने कहा कि पंडित जी एक राष्ट्रवादी, समाज के शोषितों वंचितों के नेता थे। वह समाज के हर तबके की रहनुमाई की बात करते थे। उन्होंने कहा कि जो अन्त्योदय का उनका विचार था वह भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के बाद सरकार अन्तिम व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने का कार्य किया जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी इसी विचारो को लेकर काम किया जा रहा है। जिसमें सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे के साथ आगे बढ़ रही है।आज हमारे देश का नाम विश्व में बड़े आदर के साथ लिया जाता है। इसलिए हम सबको पंडित जी के विचारों को स्थापित करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी 2024 मे भी जरूरी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय ने व संचालन मधुर सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मधुर सिंह, नीरज गोंड प्रधान प्रतिनिधि धरैचा , ओम प्रकाश त्रिपाठी, वसंत, चंदू सिंह, रमेश सिंह, अटल, उदयराज प्रमुख, शान्तविजय आदि उपस्थित रहे।

## स्वर्गीय श्यामकाली यादव की मनाई गई पुण्यतिथि

○ मेधावी छात्रों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** राजनीति के जिस मुकाम पर हूं वह मेरे पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव व माता श्यामकली यादव की देन वक्त बातें पूर्व मंत्री और विधायक आनंद सेन यादव ने कही। श्यामकली बालिका इंटर कॉलेज आनंद नगर भिटारी में स्वर्गीय श्यामकाली यादव की पुण्यतिथि आयोजित की गई।

माता स्वर्गीय श्यामकली यादव की 14 वीं पुण्यतिथि माताजी के संघर्षो को याद कर भावुक हो गए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव। कहा पिताजी की राजनीति में माता जी का रहा अहम योगदान मेधावी छात्रों को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित। राजनीति के जिस मुकाम पर हूं वह मेरी माता स्वर्गीय श्यामकली यादव और पिता स्वर्गीय मित्रसेन यादव की देन है।

उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर पूरे जीवन गरीबों, मजदूरों , किसानों तथा शोषित पीड़ित समाज की सेवा करता रहूंगा। इसके लिए पसीना नहीं यदि खून बहाने की जरूरत पड़ेगी तो पीछे नहीं हटूंगा। यह बातें समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने अपनी माता स्वर्गीय श्यामकली यादव की 14 वीं पुण्यतिथि पर श्यामकली बालिका इंटर कॉलेज आनंदनगर भिटारी में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में माता जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा। पूर्व मंत्री श्री यादव ने कहा कि बाबूजी की राजनीति में माताजी का भी अहम योगदान रहा है माताजी ने भी बाबूजी के साथ हर विषम परिस्थितियों में खड़े होकर के उनका साथ दिया। जिसका परिणाम रहा कि आज सेन परिवार राजनीतिक शिखर पर है। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि इससे पहले स्वर्गीय श्यामकली यादव की समाधि स्थल पर सैकड़ो लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। स्वर्गीय श्यामकली की 14वीं पुण्यतिथि पर किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर व श्याम कली बालिका इंटर कॉलेज के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र,छात्राओं को पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, व विद्यालय की प्रधानाचार्य इन्दुसेन यादव, तथा ब्लॉक प्रमुख अंकुरसेन यादव ने सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एक आस तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है...




**फतेहपुर बाराबंकी।** कस्बा के माता माली बाग में श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा भव्य गणेश पंडाल सजाया गया। रविवार शाम माँ उजली देवी सेवा संकीर्तन ग्रुप, महादेव तालाब के तत्वावधान में श्री श्याम भजन संध्या का विराट आयोजन हुआ। क्षेत्र के विख्यात भजन गायक आकाश गुप्ता ने देवा हो देवा श्री गणपति देवा... आज मेरे घर मंगल कर्ता आये है... सांवरे की महफिल को सांवरे से जाता है...कीर्तन की शुरुआत की नानपारा धाम से आई गायिका माही पोरवाल ने एक आस तुम्हारी है विश्वास तुम्हारा है... जैसे भाव पूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी देर रात कानपुर आये भजन गायक राजनिकुंज की जोड़ी मंच को संभाला बाबा ये नैया कैसे डगमग डोले जाए... हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा जैसे जैसे भावभीन भजनों को गाकर भक्तों के साथ बाबा को रिझाया मंच का संचालन पं प्रखर शर्मा ने किया इस मौके पर कमेटी के मोनू सैनी, अजय, किशन रस्तोगी, विशाल, सचिन गुप्ता, अमन, गोलू के साथ हज़ारो भक्त मौजूद रहे।

### त्योहारों को लेकर जनपदीय शांति समिति की बैठक



**बाराबंकी।** आसन्न त्योहारों को लेकर सोमवार को डीआरडीए के सभागार में जिला स्तर की शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आमजन से त्योहार शांति एवं सौहार्द से मनाने की अपील की गई। मालूम हो कि आगामी माह से त्योहारों का सिलसिला शुरू ही रहा है। त्योहार बारावफात, नवरात्रि दुर्गापूजा व विजय दशमी अक्टूबर माह में ही पड़ रहे हैं। जिन्हें शांतिपूर्ण ढंग से निपटाना कम चुनौती भरा नही। इसलिए जिला प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। इसी के दृष्टिगत जनपदीय शांति समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी कर त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। स्पष्ट रूप से कहा गया कि कोई नई परम्परा नही पड़ेगी, सभी आयोजन पूर्ववत ही होंगे। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के अलावा अन्य अधिकारियों उपस्थित रहे।

### गौमांस बेचने वाले गैंगस्टर में वांछित गिरफ्तार



**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गौकशी करके गौमांस को मोटर साइकिल पर ले जाकर बेचने वाले वांछित गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर गौकशी व गौ तस्करी के अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में कोतवाली देहात के थाना प्रभारी मनोज कुमार चाहल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने वांछित गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों. शहजाद पुत्र मुख्तयार, गुलशेर पुत्र तौफीक निवासीगण घानाखण्डी व फैजान पुत्र जिन्दा हसन निवासी ग्राम चकसराय भारती थाना कोतवाली देहात को घुन्ना अड्डे से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द सुनिश्चित किया जाए:-अपर आयुक्त

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर आयुक्त घनश्याम सिंह ने मंडलायुक्त द्वारा पूर्व में किये गए जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों से शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द सुनिश्चित किया जाए। कृत कार्रवाई से मंडलायुक्त कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। अपर आयुक्त ने शिकायतों की निस्तारण आख्या की जाँच की। उन्होंने स्वयं कुछ शिकायतकर्ताओं को फोन करवाया तथा निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित शिकायतों की निस्तारण आख्या में न्यायालय का नाम व वाद संख्या का उल्लेख किया जाए। उन्होंने दो काफी पुराने मामलों का तत्काल निस्तारण करवाया।

## गरीब-दलितों की आवाज़ कहे जाते थे दीनदयाल: अरविंद

**बाराबंकी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 वीं जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। प्रत्येक शक्तिकेंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया। भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब-दलितों की आवाज़ कहे जाते थे। उनके अंत्योदय के सपनों को प्रधानमंत्री मोदी पूरा करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ो घरों को निशुल्क बिजली कनेक्शन, मुफ्त राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड जैसी अनेकों योजनाएं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के जीवन को खुशहाल कर रही हैं। इस अवसर पर संदीप गुप्ता, प्रमोद तिवारी, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, आशुतोष अवस्थी, गुलाब सिंह रावत, राजेश वर्मा, विनीत वर्मा, शिवकुमार यादव, डब्बू चौहान, अजय सिंह मौजूद रहे।

## एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**हरदोई।** हरियावां थाने में तैनात एक दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। जिसमें दरोगा ने विवेचना से नाम निकालने को लेकर 10हजार रूपये मांगे थे। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते दबोच लिया है। बताते चले कि राम आशीष सब इंस्पेक्टर के पद पर हरियावां थाने में तैनात है। विवेचना में एक आरोपी का नाम निकालने के लिए वह दस हजार रुपए की मांग कर रहे थे। पीड़ित इकबाल ने एंटी करप्शन टीम से रिश्वत मांगने की शिकायत की। जिस पर एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। दरोगा ने देहात कोतवाली में आरोपी को बुलाकर पैसे लिए। जिसे एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। इस कार्रवाई से रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। पीड़ित इकबाल के मुताबिक 11अगस्त को बकरिया चराने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। उसी में नाम निकालने को लेकर दरोगा राम आशीष ने रिश्वत की मांग की थी। जिनको एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन की टीम ने पिछले सप्ताह बिलग्राम के रेंजर को भी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था। जिले में एक सप्ताह के अंदर एंटी करप्शन टीम की दो कार्रवाइयों से घूस लेने वालों में हड़कंप मच गया है।एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक नूरुलहुदा खान ने बताया कि शहर कोतवाली में दरोगा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## बीएसए ने 18 एआरपी से मांगा एक सप्ताह में स्पष्टीकरण

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** परिषदीय विद्यालयों के सपोर्टिंग व सुपर विजन के लिए तैनात किए गए एआरपी की घोर लापरवाही सामने आयी है। विद्यालयों पर छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति अंकित कर दिया गया। बीते दिन डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में डीएम ने व्यक्तिगत रूप से एआरपी की समीक्षा की। जिसमें कई एआरपी ने अपनी गलती स्वीकार किया कि उनके द्वारा त्रुटिवश गलत डाटा का अंकन हो गया है। इसे गंभीर और घोर लापरवाही मानते हुए बीएएस ने 18 एआरपी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में अपना स्पष्टीकरण तलब किया है।

बीएसए ने नोटिस में कहा है कि आप की रिपोर्ट के आधार पर ही जिला और प्रदेश स्तर पर समीक्षा होती है। आपकी गलती से जिला और प्रदेश स्तर पर विभाग की छबि पर बुरा असर हुआ है। उन्होंने यह भी कहा है कि आपके एप में त्रुटि सुधार होने का आप्शन होने के बाद भी सुधार नहीं किया गया और गलत डाटा ही अपलोड कर दिया गया। इस संबंध में एक सप्ताह में अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराएं अन्यथा विभागीय कार्रवाई कर दी जाएगी।

**इनसे मांगा स्पष्टीकरण**

सिसवा के बेचू प्रसाद, लक्ष्मीपुर के सुनील चंद शुक्ला, पनियरा के संजय कुमार यादव, धानी के राजन मिश्रा, मिठौरा के विनोद कुमार यादव, लक्ष्मीपुर के तहेन्द्र सिंह, धानी के मारकेंडेय त्रिपाठी, सिसवा के अशोक कुमार यादव, घुघली के सत्यप्रकाश वर्मा, परतावल के बंसत कुमार पांडेय, मिठौरा के सूरज

## समारोह में 87 छात्र छात्राओं को नि:शुल्क स्मार्टफोन, टेबलेट वितरित

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क स्मार्ट फोन, टेबलेट वितरण समारोह का आयोजन सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एन्ड मैनजमेंट में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी के 87 छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन, टेबलेट वितरित किया। वितरण कार्यक्रम में छात्रो को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व निर्देश पर विभिन्न तरह के महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनसे न सिर्फ गरीब और असहाय व्यक्तियों का हित समाहित है, बल्कि कुछ योजनाएं समाज के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। गरीबों के साथ साथ देश के युवाओं को साथ लेकर चलने वाली योगी सरकार युवाओं के लिए भी विभिन्न तरह की योजनाएं शुरू कर चुकी है, जिससे ना सिर्फ युवाओं का मनोबल बढ़ाया जा सके बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी जा सके। आज के समय में इंटरनेट व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है, क्योंकि इंटरनेट चलाने का माध्यम मोबाइल स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर लोगों की अहम जरूरत बन चुका है। व्यापार हो या रोजगार, समाचार हो या शिक्षा हर क्षेत्र में स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ चुकी है। जिसको देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्या, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आशुतोष अवस्थी, जिला संयोजक लघु उधोग प्रकोष्ट नवीन सिंह राठौर, प्रबन्धक गण सुनील झुनझुन वाला व नमन झुनझुन वाला तथा प्राचार्य डॉ पूंजा सहित पार्टी पदाधिकारीगण व छात्र व कालेज स्टाफ उपस्थित रहे।

## नगरायुक्त ने सड़क निर्माण व सीवर कार्य का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



○ भगतसिंह मार्ग पर सीवर लाइन तथा दिल्ली रोड पर चल रहा स्मार्ट रोड निर्माण का कार्य

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी की सीईओ व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने रविवार की रात करीब दस बजे दिल्ली रोड पर बनायी जा रही स्मार्ट रोड तथा भगतसिंह मार्ग नेहरु मार्किट में जल निगम द्वारा डाली जां रही सीवर लाइन कार्य का औचक निरीक्षण किया और गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी की सीईओ व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज रविवार की रात करीब पौने दस बजे भगतसिंह मार्ग नेहरु मार्किट पहुंची और वहां स्मार्ट सिटी के तहत जल निगम द्वारा किये जा रहे सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया। स्मार्टसिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह ने बताया कि यहां क्रेगी नाले को क्रॉस करने के लिए अंडर ग्राउंड ट्रैंच विधि से कार्य किया जा रहा है। नगरायुक्त ने गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जल निगम के अधिशासी अभियंता रचिर यादव ने नगरायुक्त को बताया कि 28 सितंबर तक उपर्युक्त कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा। नगरायुक्त ने महाप्रबंधक जल कल को स्मार्ट सिटी अधिकारियों व कार्यदायी संस्था से समन्वय बनाकर पेयजल के लिए एक समानांतर लाइन डालने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जीएम जलकल राधेश्याम, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, अधिशासी अभियंता जल निगम रुचिर यादव व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद करीब दस बजे नगरायुक्त दिल्ली रोड पहुंची और वहां स्मार्ट सिटी के तहत बनायी जा रही स्मार्ट रोड का निरीक्षण किया। यहां स्मार्ट रोड निर्माण के साथ ही यूटीलिटी क्रॉसिंग लाइन भी डाली जा रही है, ताकि पानी, बिजली, फोन आदि कार्य के लिए भविष्य में सड़क न काटनी पड़े। उन्होंने कार्य स्थल पर मौजूद कार्यदायी संस्था के इंजीनियर अरुड़ को कार्य में तेजी के निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। इस दौरान स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह व अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

## मेला गुघाल में रात को युद्ध स्तर पर चला सफाई अभियान

○ फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** नगर निगम मेला गुघाल को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए अपनी पूरी ताकत झौक रहा है। निगम द्वारा रविवार की रात छड़ी मेला स्थल पर साफसफाई व फॉगिंग कराने के अलावा मेला गुघाल बाजार में भी युद्ध स्तर पर साफ-साफसफाई व एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार की रात छड़ी मेला स्थल महाड़ी पर व्यापक स्तर पर साफसफाई कराने के अलावा फॉगिंग की गयी और चूना व एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। साथ ही लोगों को जागरुक भी किया गया कि वे अपने आस पास पानी जमा न होने दें और कूड़ा-कचरा इधर उधर न फेंके।मेला गुघाल मेला क्षेत्र में भी मेलाधिकारी व अपर नगरायुक्त राजेश यादव व नगर स्वास्थय अधिकारी अशोक प्रिय गौतम के निर्देशन में एक साथ करीब पचास कर्मचारी लगाकर युद्ध स्तर पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। स्वीपिंग मशीन से भी सड़कों की सफाई की गयी और चूना व एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। मेलाधिकारी राजेश यादव ने निर्देश दिए कि कहीं भी पानी जमा न रहे। इस दौरान जेडएसओ राजीव, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल सहित अनेक सफाई निरीक्षक भी मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल ई–आक्शन के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है। आक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइट *www.ireps.gov.in (E-Auction Module)* पर उपलब्ध है। निविदा सूचना संख्या, स्टेशनों की सूची एवं उपलब्ध स्थान का विवरण निम्नवत् है:–

**क्रम सं.–01,** आक्शन सूचना सं.: MSS-LJN-LJN-TWnOPS-21-23-1 (Misc-Static-Services-TWO Wheeler and other parcel packing services), स्टेशनः लखनऊ जंक्शन गोमतीनगर रेलवे स्टेशन (पार्सल आफिस), कार्य का विवरणः लखनऊ एवं गोमतीनगर मण्डल के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन (पार्सल कार्यालय) पर दो पहिया वाहनों तथा अन्य पार्सल पैकेजो का अनुबंध के संबंध में। निविदा की अवधिः 03 वर्ष, आक्शन/लाट बन्द होने की तिथि व समयः दिनांक 10-10-2023 को समय 13:30 बजे तक। **क्रम सं.–02,** आक्शन सूचना सं.: MSS-LJN-GKP-TWnOPS-20-23-1 (Misc-Static-Services-TWO Wheeler and other parcel packing services), स्टेशनः गोरखपुर और बस्ती रेलवे स्टेशन (पार्सल आफिस), कार्य का विवरणः गोरखपुर और बस्ती स्टेशन (पार्सल कार्यालय) पर दो पहिया वाहनों तथा अन्य पार्सल पैकेजो का अनुबंध के संबंध में। निविदा की अवधिः 03 वर्ष, आक्शन/ लाट बन्द होने की तिथि व समयः दिनांक 10-10-2023 को समय 13:40 बजे तक। **क्रम सं.–03,** आक्शन सूचना सं.: MSS-LJN-ASH-TWnOPS-22-23-1 (Misc-Static-Services-TWO Wheeler and other parcel packing services), स्टेशनः ऐशबाग और गोण्डा रेलवे स्टेशनों (पार्सल आफिस), कार्य का विवरणः ऐशबाग और गोण्डा स्टेशनों (पार्सल कार्यालय) पर दो पहिया वाहनों तथा अन्य पार्सल पैकेजो का अनुबंध के संबंध में। निविदा की अवधिः 03 वर्ष, आक्शन/ लाट बन्द होने की तिथि व समयः दिनांक 10-10-2023 को समय 13:50 बजे तक।

**टेण्डर से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइटः www.ireps.gov.in (E-Auction Module)**

**आक्शन/लाट खुलने की तिथि व समयः** दिनांक 10-10-2023 को समय 13:00 बजे तक

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)**

मुजाधि/वाणिज्य–135 **लखनऊ**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## वेलनेस सेन्टर पर भी मेले का आयोजन कर मरीजों को पहुंचाया जाता है सुविधा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सरकार द्वारा जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए 17 सितम्बर से आयुष्मान भवः के तहत वेलनेस सेन्टरों पर स्वास्थ्य मेला लगाने का आदेश जारी होने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन के अन्तर्गत आने वाले 13 हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टरों पर शनिवार को मेला आयोजन होना था। लेकिन भिटपरा, बनियाडीह, की सीएचओ मातृत्व अवकाश रहने के कारण वहाँ मेला नही लग पाया। ग्रामीणो को सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। वही क्षेत्र के मुडिलाअदाई की सी एच ओ सपना ने बताया कि शनिवार को कुल बीस मरीज आये थे। जिसमे मरीज का जांच करके दवा दिया गया है। जो सुविधाएं यही नही रहती है उसके लिए सी एचसी लोटन रेफर कर दिया जाता है। धरमौली हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर की अनुराधा ने बताया कि शनिवार को 35 मरीज आये थे। उसमे कोई रेफर करने लायक मरीज नही आया था जांच के बाद मरीज का इलाज किया गया ज्यादातर मरीज मेले के दिन नही आये थे। अगर किसी मरीज को गम्भीर बीमारी का लक्षण दिखाई देता है तो हम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन या नजदीकी पीएचसी पर ही रेफर करते हैं। सीएचसी लोटन अधीक्षक सन्तोष कुमार गुप्ता ने बताया कि हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर से रेफर मरीज आते है तो उनको अपने स्तर पर उपलब्ध ब्यवस्था के अनुसार यहाँ इलाज किया जाता है। अन्य गम्भीर बिमारी के लोगों को जिला मुख्यालय सिद्धार्थनगर भेज दिया जाता है।

# भाजपा कार्यालय पर मनायी गयी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की

- **पंडित जी के पद चिन्हों पर चलकर, भाजपा बन चुकी है विश्व की सबसे शक्तिशाली पार्टी: मौर्या**
- **एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित करने के लिए पंडित जी के योगदान निरंतर करते रहेंगे प्रेरित: पासवान**

जयंती मनायी गयी। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में भाजपा जिला प्रभारी रामजियावन मौर्या की उपस्थिति में पंडित जी के चित्र पर भाजपा पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित



कर नमन किया गया। भाजपा जिला प्रभारी ने कहा हमारे लिए गर्व की बात है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी जैसे महान नेता हमारी पार्टी के नेता रहे हैं, जो पूरे विश्व में कृतिमान स्थापित किए आज हमारी पार्टी पंडित जी के पद चिन्हों पर ही चल रही है, जिससे आज भाजपा विश्व की सबसे शक्तिशाली पार्टी बन चुकी है। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को बेहतर बनाने के लिए उनके योगदान निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को आज प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर अंत्योदय दिवस के रूप में मना रहा है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार कुंवर, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या, घनश्याम मिश्रा, तेजू विश्वकर्मा, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फेतबहादुर सिंह, पूर्व जिला महामंत्री दिलीप चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोधी, रमेश मणि त्रिपाठी, राजेश दुबे जी, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा फूल चंद जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विकास पाण्डेय वत्स, आईटी सेल निखिल सिंह, कार्यलय मंत्री आशीष शुक्ला, प्रभात तिवारी, संपूर्णा नंद पांडेय एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएम ने बाढ़ से बचाव हेतु की गयी तैयारियों की किया समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बाढ़ की तैयारी बैठक सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ से बचाव हेतु की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने जिलाधिकारी को जाकनारी देते हुए बताया कि जनपद में बाढ़ से बचाव हेतु 69 बाढ़ चौकिया, 49 बाढ़ राहत केन्द्र, 33 बाढ़ राहत शरणालय तथा 93 नाव है। जनपद के प्रत्येक बाढ़ चौकियों व राहत केन्द्रो एवं बाढ़ शरणालयों पर शान्ति व्यवस्था एवं राहत कार्य हेतु नाम एवं मोबाइल नम्बर सहित ड्यिूटी लगायी गयी है। आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ व पीएसी का सहयोग लिया जायेगा। सभी एसडीएम एवं सीओ सीयूजी नम्बर द्वारा सम्पर्क में है। बाढ़ राहत सामग्री के आपूर्ति हेतु ई-टेण्डरिंग की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। भूसा क्रय हेतु टेण्डर की कार्यवाही कर ली गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियो को निर्देश दिया कि बाढ़ से बचाव हेतु समस्त तैयारियों को पूर्ण कर ले। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि सभी प्रकार की दवाये तथा अन्य समस्त तैयारियां पूर्ण कर ले। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, बांसी प्रमोद कुमार, डुमरियांगज प्रवेन्द्र, इटवा कर्मेन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीके अग्रवाल, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड आरके नेहरा, जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल, आपदा विशेषज्ञ पुष्पांजलि, तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## फरार चल रहे आरोपितों के घर पुलिस ने नोटिस किया चस्पा, कराई डुग्गी मुनादी

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के जियाभारी गांव के रहने वाले फरार वांछित रामशरण, धीरज, आशीष, रामकुमार के विरुद्ध ढेबरुआ थाने में बलवा व हत्या का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त लगातार फरार चल रहे हैं माननीय न्यायालय के आदेशानुसार विवेचना अधिकारी सुभाष प्रजापति वह हेड कांस्टेबल वंशनाथ फरार अभियुक्तों के गांव पहुंचकर उनके घरों पर नोटिस चश्पा किया। डुग्गी मुनादी करवा करके फरार अभियुक्तों के बारे में गांव वालों को माइकिंग करके जानकारी दी। ढेबरुआ थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के जियाभरी गांव में जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने 14 जून को आपस में मारपीट कर ली थी जिसमें गांव निवासी उपेंद्र, मणेन्द्र रूद्रमाती आदि गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए थे। मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर सीआरपीसी 82 के तहत नोटिस चस्पा किया गया। विवेचना अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुभाष प्रजापति ने बताया कि आरोपित घटना करके 3 महीने से फरार चल रहे हैं यदि आरोपित समय से हाजिर नहीं होते हैं तो उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## कमिश्नर ने की निर्माण कार्यो की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** मण्डल में 50 लाख रूपये से अधिक लागत की कुल 309 परियोजनाए निर्माणाधीन है। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक में सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय से उसको पूरा कराने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाए इस आशय का प्रमाण पत्र दें कि उनके पास 50 लाख रूपये से अधिक लागत की कोई अन्य परियोजना निर्माणाधीन नही है। उल्लेखनीय है कि मण्डलायुक्त की पहली बैठक में कुल 250 परियोजनाए चिन्हित थी, जो अब बढकर 309 हो गयी है। बस्ती में 82, संतकबीर नगर में 91 तथा सिद्धार्थनगर में 136 परियोजनाए संचालित है, इसमें से 39 परियोजनाए पूर्ण हुयी है। उन्होने समीक्षा में पाया कि 19 परियोजनाए अनारम्भ है, इसके संबंध में उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि समीक्षा करके समस्या को दूर कराये तथा सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू कराये।

## चिकित्सा सेवा के अभिन्न अंग: डॉ. आरपी

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** ऑल इण्डिया फार्मासिस्ट फेडरेशन द्वारा सोमवार को प्रेस क्लब सभागार में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. वाहिद अली सिद्दीकी ने फार्मासिस्टों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि सरकार प्रदेश के प्रशिक्षित फार्मासिस्टों को अवसर दे तो स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाली से बचाया जा सकता है।

एक तरफ तो सरकार संविदा के चिकित्सकों से जैसे-तैसे काम चला रही है वहीं लगभग दो लाख 20 हजार से अधिक फार्मासिस्ट बेरोजगार है। उन्हें तत्काल सेवाओं से जोड़कर स्थितियों को संभाला जा सकता है। फार्मासिस्टों को प्रशिक्षण देकर ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति की जाय जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को सुधारा जा सके। कहा कि 2002 के बाद से अभी तक



नियुक्तियां न निकालकर सरकार फार्मासिस्टों के हितों की खुली अनदेखी कर रही है। यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान न हुआ तो फेडरेशन प्रदेश व्यापी आन्दोलन को बाध्य होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आर.पी. मिश्र ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं के अभिन्न अंग के साथ ही डाक्टर और मरीज के बीच की मजबूत कड़ी हैं। इनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान निकाला जाना चाहिये। औषधि निरीक्षक अरविन्द कुमार ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा सेवा के अभिन्न अंग हैं। गोष्ठी को डा. मनोज कुमार पाण्डेय, फेडरेशन जिलाध्यक्ष डा. पवन कुमार पाण्डेय, डा. मनोज कुमार चौधरी, श्यामनरायन चौधरी, जफर अहमद अंसारी, महेश चौधरी, राम महेश चौधरी, आदि ने सम्बोधित करते हुये फार्मासिस्टों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये एकजुटता पर जोर दिया। डा. सुधाशु मिश्र, रामतेज गुप्ता, रीत मिश्रा चंदन आदि ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों के लिये स्पष्ट नीति बनाये जाने की जरूरत है। वर्षो तक प्रशिक्षण के बाद उनकी नियुक्ति न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि दुखियों की सेवा फार्मासिस्टों का धर्म है। फार्मासिस्टों को उनका अधिकार मिलना चाहिये।

## लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहे बसपा कार्यकर्ता



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाज पार्टी के तत्वाधान मे सेक्टर स्तरीय स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक व कैडर कैम्प आयोजन इटवा विधानसभा के बेलवा सेक्टर के ग्राम कुसमही मे किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी इंद्रजीत गौतम ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव किसी भी समय हो सकता कार्यकर्ता तैय्यार रहे गांव गांव जा कर बसपा सरकार मे किये कामों को बताने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा हम सब मिल कर हर बूथो पर नौजवानों की टीम बना कर लोकसभा चुनाव मे बसपा का परचम लहराने का काम करेगे आने वाला दिन बसपा का है घर घर जा कर बहन जी द्वार किये गये कामों को बताना चाहिए सर्व समाज का सम्मान केवल बहन जी की सरकार में है। बैठक का संचालन विधानसभा महासचिव रामकुमार गौतम व अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राम अंचल गौतम ने किया बैठक मे मुख्य रूप से रामबुजारत विनदू गौतम बजरंगी गौतम अली हसन कैसराम रामचंद्र नूर मोहम्मद बहाऊ गौतम मंगी प्रसाद विकास कुमार रामजस गौतम जयपाल जंगी लाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कर्बला के 72 शहीदों की याद में जगह जगह आयोजित होने वाले कार्यक्रम का या हुसैन की सदाओं के बीच हुआ समापन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कर्बला के 72 शहीदों की याद में सवा दो माह से जारी अजादारी के अंतिम पड़ाव पर अलविदाई मातम का जुलूस शिया मुसलमानो के 11 वें इमाम हज़रत इमाम हसन अस्करी (अ-स-) की शहादत दिवस 8 रबीउल अव्वल पर समाप्त हो गया। नगपुर ग्राम पंचायत स्थित मुस्तफाबाद मजरा में अंजुमन जाफरिया रजिस्टर के बैनर तले रविवार की रात्रि में मातमी जुलूस निकाला गया। मौलाना कर्रार हुसैन शजर तेलंगाना की तकरीर के साथ जुलूस का आगाज़ हुआ। मौलाना जफरूल हसन जफर ने अपनी तकरीर में कर्बला का खूनी मंजर पेश किया।जिसको सुनकर अजादार बेचैन हो गए।भोर तक चले कार्यक्रम में दर्जनों अंजुमनों ने नौहा ख्वानी पेश किया। जुलूस में गुलज़ार हुसैन अहमद हुसैन फ़ज़ल अली कर्बलाई आदि का सहयोग रहा। वहीं अंजुमन रौनक-ए-इस्लाम के तत्वावधान में अमारी का इतिहासिक जुलूस प्रातः से ही मौलाना अतहर मेहंदी की तकरीर के बाद निकला। जुलूस के बाद अमारियो की जियारत कराई गई। जुलूस के दौरान मौलान कैसर अब्बास, मौलाना रईस हैदर, मौलाना मोहम्मद हसन, मौलाना सैयद कमर सुलतान ने कर्बला की खूनी दास्तां बयान किया। जुलूस का समापन मौलाना हसन मेहंदी की तकरीर के साथ करैली तल स्थित इमामबाड़ा में हुआ।इसी कड़ी में नगर के जाफराबाद स्थित अली गंज में अंजुमन रौनक-ए-अजा के तत्वावधान में अलविदाई मातम का जुलूस बरामद हुआ। जुलूस देर शाम रौज-ए-हजरत अब्बास में मौलाना मेहंदी हसन की तकरीर के साथ हुआ।जुलूस में सी ओ देवेंद्र कुमार मोर्या की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह के अलावा सर्किल के कटका,मालीपुर व जैतपुर थाना के पुलिस जवान तैनात रहे।

# देश के विकास, राजनीति व गरीब कल्याण के प्रति दीनदयाल के योगदान हमेशा रहेंगे याद: द्विवेदी

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** सोमवार को इटवा भाजपा कार्यालय व खुनियांव मंडल शक्ति केन्द्र गंगवल के ग्राम शनिचरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 107 वा जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी की अध्यक्षता में मनाया गया। भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित का नमन किया।

पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डा सतीश द्विवेदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर एक पर चर्चा के रूप में उनके जीवन का कार्यकर्ताओं के समक्ष जिक्र किया उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय जी की हार्दिक इच्छा थी की अंतिम पंक्ति पर रहने वाले व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। दीनदयाल उपाध्याय ने



समाज को एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत दिए, जनकल्याण के प्रति समर्पित उनका जीवन सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी गत 9 वर्षो से पंडित दीन दयाल उपाध्याय की 'अन्त्योदय' की गरीब कल्याण नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। इस नीति के तहत मोदी सरकार गरीबों के घरों में निशुल्क गैस चूल्हा, बिजली, शौचालय, आवास, निशुल्क चिकित्सा हेतु आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करा रही है। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने उस समय एक नई विचार धारा को जन्म दिया, जब आज़ादी के तुरंत बाद देश की नीतियां बननी थी, देश को आगे बढ़ने की दिशा तय होनी थी, पश्चिम के अनुकरण की जगह उन्होंने भारतीय मिट्टी की सुगंध वाली एक विचार धारा को जन्म देने का बहुत बड़ा काम किया। देश के विकास और देश की राजनीति, विशेषकर गरीब कल्याण के प्रति दीन दयाल के योगदान हमेशा याद

- **पं दीनदयाल का सपना था कि अंतिम पंक्ति वाले व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले**

किए जायेंगे। उनके विचार, सिद्धांत और देश व समाज के प्रति समर्पित जीवन सदियों तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल, जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष इटवा दीपनारायण त्रिपाठी,भाजपा वरिष्ठ नेता बलराम मिश्रा, सभासद सुनील जायसवाल, घनश्याम जयसवाल, प्रमोद कनौजिया, पप्पू सोनी, संतोष भट्ट, हरीओम सोनी सुरेश प्रजापति, सत्यम मोदनवाल आदित्य पाठक, सत्यम मोदनवाल सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बहेरिया में भाजपाईयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपाईयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। जहां उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। क्षेत्र के बहेरिया में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय पाण्डेय ने कहा कि अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी व डुमरियागंज के प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने दीनदयाल उपाध्याय का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर भारत की आत्मा को समझना है तो उसे राजनीतिक या आर्थिक नजरिए से नहीं बल्कि सांस्कृतिक नजरिए से देखना चाहिए। अंत्योदय और गरीबों की सेवा का पंडित दीनदयाल का दर्शन हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल ने वंचितों के लिए जो स्वप्न देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ साकार करने में लगातार काम कर रहे हैं । इस दौरान अमरनाथ पाण्डेय, विरेन्द्र दूबे, रक्षाराम यादव, हजारी दूबे, शिव कुमार पाण्डेय, रामदास गौतम, जुग्गीलाल, कैलाश, पांचू, पेशकार यादव, महेश धुरिया, मनोज निषाद, ललतू यादव आदि मौजूद रहे।

## आरोप के बाद अधीक्षक पद से हटे डॉ श्रवण तिवारी

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बीते दिनों उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवा की महिला कर्मचारियों द्वारा डा श्रवण कुमार तिवारी अधीक्षक सीएचसी बेवा के विरूद्ध शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाया गया था। जिसके क्रम में आयोग एवं जिला अधिकारी सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार प्रकरण की जॉच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर जांच प्रक्रिया शुरू की गई। सीएमओ द्वारा जारी पत्र के माध्यम मिली जानकारी के अनुसार डा श्रवण कुमार तिवारी द्वारा जॉच प्रकिया को प्रभावित व बाधित करने के लिए प्रयास किये गये। जिसके चलते डा श्रवण कुमार तिवारी चिकित्सा अधिकारी लेवल-1 अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवा को प्रशासनिक आधार पर अधीक्षक पदभार से मुक्त करते हुए डा अखिलेश कुमार आजाद बाल रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ को अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवा अधीक्षक के पद पर तत्कालिक प्रभाव से तैनात किया गया है। डा श्रवण कुमार तिवारी अग्रिम आदेशो तक चिकित्सा अधिकारी के पद पर सीएचसी बेवा पर कार्य करते रहेगे।

## सांसद ने 74 छात्र एवं छात्राओं में वितरित किया मोबाईल फोन

# फोन पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** पूरे प्रदेश मे योगी सरकार द्वारा स्कूलो पर स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम चल रहा है। जिससे बच्चे पढ़ाई अच्छी तरह कर सके। उक्त बातें सांसद जगदम्बिका पाल ने सोमवार को बीरेंद्र मिथिलेश्वर महाविद्यालय लोटन प्रांगण मे छात्राओ को स्मार्टफोन वितरण करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश मे प्रधानमंत्री जी की चर्चा लोग करते है।

कोई भी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री युवाओं का सपना पूरा कर रही है, तो भारत के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री युवाओं का सपना पूरा कर रहे हैं।सांसद ने कहा जीवन में सपना देखने की अवश्यकता होती लेकिन सपनो को पूरा करने के लिए अपने अन्दर जुनून पैदा करें, चाहे शिक्षा के प्रति हो, नौकरी करना हो। जबतक जूनून नही



होगा तब तक कुछ नही होगा हम से पहले 15 सांसद बने थे लेकिन कोई भी सांसद आप के बीच नही दिखा होगा। लेकिन हमारा प्रधानमंत्री जी के हर योजनाओं को आप तक पहुचाने के लिए हर सम्भव प्रयास रहता है।लोकसभा मे कोई परिक्षा नही देना होता है लेकिन हमारा सार्टिफिकेट जनता द्वारा लिखी जाती है। लेकिन जितने दिन सांसद चलता है वहा हमारी उपस्थिति रहती है ताकी हम अपने जनपद की समस्याओं को उठा सकें। अगर इस क्षेत्र मे डाश वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने महाविद्यालय खोलकर चला रहे है तो अपने ही बच्चों के लिए नही चला रहे है बल्कि इस क्षेत्र की छात्र एवं छात्राओं के लिए चला रहे हैं। आपको अध्यापक, अध्यापिका बनना है या इंजिनियर बनना है।

यह पांडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संकल्प ले की हमे क्या हासिल करना है यह जुनून बनाये। मुमताज अहमद ने कहा की पूरे जनपद की समस्यायों का भार सांसद के उपर रहता है। सड़क की जरूरत है कि नाली की। आप के सांसद के जोर का पूरे पूर्वांचल में कोई नही है। 545 सांसद में एक नम्बर पर हम सबके सांसद गिने जाते है। हम लोगों को गर्व होना चाहिए। जिले में विकास का कार्य करने में अहम योगदान है। प्रबंधक डा बीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

संचालन भाजपा नेता दीनबन्धु प्रताप सिंह बघेल ने किया। उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद भी कांस्टेबल के साथ महाविद्यालय मे मौजूद रहे ताकी किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, मनोज पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, जहीर सिद्दीकी, एस पी अग्रवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष अरविन्द मणि त्रिपाठी, सोनू उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, दीपमाला सिंह, उमेश सिंह,अन्नू सिंह, दीनबंधु प्रताप सिंह बघेल, राम किशोर यादव, जैनेन्द्र मिश्र सहित तमाम छात्राएं भी मौजूद रहीं।

## पंडित जी की सोच थी कि अंतिम पायदान पर बैठा हुआ व्यक्ति भी न रहे भूखा: सांसद



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सांसद जगदंबिका पाल ने मुख्यालय स्थित अपने कैंप कार्यालय पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती को धूम धाम से मनाया और उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन गरीबी और संघर्षों में बीता, इसीलिए वह हमेशा गरीबों के बारे में सोचते रहते थे। उनकी सोच थी कि देश में अंतिम पायदान पर बैठा हुआ व्यक्ति का भी विकास हो वह भूखा न रहे। वह एक संगठनकर्ता तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक भी थे, उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। आज उनके सपनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार साकार कर रही है। आज देश के कोने कोने में पंडित दीनदयाल सौभाग्य योजना के द्वारा हर घर में मुफ्त बिजली पहुंचाने का काम हो या उज्जवला योजना के द्वारा गरीब माताओं और बहनों को गैस सिलेंडर देने का काम हो या महिलाओं को पात्र गृहस्थी का कार्ड बनाकर राशन देने का कार्य हो। आज सब काम मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय की परिकल्पना को हमारी सरकार मूल रूप देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य बबलू साहनी, जिला पंचायत सदस्य परवेज आलम, मुरारी सिंह, रामकेश पांडेय, व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता की मौजूदगी रही।

## आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति समीक्षा बैठक हुई

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं का लक्ष्य पूर्ण नहीं हुआ है वह प्रशिक्षण आवंटित लक्ष्य को शीघ्र ही पूर्ण कर लें तथा यह भी निर्देशित किया गया कि ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण पूर्ण प्रशिक्षर्थियो को रोजगार दिलाया जाए और उन्हें नए-नए सेक्टर में प्रशिक्षण दिलाया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आकांक्षात्मक विकासखंड भीटी, भियांव एवं टांडा में अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता,उपायुक्त उद्योग/ जिला समन्वयक एस सिद्दीकी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी,एम आई एस मैनेजर तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सर्वसम्मत संसद

क्या भारतीय राजनीति बदल रही है? क्या महिला आरक्षण और सशक्तिकरण सरीखे अन्य मुद्दों पर भी राजनीतिक सर्वसम्मति हो सकती है? महिला आरक्षण पर सर्वसम्मति और एकजुटता विचार के स्तर पर है अथवा वोट की मजबूरी है? महिला आरक्षण बिल के कानून बनने के बाद यह व्यवस्था अक्षरशः लागू होगी या आरक्षित वर्ग के साथ टालमटोल किया जाता रहेगा? यदि वाजपेयी सरकार के चार प्रयासों और यूपीए की मनमोहन सरकार के दौरान संसदीय अनुभवों को याद करें, तो उनकी तुलना में 'नारी शक्ति वंदन' बिल संसद के दोनों सदनों में लगभग सर्वसम्मति से पारित हुआ है। लोकसभा में 454 वोट बिल के पक्ष में और ओवैसी तथा उनकी पार्टी के एक और सांसद, यानी मात्र 2 वोट, बिल के विरोध में गए। राज्यसभा में उपस्थित सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। हालांकि उच्च सदन की कुल संख्या 245 सांसदों की होती है। यह राजनीतिक अभिव्यक्ति और परिपक्वता विषयगत है, लेकिन धुर विरोधियों ने भाजपा सरकार के बिल को सर्वसम्मत समर्थन दिया, यह महत्त्वपूर्ण राजनीति है। संसद के दोनों सदनों में कुछ ऊंचे स्वर भी सुनाई दिए, कुछ विरोध भी देखा गया, अपने तार्किक पक्ष भी रखे गए, लेकिन हंगामे, अभद्र टिप्पणियों, असंतोष, अराजकता, नौटंकी और मार्शल द्वारा सांसदों को सदन से बाहर करने तक की नौबत नहीं आई। कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, सपा, बसपा, जनता दल-यू आदि के सांसदों ने ओबीसी महिलाओं के लिए भी आरक्षण की मांग की। जातीय जनगणना के सवाल भी किए गए, आरक्षण के लागू होने का समय भी पूछा गया, राजनीतिक विचार पर अपने सरोकार पेश किए गए, लेकिन मत-विभाजन की बारी आई, तो बिल के समर्थन में वोट दिए। महिला सशक्तिकरण और मातृशक्ति को विकास, सत्ता, नीति-निर्धारण की मुख्यधारा से जोड़ने की अनिवार्यता और बाध्यता के सामने समूचे विपक्ष को अपने हथियार डालने पड़े, क्योंकि अब महिलाओं के जनादेश ही निर्णायक साबित हो रहे हैं।

2014 के बाद ज्यादातर चुनावों में महिलाओं ने, पुरुष की तुलना में, अधिक वोट दिए हैं। यह रुझान भी बढ़ता जा रहा है कि अब महिलाएं अपने विवेक और अपनी सोच के मुताबिक ही मतदान करती हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में 67.18 फीसदी महिलाओं ने वोट दिए, जबकि पुरुष वोट 65 फीसदी से कुछ ज्यादा थे। भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से ज्यादा महिलाओं ने वोट दिए, जबकि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के समर्थन में करीब 20 फीसदी महिलाएं थीं। 2024 में महिला वोट का कुल आंकड़ा बढ़ सकता है, लिहाजा महिला आरक्षण के पीछे यह राजनीतिक मजबूरी भी काम कर रही है। मोदी सरकार की अधिकतर लाभार्थी परियोजनाएं महिला-केंद्रित हैं। अब संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लगभग सर्वसम्मति से पारित होने के बाद भाजपा देश भर में इसका प्रचार करेगी। बहरहाल आने वाला कालखंड महिलाओं का होगा। अब संसद से पारित होने के बाद बिल विधानसभाओं में भेजा जाएगा। 50 फीसदी विधानसभाओं की मान्यता के बाद इसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून की शक्ल ले लेगा। फिर जनगणना और परिसीमन दोनों ही अनिवार्य शर्तें हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में आश्वस्त किया है कि 2024 के आम चुनाव के बाद जनगणना शुरू की जाएगी। तय है कि यह प्रक्रिया 2026 तक ही सम्पन्न होगी। फिलहाल 1971 की जनगणना के आधार पर लोकसभा की सीटें निर्धारित की गई थीं। अब देश की आबादी करीब 140 करोड़ है, लिहाजा उसी के आधार पर सदनों की संख्या तय की जानी चाहिए। परिसीमन आयोग भी नया बनेगा।

## सब्जी उत्पादन से सालाना लाखों कमाता किसान


फूलदेव पटेल

आधुनिक समय में नौकरी को उत्तम मानने वाली युवा पीढ़ियों के लिए खेतीबाड़ी सबसे निकृष्ट कार्य समझा जाता है, जबकि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का योगदान इस बार बेहतर रहा है। पिछली तिमाही में कृषि क्षेत्र का 4.7 से बढ़कर 5.5 प्रतिशत तक रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। कृषि सेक्टर में जीडीपी का योगदान करीब 20 फीसदी है और तकरीबन 40 प्रतिशत जनसंख्या इससे जुड़ी हुई है। लेकिन अधिकांश युवा वर्ग खेती को घाटे का सौदा समझकर महानगरों में पलायन कर रहा है। जबकि हकीकत यह है कि यदि कृषि को भी रोजगार समझकर काम किया जाए तो इसमें निजी कंपनियों से अधिक कमाई हो सकती है और व्यक्ति घर-परिवार के साथ रहकर खेती से ही अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है। बिहार के मुजफ्फरपुर, वैशाली, मोतिहारी, गोपालगंज, बिहारशरीफ, नालंदा और मुंगेर आदि ज़िलों के कुछेक युवाओं ने कोरोना के बाद सब्जी, फल, औषधीय पौधे आदि के नर्सरी लगाकर साल के हजारों रुपए की आमदनी कर रहे हैं। कई ऐसे भी किसान हैं जो उन्नत खेती-किसानी से बच्चों को इंजीनियर, बैंक मैनेजर, डॉक्टर और सरकारी अधिकारी तक बना रहे हैं।

लीची के लिए विश्व प्रसिद्ध बिहार के मुजफ्फरपुर जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर मोतीपुर ब्लॉक स्थित हरनाही गांव के युवा किसान वीरेंद्र कुशवाहा ने कृषि के क्षेत्र में अनोखा काम किया है। वीरेन्द्र ने गांव के किसानों से 26 एकड़ (करीब 650 कट्ठे) जमीन लीज पर लेकर सब्जी की खेती कर नजीर पेश किया है। कुछ वर्ष पूर्व तक वीरेंद्र दुबई में एयर कंडिशन रिपेयरिंग का काम करते थे। अचानक कैंसरग्रस्त मां के समुचित इलाज के लिए उन्हें दुबई छोड़ कर अपने गांव में ही रहने को मजबूर होना पड़ा। नौकरी छोड़ कर गांव में रहने के फैसले के बाद वीरेन्द्र ने खेती करने का फैसला किया। उन्होंने दस एकड़ जमीन 600 सौ रुपए सलाना के हिसाब से लेकर खेती की शुरुआत की। पहले पहल केला, कद्दू (लौकी) और सेम की खेती शुरू की, जिसमें उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन वीरेंद्र ने हिम्मत नहीं हारी और एकबार फिर से दुगुना साहस और हौसले से 26 एकड़ जमीन लीज पर लेकर कम संसाधन में ही खेती शुरू की।

इसके लिए वीरेंद्र ने सबसे पहले कृषि की तकनीकी जानकारी प्राप्त करके उन्नत खेती का गुर सीखा। कृषि विभाग और कृषि कॉलेज आदि से संपर्क साधा और मिट्टी में ही जीवन की तलाश शुरू की। पूरी लगन और मेहनत से सब्जी की खेती करके न केवल घर की माली हालत को सुधारा बल्कि कई किसानों को खेतीबाड़ी की तकनीकी जानकारी देकर कृषि के प्रति उनकी उदासीनता को भी दूर किया। वीरेंद्र बताते हैं कि प्रारंभ में खेती-किसानी घाटे का सौदा लगा लेकिन बाद में फसलें लहलहा उठी। कल तक उन्हें स्वयं सब्जियों को लेकर मंडी में जाना पड़ता था। लेकिन आज व्यापारी स्वयं उनकी सब्जियों को खरीदने के लिए खेतों तक पहुंच रहे हैं। वीरेंदर ने 26 एकड़ खेत में परवल 15 एकड़, खीरा 9 एकड़ और 2 एकड़ में कद्दू लगाकर हजारों रुपए की नकद आमदनी करके अपने इलाके में प्रगतिशील किसान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने परवल की दो किस्में स्वर्ण रेखा व राजेन्द्र गंगा की खेती की है। राजेन्द्र गंगा अधिकतम 30 किलो प्रति कट्ठा के हिसाब उपज देती है। इसका मंडी में भी दाम मिलते हैं जबकि स्वर्ण रेखा 20 किलो प्रति कट्ठा के हिसाब से उपज देता है। जो बाजार में 38 से 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक जाता है। खीरा 40 से 50 किलो के हिसाब से प्रति कठ्ठा होता है। वहीं कद्दू प्रति कठ्ठा में 30 से 40 फल निकल जाते हैं। वीरेन्द्र कहते हैं कि इतना करने के लिए समय पर जुताई, बुआई, सिंचाई, निराई (सोहनी) फसल के लिए आवश्यक होती है। समय पर फसलों की तुराई और मंडी भाव आदि की जानकारी के लिए तत्पर रहना पड़ता है। कई बार मौसम के साथ नहीं देने पर सब्ज़ियां ख़राब हो जाती हैं, जिससे घाटा भी उठाना पड़ता है। पर, वीरेन्द्र के अनुभव व हौसले ने उन्हें सभी कठिनाइयों से निबटना सीखा दिया है। खेती में लगात के बारे में वीरेंद्र बताते हैं कि 26 एकड़ जमीन 600 रुपये प्रति कठ्ठा की दर से दो फसलों के लिए साल में तीन लाख नब्बे हजार लगाने पड़ते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

'भूपेन हजारिका सेतु' नदी पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है , जो 2003 से लंबित था, का उद्घाटन मई 2017 में किया गया। इससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की यात्रा-अवधि 6 घंटे से कम होकर 01 घंटे की रह गयी है। 25 दिसंबर, 2018 को भारत के सबसे लंबे रेल पुल बोगीबील का उद्घाटन किया गया, जिससे दिल्ली और डिब्रूगढ़ के बीच यात्रा-अवधि में 3 घंटे की कमी आयी है। दिलचस्प बात यह है कि पुल का काम 2002 में भारत रत्न अटल जी के नेतृत्व में शुरू हुआ था, लेकिन 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद यह काम बाधित हो गया।

# अष्टलक्ष्मी के गौरव की पुनर्स्थापना


जी किशन रेड्डी

जब भी मैं पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्रा करता हूं, तो मैं अक्सर स्मृतियों में खो जाता हूं और पूरे भारत के साथी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ की गयी अपनी पिछली यात्राओं को याद करता हूं। उन दिनों, परिवहन व संचार संपर्क सुविधाओं की कमी, सुरक्षा के खतरे, बंद और चक्का जाम की असुविधा तथा अवसंरचना की कमी को नजरअंदाज करते हुए, हमने इन अवसरों का उपयोग, क्षेत्र के अपने भाइयों और बहनों के साथ बातचीत करने, उनकी संस्कृति का अनुभव करने और चुनौतियों व समाधानों पर चर्चा करने में किया।

हालाँकि, परिवर्तन शुरू करने के लिए हमारे अटूट उत्साह और अथक प्रयास को राजनीतिक उपेक्षा, घोर अन्याय और शेष भारत से स्पष्ट अलगाव के कारण कड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। अफसोस की बात है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य, जो हमारे देश का अभिन्न अंग हैं, को अक्सर सौतेली बहनें कहा जाता था। हालाँकि, कुछ साल बाद, आज, जब मैं उन्हीं स्थानों की दोबारा यात्रा करता हूँ, तो मैं संतुष्टि और राहत की गहरी भावना से भर जाता हूँ। हमारे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को आखिरकार वह ध्यान और समर्थन मिल रहा है, जिनके वे हकदार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों का संदर्भ अष्टलक्ष्मी के रूप दिया जाता है, जो अधिक उपयुक्त है। नौ साल पहले, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट रूप से घोषणा की थी, भारत तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र विकसित नहीं होता। उस दूरदर्शी विश्वास के साथ, भविष्य में निर्बाध विकास को सक्षम बनाने के लिए पिछले 9 वर्षों में किए गए रणनीतिक प्रयासों ने एक ठोस आधार तैयार किया है। पिछले साढ़े 9 वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने के साथ, भारत सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर वित्तपोषण किया। 2014 और 2023 के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 54 केंद्रीय मंत्रालयों के सकल बजट आवंटन में लगभग 233 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 6,600 करोड़ रुपये की नई मंजूर की गयी पीएम-डिवाइन योजना, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के लिए आजीविका और विकास के अवसरों का सृजन करेगी। विवेकपूर्ण और लक्षित निवेश के साथ वित्तीय प्रोत्साहन से, सरकार को परिवहन व संचार संपर्क सुविधा तथा अवसंरचना निर्माण जैसी क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने में मदद मिली।

'भूपेन हजारिका सेतु' नदी पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है , जो 2003 से लंबित था, का उद्घाटन मई 2017 में किया गया। इससे असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच की यात्रा-अवधि 6 घंटे से कम होकर 01 घंटे की रह गयी है। 25 दिसंबर, 2018 को भारत के सबसे लंबे रेल पुल बोगीबील का उद्घाटन किया गया, जिससे दिल्ली और डिब्रूगढ़ के बीच यात्रा-



अवधि में 3 घंटे की कमी आयी है। दिलचस्प बात यह है कि पुल का काम 2002 में भारत रत्न अटल जी के नेतृत्व में शुरू हुआ था, लेकिन 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद यह काम बाधित हो गया। काम में तेजी 2014 में आई, जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बागडोर संभाली।

इसी तरह, 2014 से पहले केवल गुवाहाटी रेल-मार्ग से ही जुड़ा था, लेकिन आज राजधानी परिवहन संपर्क परियोजना के तहत अरुणाचल, त्रिपुरा और मणिपुर भी जुड़ गए हैं और बाकी 5 राज्यों को जोड़ने का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। उहम अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्थलाकृतियों से जुड़ी बाधाओं को दूर कर रहे हैं। हमने पूर्वोत्तर में जिरीबाम-इम्फाल रेल लाइन पर दुनिया के सबसे ऊंचे तटबंध पुल का निर्माण करके विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसके अलावा, पर्यटन और आर्थिक क्षमता को व्यापक प्रोत्साहन देते हुए, पिछले 9 वर्षों में हवाई संपर्क सुविधा में कई गुनी वृद्धि हुई है। 2014 में केवल 9 हवाई-अड्डे थे, आज हमारे पास 17 हवाई-अड्डे हैं। अरुणाचल प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, डोनी पोलो हवाई अड्डा या अगरतला में महाराजा बीर बिक्रम (एमबीबी) हवाई अड्डे का अत्याधुनिक एकीकृत टर्मिनल, जिसका उद्घाटन 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था, हवाई संपर्क सुविधा में तेजी से हुई प्रगति के उज्ज्वल उदाहरण हैं।

पिछली सरकारें लंबे समय से यह तर्क देतीं रहीं कि भूमि से घिरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास में कमी अपरिहार्य है। इस बात को चुनौती देते हुए नरेन्द्र मोदी सरकार क्षेत्र की जलमार्ग क्षमता का उपयोग करने के लिए काम कर रही है। 2014 से पहले केवल 01 राष्ट्रीय जलमार्ग था और अब पूर्वोत्तर क्षेत्र में 20 राष्ट्रीय जलमार्ग हैं, जो ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों की विशाल नौवहन क्षमता को रेखांकित करते हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों का निर्माण करते हुए तथा क्षेत्र में आवश्यक परिवहन संपर्क सुविधा को बढ़ावा देकर, पूर्वोत्तर क्षेत्र को एक्ट ईस्ट नीति के केंद्र बिंदु के रूप में विकसित किया जा रहा है। म्यांमार के साथ 2,904 करोड़ रुपये की कलादान मल्टीमॉडल परियोजना, बांग्लादेश के साथ 1,100 करोड़ रुपये की अगरतला-अखौरा रेलवे परियोजना, 1,548 करोड़ रुपये की भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना आदि ऐसी प्रमुख परियोजनाएं हैं, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत के पड़ोसी पहले और एक्ट ईस्ट नीतियों के केंद्र में रखती हैं। 1972 के बाद पहली बार 2015 में अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल का नवीनीकरण और बांग्लादेश के चटग्राम व मोंगला बंदरगाहों के उपयोग तक पहुंच; 'एक्ट ईस्ट' नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियां रही हैं।

क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। 2014 से 2022 के बीच उग्रवाद में 76 प्रतिशत की गिरावट आई है। सुरक्षा बलों और नागरिकों की मौत की संख्या में क्रमशः 90 प्रतिशत और 97 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी है। 8,000 से अधिक उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। ÷अफस्पा÷ के परिधि क्षेत्र में 75 प्रतिशत की कमी आयी है। स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए विद्रोही समूहों के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और मुख्यधारा के साथ उनके पुनः एकीकरण में मदद के लिए पुनर्वास पैकेज प्रदान किए गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकास और शांति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रधानमंत्री ने पिछले साढ़े 9 वर्षों स्वयं 60 से अधिक बार पूर्वोत्तर क्षेत्र की यात्राएं की हैं और क्षेत्र में विकास करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प को दोहराया है। अपने मूल में प्रतिबद्धता, सुदृढ़ता और सशक्तिकरण को रखते हुए, पूर्वोत्तर क्षेत्र अब अमृत काल की दहलीज पर खड़ा है। पिछले 9 वर्ष निर्णायक रहे हैं; अगले 25 वर्ष, पूर्वोत्तर भारत कहे जाने वाले 'धरती के स्वर्ग' के जादू को दुनिया के सामने लायेंगे।

# महिला आरक्षण से राजनीति में बढ़ेगा महिलाओं का कद

महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिषत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है।


संतोष कुमार भार्गव

बरसों बरस के इंतजार के बाद 20 सितंबर को महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) लंबी चर्चा के बाद तो-तिहाई बहुमत से लोकसभा से पास हो गया। बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पर्ची से वोटिंग कराई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी और औरंगाबाद से सांसद इम्तियाज जलील ने महिला आरक्षण बिल के विरोध में वोट किया।

यह कानून पहली बार देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा 12 सितंबर, 1996 को 81वें संशोधन विधेयक के रूप में लोकसभा में पेश किया गया था। हालांकि, विधेयक सदन द्वारा पारित होने में विफल रहा। दो साल बाद अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1998 में 12वीं लोकसभा में विधेयक को आगे बढ़ाया। बाद में इसे 1999, 2002 और 2003 में वाजपेयी सरकार के तहत फिर से पेश किया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

लगभग पांच साल बाद, मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए-1 सरकार के दौरान इस विधेयक ने फिर से कुछ जोर पकड़ा। इस बिल को 6 मई 2008 को राज्यसभा में पेश किया गया था। इसके बाद बिल को 9 मई को स्टैंडिग कमेटी का पास भेज दिया गया। स्टैंडिग कमेटी ने 17 दिसंबर 2009 को इस पर अपनी रिपोर्ट पेश की. मार्च 2010 को महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा में पास कर दिया गया. हालांकि लोकसभा में पास न होने के कारण यह बिल आगे नहीं बढ़ पाया।

राज्यसभा में इस बिल पर चर्चा जारी है, और पूरी उम्मीद है कि यह बिल बहुमत के साथ उच्च सदन में भी पास हो जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साइन के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। महिला आरक्षण बिल नई संसद के लोकसभा में पास हुआ पहला बिल भी है। विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। आंकड़ों से पता चलता है कि लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 15 फीसदी से कम है, जबकि कई राज्य विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व 10 फीसदी से कम है।

महिला आरक्षण बिल के मुताबिक, लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिषत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जाति (एससी) और



अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए सीटें आरक्षित हैं। इन आरक्षित सीटों में से एक तिहाई सीटें अब महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इस समय लोकसभा की 131 सीटें एससी-एसटी के लिए आरक्षित हैं। महिला आरक्षण विधेयक के कानून बन जाने के बाद इनमें से 43 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इन 43 सीटों को सदन में महिलाओं के लिए आरक्षित कुल सीटों के एक हिस्से के रूप में गिना जाएगा। इसका मतलब यह हुआ कि महिलाओं के लिए आरक्षित 181 सीटों में से 138 ऐसी होंगी जिन पर किसी भी जाति की महिला को उम्मीदवार बनाया जा सकेगा यानी इन सीटों पर उम्मीदवार पुरुष नहीं हो सकते। यह गणना लोकसभा में सीटों की वर्तमान संख्या पर की गई है। परिसीमन के बाद इसमें बदलाव आने की संभावना है। सबसे पहले संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा को इस विधेयक को दो-तिहाई बहुमत से पास करना होगा। इसके बाद जनगणना के बाद परिसीमन की कवायद की जाएगी। परिसीमन में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर सीमाएं तय की जाती हैं। पिछला देशव्यापी परिसीमन 2002 में हुआ था. इसे 2008 में लागू किया गया था। परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के भंग होने के बाद महिला आरक्षण प्रभावी हो सकता है। अभी ऐसा लग रहा है कि 2026 के लोक सभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण का लागू होना संभव नहीं है। लागू हो जाने के बाद महिला आरक्षण केवल 15 साल के लिए ही वैध होगा. लेकिन इस अवधि को संसद आगे बढ़ा सकती है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि एससी-एसटी के लिए आरक्षित सीटें भी केवल सीमित समय के लिए ही थीं, लेकिन इसे एक बार में 10 साल तक बढ़ाया जाता रहा है।

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ओबीसी आरक्षण, परिसीमन का मुद्दा या जनगणना को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं, मैं सबका जवाब देता हूं। सबसे पहला जवाब विद्यमान संविधान में तीन तरह के सांसद आते हैं, जो सामान्य, एससी और एसटी कैटेगरी से आते हैं। ये तीनों कैटेगरी में हमने महिलाओं का 33 प्रतिषत आरक्षण कर दिया है। अब एक तिहाई सीटों को आरक्षित करना है तो वह सीट कौन तय करेगा? हम करें? महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि परिसीमन को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है। परिसीमन के सेक्शन 8 और 9 में ये कहा गया है कि संख्या देकर ही निर्धारण होता है। इन तकनीकी चीजों में हम जाएंगे तो आप चाहते हैं कि ये बिल फंस जाए। लेकिन हम इस बिल को फंसने नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया है कि महिला आरक्षण का विषय हॉरिजोन्टल भी है और वर्टिकल भी है। अब तुरंत तो परिसीमन, जनगणना नहीं हो सकती। आप कह रहे हैं कि तुरंत दे दीजिए।

सरकार की ओर से पेश विधेयक में कहा गया है कि परिसीमन की हर प्रक्रिया के बाद आरक्षित सीटों का रोटेशन होगा। इसका विवरण संसद बाद में निर्धारित करेगी। यह संविधान संशोधन सरकार को संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के लिए अधिकृत करेगा। सीटों के रोटेशन और परिसीमन को निर्धारित करने के लिए अलग एक कानून और अधिसूचना की जरूरत होगी। स्थानीय निकायों, जैसे पंचायत और नगर पालिकाओं में भी एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इनमें हर चुनाव में सीटों का आरक्षण बदलता रहता है यानी रोटेशन होता है। अनुसूचित जाति के लिए सीटें किसी निर्वाचन क्षेत्र में उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षित की जाती हैं। अभी यह साफनहीं हुआ है कि लद्दाख, पुडुचेरी और चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित राज्य, जहां लोकसभा की केवल एक-एक सीटें हैं, वहां सीटें कैसे आरक्षित की जाएंगी. उत्तर-पूर्व के कुछ राज्यों जैसे मणिपुर और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड में लोकसभा की एक ही सीट है। हालांकि, पिछले महिला आरक्षण विधेयक में इस मामले को निपटा गया था। साल 2010 में राज्यसभा की ओर से पारित किए गए विधेयक में कहा गया था कि जिन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में केवल एक सीट है।

# बौखलाहट है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना


न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है।


ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना करना। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते है कि हिंदू धर्म 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को। जब कोई विवाद खड़ा किया जाता है, तो उसका व्यापक असर होता है, जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान होती है। फिर ऐसी स्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों को आधार बनाकर अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की कुचेष्ठा भी होती है, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है।

राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। असल में लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक दलों को हमेशा ऐसे संवेदनशील एवं भावनात्मक मुद्दों की तलाश रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर वोटरों को प्रभावित किया जा सके। धार्मिक मुद्दे इस पैमाने पर बिल्कुल ठीक बैठते हैं। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी -कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है। ताजा सनातन मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है, सनातन धर्म को लेकर जारी विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्त्तव्यों का समूह है जिसमें देश के प्रति कर्त्तव्य, राजा का कर्त्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्त्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्त्तव्य और गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्त्तव्य हैं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जो



कुछ भी चल रहा है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय इस पर अपने विचार व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं सकता। सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। वोट बैंक के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए अच्छा नहीं होता।

न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है। इसने मोटे तौर पर सनातन धर्म को 'शाश्वत कर्तव्यों' के एक समूह के रूप में समझा है, और इसे किसी एक विशिष्ट साहित्य से नहीं जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसे कई स्रोतों से इकठ्ठा किया जाना चाहिए, जो या तो हिंदू धर्म से संबंधित हैं, या जिन्हें हिंदू जीवन शैली का पालन करने वाले लोग स्वीकार करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो सनातन एक शाश्वत धर्म है, जीवन का सत्य है। विज्ञान भी सनातन सत्य को पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हुआ है, किन्तु वेदांत में उल्लेखित जिस सनातन सत्य की महिमा का वर्णन किया गया है, विज्ञान भी धीरे-धीरे उससे सहमत होता नजर आता है। सनातन धर्म के सत्य को जन्म देने वाले अलग-अलग काल में अनेक ऋषि हुए हैं। जिन्होंने सत्य को जैसा देखा, वैसा कहा। सभी ऋषियों की बातों में एकरूपता है। जो इन ऋषियों की बातों को एवं सत्य को समझ नहीं पाते, वही उनमें भेद करते हैं, विवाद करते हैं। असल में भेद एवं विवाद भाषाओं में होता है, अनुवादकों में होता है, संस्कृतियों में होता है, परम्पराओं में होता है, सिद्धान्तों में होता है, राजनीतिक सोच एवं संकीर्णताओं में होता है, लेकिन सत्य में नहीं। सनातन एक सत्य है, उसमें भेद एवं विवाद करने वाले बुद्धि के दिवालियपन के शिकार है।

इस तरह के आधारहीन विवादों को उछालने वाले राजनीतिक दल एवं नेता उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास करते हैं। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक सोच से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसे समाज एवं राष्ट्र को तोड़ने वाली कुचेष्ठाएं करने वालों की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख पाते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। तरस आता है समाज में बिखराव करने वाले ऐसे लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं। जब भी ऐसे विवाद खड़े किये जाते हैं, विरोधी आरोपों एवं विरोध से सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश करते हैं। जबकि संघ की शालीनता एवं विशेषता है कि वह अक्सर आरोपों एवं विरोध पर प्रतिक्रिया नहीं देता। उसका चरित्र इन सबसे अप्रभावित रहते हुए शांतिपूर्वक समाज-निर्माण एवं राष्ट्र-निर्माण के काम करने का है। वैसे संघ की नजरों में सनातन का अर्थ रिलीजन-धर्म नहीं है, यानी यह किसी मजहब का पर्याय नहीं हैं। संघ की दृष्टि में सनातन-सभ्यता एक आध्यात्मिक लोकतंत्र है।

निश्चित सनातन एक उन्नत विचार एवं जीवन-दर्शन है। जो तत्व सदा, सर्वदा, निरंजन, निर्विकार और सदैव स्वरूप में स्थित रहता है, उसे सनातन या शाश्वत सत्य कहते हैं। वेदों का ब्रह्म और गीता का स्थितप्रज्ञ ही शाश्वत सत्य हैं। जड़, प्राण, मन, आत्मा और ब्रह्म शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं। सृष्टि एवं ईश्वर ( ब्रह्म ) अनादि, अनंत और सर्वविभु हैं। जिस प्रकार आकाश, वायु, जन, अग्नि और पृथ्वी शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं, जो अपना स्वरूप बदलते हैं किन्तु समाप्त नहीं होते, ठीक उसी तरह सनातन सत्य भी हैं। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार इसी सनातन धर्म के मूलमंत्र हैं। समाज को समरस बनाने में सनातन धर्म की बहुत बड़ी भूमिका है। सनातन धर्म हमें प्रत्येक वस्तु, व्यक्ति में परमात्मा के दर्शन करने की शिक्षा देता है। सनातन धर्म कहता है कि गलतियां करें तब भी सच्चे मन से कोशिश करें कि फिर उन्हें न दोहरायें।

# आईटीआई के युवाओं को देंगी प्रशिक्षण : कपिल देव

## कुशल युवा, समृद्ध भारत की परिकल्पना पर कार्य कर रही हैं योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कुशल युवा, समृद्ध भारत की परिकल्पना पर योगी सरकार कार्य कर रही है। आईटीआई के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है। युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण इस तरह से दे, जिससे कि वो उस तकनीक के विशेषज्ञ बनकर रोजगार देने वाले बन सके। उक्त बातें सोमवार को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र, आईटीआई परिसर में अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से टाटा टेक्नोलॉजी लि. से एमओयू करके प्रदेश की 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इन आईटीआई में पढ़ने वाले युवाओं को आधुनिक तकनीको में हुनरमंद बनाने के लिए अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कौशल विकास मंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नही बल्कि रोजगार देने वाला बनाया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए तकनीक क्षेत्र की विभिन्न बड़ी कंपनियों से बातचीत भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने में आईटीआई की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए अनुदेशक एवं कार्यदेशक अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करे। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित मे किसी प्रकार की

**■ युवा सिर्फ रोजगार पाने वाले ही नहीं विशेषज्ञ के रूप में रोजगार देने वाले भी बने**

लापरवाही या शिथिलता करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवाओं को आईटीआई में रोजगारपरक ट्रेड में हुनरमंद बनाने के साथ ही साथ रोजगार मेलो का आयोजन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाय।

उल्लेखनीय है कि टाटा टेक्नोलॉजी लि. से आच्छादित प्रदेश के 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रत्येक संस्थान के अनुदेशक व कार्यदेशक का प्रशिक्षण टाटा टेक्नोलॉजी लि. के भिज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण देने हेतु बैचवार 50-50 अनुदेशकों व कार्यदेशकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। प्रदेश के कुल 900 अनुदेशकों व कार्यदेशकों को विशेष रूप से एक-एक लांग टर्म कोर्स के बारे में प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रथम चरण में बेसिक डिज़ाइनर एंड वर्चुअल वेरिफिर एवं एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। द्वितीय चरण में आर्टिसन यूजिंग एडवांस टूल एवं इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक का प्रशिक्षण संचालित किया जायेगा। प्रशिक्षण उपरान्त एसेस्मेन्ट आधार पर ग्रेडिंग करते हुये प्रमाण पत्र तैयार कर प्रतिभागियों को प्रदान किया जायेगा। टाटा टेक्नोलॉजी लि. द्वारा संस्थान में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देने हेतु यथा आवश्यक साज-सज्जा मशीनरी आदि स्थापित कर दिया गया है जिस पर प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# अब तक 1.52 करोड़ शिकायतों का हुआ निस्तारण : एके शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत कार्य कर रही और उनकी समस्याओं का त्वरित निदान के प्रयास किये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं की बिजली सम्बंधी समस्याओं के निदान हेतु उ0प्र0 पावर कारपोरेशन की ओर से अप्रैल 2017 से टोल फ्री नम्बर 1912 संचालित है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में अब तक 1.52 करोड़ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया।

श्री ए0के0 शर्मा ने बताया कि इसी प्रकार अब तक बिल सम्बन्धी लगभग 10 लाख शिकायतों का निस्तारण किया गया। मीटर से सम्बन्धित 17 लाख, स्मार्ट मीटर सम्बन्धी 1.76 लाख,



कनेक्शन सम्बन्धी 04 लाख उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया। लोड बढ़ाने सम्बन्धी 20 हजार, विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी 1.3 करोड़ से ज्यादा समस्याओं और शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार बिजली चोरी सम्बन्धी 1.28 लाख सूचनाओं का निस्तारण किया गया और अन्य सेवाओं के लगभग 33 हजार शिकायतों का निस्तारण किया गया। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि

**■ टोल फ्री नम्बर 1912 पर उपभोक्ताओं की समस्याओं का हो रहा समयबद्ध निस्तारण**

टोल फ्री नम्बर को और प्रभावी एवं क्रियाशील बनायें। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता जानने हेतु उपभोक्ताओं का फीडबैक लेने का भी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कुछ जगहों से ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं कि टोल फ्री नम्बर उठता नही है या रिस्पॉन्स नही करता है। ऐसी शिकायतें आनी बन्द होनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि टोल फ्री नम्बर क्रियाशील रहे और उपभोक्ता की समस्या का हल होने तक उसके सम्पर्क में रहें। उपभोक्ता की संतुष्टि के बाद ही कॉल निस्तारित समझें। उन्होंने कहा कि 1912 पर आने वाली सूचनाओं, समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण हेतु लगातार मानीटरिंग की व्यवस्था बनायी गयी है।

# दो वाहनों की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोग घायल

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** हाटाङ्कक्सानगंज मार्ग पर स्थित हरपुर बरवा में सोमवार की देर रात करीब आठ बजे दो बहनों की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए पांचों को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी हासिम खान टेंपू रिजर्व कर अपने परिवार के साथ गोरखपुर दवा कराने गए थे। दवा कराकर घर वापस आ रहे थे कि हरपुर बरवा पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे पंजाब नेशनल बैंक हरपुर बरवा के कैशियर के

**■ हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर स्थित हरपुर बरवा में हुई हादसा**

गाड़ी से टक्कर हो गई जिसमें हासिम खान (70) हामिद खान (65) टेंपू चालक रफीउल्लाह (40) सैरून निशा (60) व सबा (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद पांचों को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा कि इस हादसे में किसी का पैर फैक्चर हो गया तो किसी का हाथ तो, किसी के सर में गंभीर चोटे लगी है। हादसे के दौरान मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस वाहनों को कब्जे में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कैशियर की गाड़ी पहले एक ठेले में टक्कर मारी फिर टेंपू से जा भिड़ी।

# जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें : केशव

अवधनामा संवाददाता

### उपमुख्यमंत्री मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण का दिलाया विश्वास

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित आवास (कैम्प कार्यालय) पर दो दर्जन से अधिक जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं।

उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आये तमाम लोगों के पास स्वयं जाकर उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र





भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर भी वार्ता की। उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को विश्वास दिलाया कि किसी को निराश नहीं होना पड़ेगा, सबकी समस्याओं का समुचित समाधान कराया जायेगा।

### पं दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर एकात्म मानववाद के प्रणेता, श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उनकी स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय राजनीतिक मूल्यों के प्रतीक, एकात्म मानववाद और अंतोदय जैसे प्रगतिशील तथा सर्वसमावेशी विचारों के प्रतिपादक, प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल जी के जीवन दर्शन को न केवल हम सबको अनुसरण करना चाहिए, बल्कि उसे आत्मसात भी करना चाहिए।

# 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व, निर्देशन व प्रबन्धन में महत्वपूर्ण व प्रभावी कदम उठाए गए हैं। फलस्वरूप वर्ष 2016-17 मनरेगा में महिलाओं की सहभागिता 33प्रतिशत थी, वहीं अब बढ़कर 43प्रतिशत से अधिक हो गयी है।मनरेगा योजनान्तर्गत 2017से अब तक प्रदेश में कुल 1.76 करोड़ महिलाओं द्वारा कार्य करते हुए 60.90 करोड़ मानवदिवस का सृजन किया गया है। मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता वित्तीय वर्ष 2016- 17 में 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 2021-22 में 38 प्रतिशत की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 30.75 लाख महिला श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध




**■ मनरेगा में महिलाओं की सहभागिता विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष सबसे अधिक (43 प्रतिशत)**

कराया गया एवं मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता 38 प्रतिशत रही। वित्तीय वर्ष 2023-24 में महिलाओं की सहभागिता 43.04 प्रतिशत है।मनरेगा योजनान्तर्गत 20 या 20 से अधिक श्रमिकों वाले मनरेगा कार्यस्थल पर पर्यवेक्षण हेतु महिला मेट का नियोजन किया जाता है। ग्राम्य विकास आयुक्त श्री जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 32437 से अधिक महिला मेट का नियोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण परिवारों को 100 दिवसों का पूर्ण रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम स्थान पर है।

# एड्स के प्रति जागरूकता के लिए दौड़ा लखनऊ

## उप्र राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के तत्वावधान में मैराथन-'रेड रन उत्तर प्रदेश' आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी की अलसायी सुबह के करीब छह बजे का वक्त.... जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नम्बर-4 पर सैकड़ों की तादाद में छात्र-छात्राओं और ट्रांसजेंडर का जमावड़ा। इनके चेहरे पर तैर रही खुशियाँ साफ़ कह रहीं थीं आज की सुबह कुछ खास होने वाली है। इनका मकसद सिर्फ एक था, अपने जिले, प्रदेश और देश के लोगों को एचआईवी/एड्स से महफूज करना। इसके प्रति जागरूकता के लिए उन्होंने 10 किलोमीटर की दौड़ भी लगायी। इनकी हौसलाअफजाई के लिए जहाँ एक ओर प्रदेश के आला अधिकारी मौजूद थे वहीं सैकड़ों की तादाद में राहगीर भी उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे।

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) भारत सरकार के तत्वावधान में 'यूथ फेस्ट' कार्यक्रम के तहत सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी द्वारा राज्यस्तरीय



मैराथन 'रेड-रन उत्तर प्रदेश' का आयोजन किया गया। जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नम्बर-चार से आयोजित 10 किलोमीटर के मैराथन में 17 से 25 साल के छात्र-छात्राओं और ट्रांसजेंडर ने भाग लिया। रेड रन मैराथन का शुभारम्भ करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ. हीरा लाल ने कहा कि एक वक्त था जब कोविड से भी अधिक भयावह स्थिति एड्स को लेकर थी। समय बदला और लोगों में जागरूकता आई जिससे एड्स पर नियन्त्रण पाया गया लेकिन इसको पूरी तरह से ख़त्म करने के लिए अभी और जागरूकता की जरूरत है। आज सुबह इतनी बड़ी तादाद में आपकी उपस्थिति यह एहसास जरूर दिलाती है कि हम जल्दी ही इसमें भी कामयाब होंगे। उन्होंने कहा- इलाज से बेहतर बचाव है, इसलिए जागरूक बनें और बीमारियों से बचें। इसके साथ ही उन्होंने जल, जंगल, जमीन के साथ ही जिन्दगी को सुरक्षित बनाने के लिए प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया।

छात्र और छात्रा वर्ग के प्रथम दो-दो विजेता नेशनल मैराथन में भाग लेने जायेंगे गोवा- मैराथन में पुरुष वर्ग

**■ जल, जंगल, जमीन व जिन्दगी को सुरक्षित बनाने के लिए प्लास्टिक मुक्त समाज बनाएं- डॉ. हीरा लाल**

(छात्र) के प्रथम विजेता अंकित शुक्ला रहे, जबकि दूसरे स्थान पर अमन वर्मा और तीसरे स्थान पर शिवम कुमार रहे। महिला वर्ग (छात्रा) में पहले स्थान पर साक्षी यादव, दूसरे स्थान पर वर्षा रानी और तीसरे स्थान पर दीपिका रहीं। ट्रांसजेंडर वर्ग में पहले स्थान पर सचिन गुप्ता उर्फ़ खुशी, दूसरे स्थान पर हरीश और तीसरे स्थान पर मुन्ना जनानी रहे। छात्र-छात्रा वर्ग के पहले दो-दो विजेताओं को अगले महीने गोवा में होने वाले नेशनल मैराथन में भाग लेने के लिए यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी ले जायेगी। इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने सोसायटी से कहा कि इन विजेताओं के खानपान का उचित प्रबंध किया जाए ताकि वह अच्छी तरह से अभ्यास कर नेशनल मैराथन में भाग ले सकें।

# नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के लिए आवेदन आमन्त्रित

**लखनऊ।** नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत गोवंशीय पशुओं में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' प्रारम्भ की गई है। प्रथम चरण में जनपद लखनऊ में 25 दुधारू गायों की 04 ईकाइयाँ स्थापित की जायेगी। जिसके लिये आवेदन आमन्त्रित किये गए है। आवेदन करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 5:00 बजे तक कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, विकास भवन, सर्वोदयनगर, लखनऊ के प्रथम तल कक्ष संख्या-एफ-10 से प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 05 सितम्बर है। योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी पशुपालन विभाग की बेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि के उपरान्त आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। यह जानकारी डा एके वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी लखनऊ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

# दीन दयाल उपाध्याय की मनाई गई जयंती

अवधनामा संवाददाता

**गाजियाबाद।** आज नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के तत्वाधान में तथा उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार के निर्देशन में मुरादनगर नगर पालिका के सभागार में महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले अतिथियों को फ्लावर बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया इसके बाद सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल जी को माला पहनाकर तथा दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार नेहरू युवा केंद्र ने बताया की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म मथुरा जिले के नगला सूरजभान ग्राम में में 25 सितंबर 1916 को हुआ था उनके बचपन में ही उनके माता-पिता का स्वर्गवास हो गया था और उनका लालन पालन उनके चाचा तथा उनके नाना और मामा के यहां हुआ पढ़ाई में ग्रेजुएशन करने के बाद 1937 में इन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वालंटियर के रूप में कार्य करना आरंभ किया तथा 1951 में डॉ श्यामा प्रसाद जी के संपर्क में आने के बाद इन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की जो आज भारतीय जनता पार्टी के नाम सेजानी जाती है। पंडित दीनदयाल जी एक दार्शनिक, समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री, उच्च कोटि के लेखक तथा चिंतक थे। देशवासियों को उन्होंने एकात्मक मानववाद के सिद्धांत को दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अरविंद भारतीय जी ने बताया की पंडित दीनदयाल जी बहुत ही उच्च कोटि के लेखक और राजनेता के अलावा आरएसएस तथा जनसंघ के संगठनकर्ता थे उनके एकात्मक मानववाद को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया की पंडित दीनदयाल जी का विचार था कि देश की आर्थिक योजनाएं अथवा आर्थिक विकास आर्थिक की माप सबसे ऊंची सीट पर बैठे व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे के स्तर पर बैठे व्यक्ति से होगी। वे देश को विकसित देशों की श्रेणी में लाने तथा आत्मनिर्भर बनाने के पक्षधर थे। इस अवसर पर डॉ मोईश ने देश भर में चल रहे मेरी माटी मेरा देश में उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा श्री अनिल सिंह ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में से जुड़कर लोगो को लोगो को स्वच्छता के जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का आयोजन महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान मुरादनगर की अध्यक्षा श्रीमती दुर्गेश शर्मा के सहयोग से किया गया जिसमें स्वाति पूजा तालिब डॉक्टर मोइश, श्री अनिल कुमार सी श्री विवेक, शालू मकवाना मोहम्मद वसीम आदि लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तालिब द्वारा किया गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वाधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन किया गया। बताते चलें कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मदिवस के पावन अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के माध्यम से %पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन दर्शन एवं प्रासंगिकता÷ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का अयोजन विश्वविद्यालय के अटल हॉल में माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह के संरक्षण में हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत परिचय के साथ शोधपीठ के समन्वयक डॉ. लक्ष्मण सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम की प्रस्तावना शोधपीठ की निदेशक प्रो. चंदना डे ने एकात्म मानववाद के माध्यम के रूप में अपनी बात रखी।



राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम मुख्य अतिथि यतीन्द्र जी, सह संगठन मंत्री, विद्या भारती ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। दीनदयाल जी ने देश को स्वातंर्त्य रूप से एक दर्शन दिया जिसने अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा सके। उपाध्याय जी ने भारतीय संस्कृति के दर्शन को ही अंतिम व्यक्ति का दर्शन बताया। समाज से सृष्टि का चिंतन और विचार पंडित जी ने दिया। बहुलता का एक दर्शन ही भारत का दर्शन है। संगोष्ठी के विशिष्ठ अतिथि माधवेन्द्र सिंह, प्रभारी, एकल अभियान ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन दर्शन से सीख लेने की आवश्यकता है। सिंह ने युवाओं से राष्ट्र की सेवा करने की अपील भी की। वहीं राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए माननीय कुलपति प्रो. एन बी सिंह ने अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए कहा कि विभिन्न कालखंड में समाज में दिशा देने के लिए महापुरुषों का आगमन होता रहा है। प्रो. सिंह ने कहा कि समाज के नीचे और ऊपर के व्यक्ति को आपस में जोड़ कर ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। महापुरुषों के इसी रूप से समाज को अग्रेसर किया जा सकता है। वहीं राष्ट्रीय संगोष्ठी में एकात्म मानववाद दर्शन के ऊपर शोधार्थियों ने शोधपत्र भी प्रस्तुत किए। अंत में राष्ट्रीय संगोष्ठी का धन्यवाद ज्ञापन शोधपीठ की निदेशिका प्रो. चंदना डे किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. पूनम चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रो. सैय्यद हैदर अली, डॉ. प्रवीन राय, डॉ. मनीष कुमार, डॉ.रमेश वर्मा सहित तमाम शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नवनियुक्त अभ्यर्थियों को देंगे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 सितंबर को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिये नवनियुक्त अभ्यर्थियों को लगभग 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे। रोज़गार मेला देश भर में वाराणसी सहित 46 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। वाराणसी में डाक विभाग के तत्त्वावधान में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में रोज़गार मेले का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री होंगी। आयोजन के नोडल अधिकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव होंगे। इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का वाराणसी एयरपोर्ट पर पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने डाक विभाग की तरफ से स्वागत किया। गौरतलब है कि इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से नई



भर्तियों में चयनित होने वाले अभ्यर्थी भारतीय डाक विभाग, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में कार्य करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। नवनियुक्त अभ्यर्थियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां कहीं भी किसी भी डिवाइस सीखने के प्रारूप के लिए 680 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

# सांसद रमेश विधुड़ी को सदन से किया जाये निष्काषितः एआइपीएमएम

**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** दक्षिणी दिल्ली से सांसद रमेश बिधुड़ी द्वारा सदन में सांसद दानिश अली के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किए जाने का ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ कड़े शब्दों में निन्दा करता है तथा लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से सांसद रमेश विधुड़ी को सदन से निष्काषित करने की मांग करता है और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से भी आगामी लोकसभा चुनाव में ऐसे दूषित मानसिकता के व्यक्ति को टिकट न देने की मांग करता है। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ देशज पसमांदा समाज से गुजारिश करता है कि इस घटना को हिंदू, मुस्लिम के नजरिए से न देखे। इस घटना की सबसे ज़्यादा हिन्दू समाज के लोग निंदा कर रहे हैं। ये विचार सांसद रमेश विधूड़ी के व्यक्तिगत है। सदन में इस अमर्यादित भाषा के लिए रमेश विधूड़ी को बहुसंख्यक समाज और किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन अब तक नहीं देखा गया है। भारतीय जनता पार्टी ने भी इनको नोटिस जारी किया है। इसलिए इस घटना को किसी धर्म, वर्ग और राजनीतिक दल से जोड़कर नही देखा जाना चाहिए।

# जुलूस-ए-मुहम्मदी 28 सितंबर को सुबह 7 बजे मदरसा दारुल उलूम से निकाला जायेगा

## तजवीदुल कुरआन नई बस्ती, आज़ाद नगर से अदब के साथ उलमाए इकराम की सरपरस्ती में निकाला जायेगा जुलूस-ए-मुहम्मदी- कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी

■ मदरसा दारुल उलूम गौसिया

**वहाज अली निहाल**



मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन नई बस्ती आज़ाद नगर में जुलूस-ए-मुहम्मदी के संबंध में बैठक करते शहर के उलमाए इकराम।

**इटावा।** मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन नई बस्ती, आज़ाद नगर में इशा की नमाज़ के बाद जुलूस-ए-मुहम्मदी के संबंध में एक ज़रूरी बैठक हुई। जिसका आगाज़ हाफिज़ कफील अहमद चिश्ती ने कलाम पाक की तिलावत और अब्दुल कादिर जीलानी ने नात पाक मैं सो जाऊ या मुस्तफा कहते-कहते खुले आँख सल्ले.अला कहते-कहते से हुआ। बैठक की सदारत मौलाना उबैदुर्रहमान खां कादरी ने की। उन्होंने कहा कि आका सल्ल.की आमद की खुशियां मनाते है। मज़हब के हिसाब से जुलूस में डीजे नहीं होना चाहिए। पाक साफ लिवास बा बज़ू सरो पर टोपियां लबों पर दुरूद शरीफ, नात शरीफ पढ़ते हुए चलना चाहिए। जुलूस के आयोजक कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी ने कहा कि जुलूस-ए-मुहम्मदी हर साल की तरह इस साल भी बारह रवीउल अव्वल के मुबारक मौके पर 28 सितंबर दिन जुमेरात को सुबह 7 बजे मदरसा दारुल उलूम गौसिया तजवीदुल कुरआन नई बस्ती, आज़ाद नगर से अदब के साथ उलमाए इकराम की सरपरस्ती में निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि आका सल्ल.ने जो हम सबको तरीका बताया उस पर चलना चाहिए। जुलूस के आगे या पीछे चलने से कोई कमी नहीं आ जायेगी, जिसे जहा जगह मिले वही पर शामिल हो जाना चाहिए इससे जुलूस अनुशासन से चलता रहता है। उन्होंने शहर की सभी तंज़ीमो और ज़िमेदार लोगों से अपील करते हुए कहा कि जुलूस के आगे पीछे चारों ओर नज़र रखें। जुलूस एक साइड से चले एक साइड में निकलने वालों को रास्ता दे किसी को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। मौलाना ज़ाहिद रज़ा पेश इमाम मस्जिद पंजवीयान ने कहा कि जुलूस में अदब का ख़ास ख़याल रखे, एक साइड से ही चले, कोई अफरा-तफरी न करें। अल्लाह और उसके रसूल सल्ल.की रज़ा शामिल होनी चाहिए। अंत में जुलूस के आयोजक कारी सरफ़राज़ आलम निज़ामी ने शहर के लोगों से जुलूस में वक्त पर पहुँचने की अपील की है।

बैठक में हाफिज़ मुहम्मद अहमद अकबरी, कारी शहवाज अनवर, हाफिज़ गुलाम गौस, हाफिज़ मुहीउद्दीन, हाजी सरफ़राज़ मुस्तफा खां सदर अंजुमन-ए-हुसैनिया, हाजी मुइनुद्दीन गुड्डू मंसूरी अध्यक्ष भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन, हाजी हाजी अज़ीम वारसी सरपरस्त अन्जुमन गुलामान-ए-हुसैन, हाजी रहीस अहमद चिश्ती सदर, वाई के शफी चिश्ती जनरल सेक्रेट्री, कुँवर रफत अली खां सदर कमेटी जुलुस ईदमीलादुन्नबी सल्ल., हाजी शेख़ शकील अहमद ज़िलाध्यक्ष ऑल इंडिया उलमा व मशाइक बोर्ड, हाजी शेख़ आफताब सेक्रेट्री, शाहनवाज़ अतहर, असरार अहमद अशरफी टिंकू, हाजी दिलशाद खां, खुर्शीद अहमद, छोटे कुरैशी, मुहम्मद ज़ाहिद, मुहम्मद अज़ीम, अनस अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## जुलूसे ए मोहम्मदी को लेकर अंजुमन ए हुसैनिया कमेटी की बैठक संपन्न

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** अंजुमने हुसैनिया कमेटी की एक बैठक कमेटी के सदर हाजी सरफराज मुस्तफा खान की सदारत में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए मौलाना जाहिद रजा ने कहा कि हर साल की तरह साल भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी 28 सितंबर जुम्मे रात को मनाया जाएगा उसी दिन बाद नमाज फजर जुलूस ए मोहम्मदी उलेमाओं की सरपरस्ती में उठाया जाएगा जिसमें शहर भर के सभी वर्गों के लोग शिरकत करेंगे उन्होंने जुलूस में शामिल होने के लिए जुलूस के आदाब बताते हुए कहा कि जुलूस में सभी लोग नए कपड़े पहनकर व टोपी इत्र लगाकर हुजूर की शान में नात शरीफ दरूद शरीफ पढ़ते हुए चले साथ ही सभी लोग जुलूस के दौरान रास्ते में किसी प्रकार का रूकावट न होने दें जिससे अवाम को निकलने में परेशानी न हो। मौलाना जाहिद राजा ने सभी अंजुमनों और चौकिया के लोगों से अपील की है कि जुलूस के दौरान डीजे पर बजने वाली नाते धीमी आवाज में बजाय और संगीत वाली नाते कतई ना बजाय उन्होंने बताया कि जुलूस 28 सितंबर की सुबह बा रोज जुमेरात को प्रातः 7:00 बजे अपने मुकाम नया शहर चौराहा से उलेमाओं द्वारा झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना होगा जो की दोपहर 1:00 बजे अपने मुकाम पर आकर समाप्त हो जाएगा। बैठक में मौलाना वाजिद अशरफी मौलाना फुरकान रजा डॉक्टर शोएब अहमद चिश्ती हाफिज कारी सरफराज निजामी हाफिज अरशद हुसैन कारी शाहाबाज अनवर हाफिज मोहम्मद हुसैन वारसी सहित अंजुमन हुसैनिया कमेटी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं शहर की सभी अंजुमनों के पदाधिकारी मौजूद रहे बैठक की निजामत नदीम एडवोकेट ने की बैठक की समाप्ति के बाद देश में अमन चैन खुशीहाली एवं भाईचारा कायम रहने के लिए दुआ की गई।

## डॉ आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता नवंबर में होगी

**मथुरा।** भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश पंजीकृत की बैठक कैंप कार्यालय औरंगाबाद डॉ,अनिल कुमार दिनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें युवा एवं बाल विकास समिति के अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में डॉक्टर अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला परीक्षा प्रभारी सच्चिदानन्द सिंह को बनाया गया है। इसके अलावा सहायक परीक्षा प्रभारी विपिन कुमार, विमल सागर, राजेंद्र सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह एवं बाबूलाल सागर को बनाया गया, जो परीक्षा की संपूर्ण जानकारी प्रदान करने एवं सहयोग के रूप में आवेदन पत्र एवं सहायक सामग्री तैयारी के लिए उपलब्ध कराएंगे। इस परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2023 है और परीक्षा तिथि 19 नवंबर 2023 को रखी गई है। इसके लिए जो भी छात्र एवं छात्राएं आवेदन करने के इच्छुक हैं जल्द आवेदन करें। यह परीक्षा दो वर्गों में की जाएगी सीनियर वर्ग जिसके अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित रहेंगे दूसरा जूनियर वर्ग जिसके अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहेंगे। इस बैठक में ईश्वरी प्रसाद गौतम, डी.के. भास्कर व ओम प्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

# हिमांशु व श्याम जी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में मिला दायित्व



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव ने निर्णायक मंडल नेशनल रेफरी में चली आ रही अपनी भूमिका के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए लखनऊ चौक स्टेडियम में आयोजित नेशनल रेफरी के सेमिनार में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया व शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। वही इसी कड़ी में संघ के सदस्य व कोच की भूमिका में योगदान दे रहे श्याम जी सक्सेना ने अपना नेशनल रेफरी व ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने जिले में नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए। जिले के निर्णायक मंडल में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह प्रशिक्षण दिनांक 18/09/2023 से लेकर 21/09/2023 तक संपन्न कराया गया। इसमें रेफरी की ट्रेनिंग ईरान के अंतरराष्ट्रीय रेफरी मोहम्मदा जी के द्वारा कराया गया। इस सेमिनार में 250 लोगो ने प्रतिभाग किया था। अलग जिले व अलग प्रदेशों से आए खिलाड़ियों ने इस सेमिनार में प्रतिभाग किया। संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी व सह सचिव हरिगोविन्द सिंह, रोहित द्विवेदी कोषाध्यक्ष नबीला मीडिया प्रभारी तरुण रंजन गुप्ता जी ने बहुत आभार व शुभकामनाएं प्रेषित की। अगले माह में महासचिव हिमांशु यादव व सदस्य श्याम जी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में अहम भूमिका निभाने का दायित्व प्रदान किया गया है। यह उनके अच्छे प्रदर्शन व अनुभव को ध्यान रख कर किया गया है।

# हज़रत डॉ. बन्ने मियां का 26 वाँ उर्स मुबारक कुल शरीफ के बाद हुआ पूरा

**अवधनामा ब्यूरो**

■ नईम अपने मुकद्दर पे नाज़ है मुझको, मैं ग़रीब हूँ आका मेरा ग़रीब नवाज़

**इटावा।** नईम अपने मुकद्दर पे नाज़ है मुझको, मैं ग़रीब हूँ आका मेरा ग़रीब नवाज़। सारा जीवन बहुत ही सादगी से गुज़ारने वाले और हज़ारों बीमारों को शिफ़ा देने वाले, चाहे ग़रीब हो या अमीर एक ही कतार में आपके दवाखाने दिखाने आते थे मरीज़ और पाते थे शिफ़ा। ख़ादिम दरगाह चिश्तिया नईम मियां के डॉक्टर मुहम्मद शोएब अहमद चिश्ती बताते है कि डॉ साहब ने अपनी ज़िंदगी बहुत ही सादगी से गुज़ारी, आपने गंभीर बीमारी के ऐसे न जाने कितने मरीजों को अपनी दवा और दुआ से सही किया बहुत ही कम फीस में। आज 26 सालों से सभी अकीदतमंद हर साल हज़रत की याद में उर्स मनाकर आपको याद करते है दरगाह शरीफ पर हाज़री देकर चादर पोशी कर दुआयें मांगते है, कई जनपदों के ज़ायरीन आकार फैज़ पाकर जाते है।

जनपद के प्रसिद्ध चिकित्सक हज़रत डा.मुहम्मद ऐनुन्नईम( डॉ.बन्ने मियां चिश्ती मिस्बाही रह. )का 26 वाँ एक रोज़ा सालाना उर्स मुबारक बहुत ही शानो-शौकत, अदब व बहुत ही सादगी के साथ मनाया गया। सबितगंज स्थित दरगाह शरीफ को अकीदतमंदों ने रंग-बिरंगी झालरों से सजाया। उर्स के मौके पर अकीदतमंदों ने चादर पोशी कर दुआयें माँगी। दरगाह शरीफ के ख़ादिम डॉ मुहम्मद शोएब अहमद चिश्ती नईमी ने बताया कि मंगलवार को बाद नमाज़ जुहर कुरआन ख्वानी, बाद नमाज़ अस्र चादर पोशी व फातिहा और रात बाद नमाज़ इशा मीलाद शरीफ व संदल शरीफ, महफिले समाअ बाद कुल शरीफ हुआ। सदारत आस्ताना आलिया समदिया फफूंद शरीफ के सज्जादानशीन हज़रत सैय्यद मुहम्मद अख़्तर मियां चिश्ती साहब ने की। हज़रत सैय्यद नवाज़ अख़्तर (चिश्ती मियां) ने रात को लोगों को संबोधित करते हुए जश्न ईद मिलाद-उन-नबी सल्ल.पर खुसूसी बयान किया और इसके महत्व पर रौशनी डाली कि किस तरह से मनाना चाहिए। उर्स के मौके पर कव्वाल दिलशाद एण्ड पार्टी फफूंद शरीफ और अनस एण्ड पार्टी ने अपने ख़ास अंदाज़ में बेहतरीन कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी। उर्स की सरपरस्ती सैय्यद फुरकान वहीद मियां सज्जादा आस्ताना आलिया असलम मियाँ दारुल ख़ैर खैराबाद शरीफ जनपद सीतापुर ने की जो किसी वजह से नहीं आ सके। हाफ़िज़ व कारी मुहम्मद फुरकान रज़ा ने डॉक्टर हज़रत बन्ने मियां साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और शानदार तकरीर से मेहफिल में बैठे लोगों को एक पैगाम दिया। दरगाह शरीफ के ख़ादिम डॉ.मुहम्मद शोएब अहमद ने इस मौके पर सभी के हक़ में दुआयें की और सभी का शुक्रिया अदा किया। उर्स के मौके पर जयपुर से रुस्तम अली के अलावा कानपुर, आगरा, दिल्ली, लखनऊ, भोपाल आदि कई जगहों से हर धर्म के मानने वाले जायरीनों ने आकर हाज़री दी, चादर पोशी कर दुआयें माँगी।



# वन विभाग की टीम ने खैर लकड़ी तस्कर को दबोचा

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** मिर्जापुर पुलिस व वन विभाग की टीम ने आरक्षित वन क्षेत्र से खैर व अन्य प्रजातियों के वृक्ष की चोरी की लकड़ी काटने की घटना को अंजाम देने वाले एक अभियुक्त को मय लकड़ी माल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है। सोमवार को मिर्जापुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि करोंदी बीट नंबर एक बड़कला बादशाही बाग रेंज के वन रक्षक मनीष भारद्वाज ने कोतवाली में पहुंचकर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था जिसमे थाना मिर्जापुर के गांव जानीपुर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें पुलिस ने एक अभियुक्त दुल्ला पुत्र जफ्र निवासी जानीपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से दो प्रतिबंधित 2 खैर के पेड़ की लकड़ी (9 बोटे) व अन्य प्रजातियों के पेड़ की 10 कुंतल लकड़ी बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफकानूनी कार्यवाही कर न्यायालय में पेश कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ के अलावा उप निरीक्षक सत्येंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल संजय धामा, अफ्सर अली, मनीष भारद्वाज वनरक्षक, बृजपाल सिंह वनरक्षक, देशराज सिंह क्षेत्र सहायक शामिल रहे।

# संचारी रोग के संबंध में ग्राम प्रधानों को किया गया जागरूक

■ चित्तौरा सभागार में प्रधान, सचिव की बैठक सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**




**बहराइच।** जनपद में संचारी रोग से मुक्ति पाने के उद्देश्य से आज विकास खण्ड चित्तौरा के सभागार में ब्लाक के प्रधानों और ग्राम सचिवों की बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता एडीओ पंचायत अशोक कुमार श्रीवास्तव ने की तथा संचालन सचिव मंशाराम यादव ने किया।बैठक के दौरान कई ग्रामसभाओं के प्रधानों प्रतिनिधियों द्वारा अपनी अपनी समस्याओं को बताकर जल्द निस्तारण करवाए जाने की मांग के साथ साथ पैसों के भुगतान किए जाने का आग्रह करके सफाई कर्मियों के संबंध में चर्चा की गई।इस बैठक में अनेकों ग्राम प्रधान सचिव सहित यूनिसेफ की प्रियदर्शनी श्रीवास्तव मौजूद रही।

बैठक में अनेकों ग्राम प्रधानों प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार साझा किए इसके बाद एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधानों से अपील की कि इस संचारी रोग को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए पूरे मनोयोग से लग जाएं कही भी जलभराव न होने दें नालियों की नियमित सफाई करवा कर कूड़े कचरे के भी निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें मच्छरों से बचने के उपायों पर लोगो से समन्वय स्थापित करते हुए जागरूकता के कार्यक्रम को लगातार चलाते रहे। इसके बाद सचिव मंशाराम यादव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर दिनेश चंद्र मिश्रा स्वप्नमनि सोनकर ओम प्रकाश यादव आशुतोष कुमार सऊद इदरीसी विनय कुमार कैलाश नाथ यासिर शकील अखेशवनी त्रिपाठी पूजा चौधरी मोहम्मद अब्दुल्ला मेराज अहमद संजय यादव मोहम्मद अहमद शाबान सरिता पाण्डेय प्रियदर्शनी श्रीवास्तव सहित ब्लाक के अनेकों ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव मौजूद रहे।

## गोवर्धन पुलिसः महिला सहित तीन गांजा तस्कर पकड़े

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं घर पकड़ अभियान के तहत गोवर्धन पुलिस ने महिला सहित तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 लाख रुपए कीमत का गांजा और सवा तीन लाख रुपये नगद बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक ओम हरि वाजपेई ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा स्थित पहलवान मोहल्ला में भारी पुलिस वालों के साथ छापा मारकर श्याम बिहारी उर्फ सोनू बांके बिहारी उर्फ मोनु पुत्रगढ़ नटवर गोपाल मुखिया निवासी छोटी परिक्रमा मार्ग कस्बा थाना गोवर्धन और एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है उनके कब्जे से 41 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा और दो इलेक्ट्रॉनिक तोलने की मशीन खाली पॉलिथपॉलिथीन के पाउच और 3 लाख 26 हजार 870 रुपए नगद बरामद कर आरोपियो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा है।

# लोगों का जीना हुआ दुश्वार बुलाई गई आवश्यक बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

■ लोगों की समस्या का निदान किया जाएगा: विनोद दीक्षित

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम वार्ड नंबर 68 के अंतर्गत आने वाली बैंक कॉलोनी शिवपुरी महोली रोड मथुरा के निवासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक के माध्यम से अपनी अपनी समस्या स्थानीय निवासियों ने रखी। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता व बृज यातायात एवं पर्यावरण उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विनोद दीक्षित बुलाया गया। स्थानीय निवासियों के द्वारा बताया गया हमारी कॉलोनी की एक मुख्य समस्या यह है कि जब महोली रोड को ऊंचा किया गया था जब ही हमारे द्वारा प्रशासन को बताया गया कि हमारी कॉलोनी नीचे हो गई है और हमारी कॉलोनी में पानी भरेगा प्रशासन को बार-बार अवगत कराने के बावजूद इसके लिए प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया इस कारण हमारे यहां पर जब भी बरसात होती है तो बरसात का पानी नाली के द्वारा पूरी गली में भर जाता है साथ ही अधिक पानी आने पर स्थानीय नागरिकों के घरों में पानी घुस जाता है यह हमारी मुख्य समस्या है जिसको लेकर हम लगातार प्रशासन को अवगत कराते रहे हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुए इस कारण हमारी नालियां भी पूरी तरह से चौक हैं यहां पर ना साफ सफाई है और ना ही यहां पर कोई साफ करने आता है। सभी ने मिलकर अपनी समस्याओं की एक कॉपी सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित को दी इस मौके पर विनोद दीक्षित ने कहा स्थानीय लोगों की समस्या को मध्य नजर में रखते हुए जल्द ही प्रशासन को अवगत कराते हुए लोगों की समस्या का निदान किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए विपिन चाहर ने कहा लोगों की समस्या निदान करने के लिए प्रशासन और शासन को अवगत कराया जाएगा जिससे लोगों की समस्या से निदान मिल सके।

## राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता को खिलाड़ियों का चयन

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर की 28 से 29 सितंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए आज जनपद के खिलाड़ियों का चयन किया गया। सभी खिलाड़ी 27 सितम्बर को लखनऊ के लिए रवाना होंगे। आज गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में खिलाड़ियों का चयन किया गया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 20 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता साई सैंटर सरोजनी नगर लखनऊ में आयोजित की जायेगी। आज प्रतियोगिता हेतु जनपद के खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें 100 मीटर व 200 मीटर में प्रीत सिंह, 100 मीटर में अशमीर आलम, 400 में सुमित कुमार, 400 मीटर में प्रशांत सैनी, 800 व 1500 मीटर दौड़ में प्रिंस पाल, 800 व 1500 मीटर में अक्षय चंदेल, 5000 व 10000 मीटर में अक्षय कुमार, 5000 मीटर में ओमपाल सैनी, 10000 मीटर में आशु, 10000 वॉक में अंकुर कुमार, 5000 मीटर में सिमरन शर्मा, भाला फेंक में स्वाति प्रजापति शामिल रहे।

# बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों पर होगी कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**

■ स्कूल संचालकों पर एक लाख रुपये तक जुर्माना

■ उ. प्र. के शिक्षा निदेशक बेसिक का फरमान बी एस ए के नाम

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध रूप से बना मान्यता के मानकों के विपरीत संचालित किये जा रहे हैं स्कूलों में बच्चों के भविष्य के साथ हो रही खिलवाड और उनके अभिभावकों के धन की हो रही लूट को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करने के आदेश जारी किये है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार की शिक्षा विभाग के निदेशक बेसिक डॉ महेंद्र देव ने प्रदेश की सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को 22 सितंबर 23 को दिए अपने निर्देश में किसी भी जनपद में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा है उन्होंने अपने पत्र में कहा है 27 अगस्त 2018,8 मार्च 2018 ,10 जुलाई 2019,29 जन, 2019,7 अगस्त 2019,24 सितम्बर 2021, और वर्तमान शासनादेश शि.नि. (बेसिक) /46632-728/2023-24 दिनाँक 22 सितंबर 2023 के अनुशार प्रदेश में 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों की पड़ाई के लिए राज्य सरकार ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों की व्यवस्था की हुई है इसके बावजूद प्रदेश और उसके सभी जनपदों में कुक्करमुत्तो की तरह अवैध रूप से अकुसलो और अप्रशिक्षित लोगों ने बिना मान्यता के स्कूल संचालित किये जा रहे हैं ।

इस तरह के इन स्कूलों के संचालकों के द्वारा नोनिहालों के जीवन के साथ खिलवाड़ की जा रही है बही बच्चो के अभिवाबको को खुले आम लूटा जा रहा है ऐसे स्कूलों में किताब कॉपी यूनिफॉर्म सब कुछ स्कूल संचालक के यहां से ही खरीदना पड़ता है प्राइवेट के नाम पर मोटी फीस वसूली जाती है।

# संक्षिप्त समाचार

## 27 सितम्बर दिन बुधवार बाद नमाज़े इशा बच्चों का नातिया इनामी मुकाबला होगा

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जश्न-ए-ईदमीलादुन्नबी के मुबारक मौके पर हर साल की तरह इस साल भी मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में 27 सितम्बर दिन बुधवार बाद नमाज़े इशा बच्चों का इनामी नातिया मुकाबला होगा। यह जानकारी मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां के मुतावल्ली मुहम्मद साजिद हुसैन वारसी ने दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इनामी मुकाबले में शामिल होने के लिए आप अपने बच्चों का नाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा क़ादरी पेश इमाम साहब के पास दर्ज करा दे।

## चोरी की आधा दर्जन बाईक सहित गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस ने एक बदमाश को 5 मोटर साइकिल और एक स्कुटि सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीझक संजीव कुमार दुबे, एस आई राजकुमार सिंह एस आई दीपक दोहरे ने मुखबिर की सूचना पर लालपुर पुलिस चौकी के सामने चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार को पकड़ा जिसका नाम उदयवीर उर्फ उद्दंन उर्फ हल्लन पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ग्राम बड़ा थाना शेरगढ़ हाल निवासी अमर कॉलोनी थाना हाईवे मथुरा बताया पकड़े गए आरोपों की निशानी देही पर चोरी की 5 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद हुई है बदमाश भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर वहां से मोटरसाइकिल चोरी करता था जिन्हें कम कीमत पर मेवात में ले जाकर बेच देता था पुलिस की इस कारवाई में स्वाट टीम के प्रभारी अभय कुमार शर्मा और पुलिस कर्मी शामिल थे । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक 29 को

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में 29 सितम्बर 2023 को अपरान्ह 2:30 बजे आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक होगी। जिसमें सम्बंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को समय से भाग लेने हेतु अपेक्षा की गयी है। यह जानकारी संयुक्त आयुक्त उद्योग ने दी है।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूम -धाम से मनाया

**बीकापुर अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र कि पी0एम0टी ग्रुप आफ एजुकेशन खजुराहट में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर निश्शुल्क चिकित्सा परामर्श सिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय सैकड़ो लोगों ने अपनी-अपनी नेत्र की परेशानी जैसे मोतियाबिंद संभल भाई आदि लोगों के निदान के लिए दवा उचित सलाह डॉक्टर द्वारा दिया गया है। तथा फार्मेसी के बच्चों द्वारा मरीजों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर सभी मरीजो को आंख के प्रति सतर्कता रखने की सलाह दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**सोहावल- अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इब्राहिमपुर दिवली के मजरे गुट्टू का पुरवा में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों फांसी के फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की देर शाम गुट्टू का पुरवा गांव के बाहर एक बाग में आम के पेड़ से गमछे के सहारे एक करीब 21 वर्षीय युवक सूरज कुमार पुत्र अशोक कुमार पासी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से किसी ग्रामीण को लटकता दिखाई पड़ा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूंछे जाने पर हल्का दरोगा अशोक कुमार ने बताया कि युवक की आत्महत्या के पीछे घरेलू कलह बताई जा रही है।

# स्पाइसी खाना है पसंद तो ट्राई करें पॉपुलर कोरियन नूडल्सए उंगलियां चांट जाएंगे आप

आप सभी अक्सर नूडल्स खाते होंगे। लेकिन अगर आप भी इन नूडल्स से बोर हो गए हैं, तो कोरिया वाला तीखा रामेन भी ट्राई कर सकते हैं। कोरिया वाला तीखा रामेन सिर्फ 7 मिनट में बनकर तैयार हो जाता है। साथ ही इसे बनाने की विधि भी काफी आसान होती है।

आप सभी अक्सर नूडल्स खाते होंगे। लेकिन अगर आप भी इन नूडल्स से बोर हो गए हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपके साथ एक ऐसी ही रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। यह पॉपुलर कोरियन नूडल्स की रेसिपी है, जिसे राम-दोन भी कहा जाता है। यह नूडल्स काफी ज्यादा स्पाइसी होते हैं। इन्हें कोरिया में काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। बता दें कि यह डिश दो अलग-अलग तरह के नूडल्स से तैयार किया जाता है।

***जापागुरी बनाने के लिए सामग्री***

*तिल का तेल- 3 बड़े चम्मच*
*चिकन. 1/2 कप मीडियम कट*
*कोरियन रोस्टेड ब्लैक बीन पेस्ट. 1/3*
*गोचुजंग सॉस- 1 बड़ा चम्मच*
*प्याज- 1 बारीक कटा हुआ*
*हरा प्याज. 1/3 कप*
*गाजर स्लाइड. 1/2 कप*
*कॉर्न स्टार्च. 2 बड़े चम्मच*
*पानी. 2 कप*
*कोरियन नूडल्स. 500 ग्राम , मोटे वाले*
*चीनी. 2 बड़े चम्मच*
*कोरियन हॉट पेपर फ्लेक्स*
*नमक स्वादानुसार*

*जापागुरी बनाने का तरीका*

सबसे पहले एक कटोरे में कॉर्न स्टार्च और पानी डालकर अच्छी तरह से मिला लें।

एक कड़ाही गर्म करें और उसमें



तेल डालकर चिकन को ग्रिल कर लें। जब चिकन पक जाए, तो इसे अलग निकाल लें।

अब इसी कड़ाही में थोड़ा-सा तेल डालें और उसमें ब्लैक बीन्स नूडल्स और गोचुजंग सॉस डालकर मिला लें। इसे अलग निकाल लें।

अब कड़ाही को साफ करके फिर गर्म करें और उसमें थोड़ा-सा तेल डालकर प्याज, हरा प्याज और गाजर डालकर मिक्स करें। जब सब्जियां ट्रांसलूसेंट हो जाएं, तो इसमें नूडल्स डालकर मिला लें।

अब कॉर्न स्टार्च, नमक और शुगर डालकर मिक्स करें और इसे गाढ़ा होने दें।

गैस बंद कर दें। दूसरी तरफ कोरियन नूडल्स को बॉयल करें और पानी से हटाकर उसे इसमें मिक्स करें।

ऊपर से चिकन, गार्निश के लिए हॉट पेपर फ्लेक्स डालकर मिक्स करें और इसका मजा लें।

*वेजिटेबल जापागुरी बनाने के लिए सामग्री*

*पानी. 3 कप*
*हरा प्याज. 2 बड़े चम्मच स्लाइस किया हुआ*
*गाजर. 2 बड़ा चम्मच स्लाइस की हुई*
*कॉर्न. 2 बड़ा चम्मच*
*जापागेटी नूडल्स. 1 पैकेट*
*नेयोगुरी नूडल्स. 1 पैकेट*
*तिल का तेल. 1 चम्मच*

***वेजिटेबल जापागुरी बनाने का तरीका***

सबसे पहले दो अलग-अलग पैन में जापागेटी नूडल्स और नेयोगुरी नूडल्स को उबाल लें। इस दौरान नूडल्स को पूरी तरह से नहीं पकाना है। पानी से निकालकर इन्हें ठंडे पानी से धो लें।

फिर एक पैन में तेल में डालकर गर्म करें। इसके बाद तेल में हरा प्याजए गाजर और कॉर्न डालकर 3.5 मिनट तक फ्राई करें।

इसके बाद को थोड़ा सा पका लें और गैस बंद कर दें।

अब आधा कप पानी गर्म करें और दोनों नूडल्स उसमें डाल दें।

इसके ऊपर दोनों नूडल्स की सीजनिंग और सॉते की हुई सब्जियों को डालकर अच्छे से फ्राई करें।

इस आसान तरीके नूडल डिश बनकर तैयार हो जाएगी।

# आलू के छिलकों को बालों में इस तरह करें अप्लाई, बुढ़ापे तक नहीं सफेद होंगे बाल

बालों का असमय सफेद होना एक बड़ी समस्या का कारण है। हालांकि आज के समय में लोगों के कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगते हैं। अनहेल्दी लाइफ स्टाइल के कारण भी यह समस्या जल्द सामने आने लगती है। ऐसे में जो लोग फिर से अपने बालों को काला करना चाहते हैं, तो वह कुछ प्राकृतिक नुस्खे भी आजमाकर देख सकते हैं। आपको बता दें कि यह नुस्खा काफी कारगर है। आइए जानते हैं इस नुस्खे के बारे में, जिससे आप अपने सफेद हो रहे बालों को नेचुरल तरीके से काला कर सकते हैं।

***आलू का छिलका है फायदेमंद***

आपने देखा होगा कि आलू को काटते ही वह कुछ देर में काला पड़ने लगता है। इसके अलावा आलू में कैल्शियम,कॉपर, पौटेशियम, आयरन, जिंक, मैग्नीशियम और नियासिन पाया जाता है। बता दें कि आप आलू के छिलकों को अपने बालों में अप्लाई कर सकती हैं। इससे आपके बाल नेचुरली काले होते हैं। वहीं आलू के



छिलकों का बालों पर रोजाना इस्तेमाल से हेयर फॉल की समस्या भी कम होती है।

***ऐसे करें अप्लाई***

सबसे पहले पैन को गैस पर रखें और उसमें 2.3 कप पानी डालकर उबालें। अब दो आलू के छिलके लेकर इन्हें पानी में डालकर करीब आधे घंटे तक पकाएं। इसके बाद गैस बंद कर 15.20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर कॉटन के कपड़े की मदद से पानी को छान लें और पानी को अलग बर्तन में निकाल लें। आलू के छिलकों को निचोड़कर उसका रस निकाल लें। आलू के छिलकों वाले पानी में आधा चम्मच गुलाबजल मिलाएं। जब यह पानी ठंडा हो जाए तो आलू के छिलके वाले पानी को स्प्रे बोतल में भरकर रख लें।

आलू के छिलकों वाले पानी को बालों पर अप्लाई करने से पहले बालों को धो लें। इस दौरान शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल ना करें। जब आपके बाल नैचुरली तरीके से सूख जाएं तो फिर कंघी कर लें। अब अपने बालों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर आलू के छिलकों के पानी को सफेद बालों पर छिड़कें।

# ब्रेड की लाजवाब मिठाई खाकर आ जाएगा स्वाद, उंगलियां चांट जाएंगे मेहमान

आज से गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। आज से 10 दिनों तक गणेश महोत्सव का पर्व चलेगा। ऐसे में अगर आप भी मिठाई बनाने जा रही हैं, तो बता दें कि सिर्फ 10 रुपए के ब्रेड से स्वादिष्ट मिठाई बनाकर तैयार कर सकती हैं।

हिंदू धर्म में हर दूसरे दिन कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है। ऐसे में त्योहार के मौके पर कई तरह के व्यंजन आदि भी बनाए जाते हैं। बता दें कि आज के गणेश महोत्सव के पर्व की शुरूआत हो चुकी है। जो कि 10 दिनों तक चलेगा। ऐसे में अगर आप भी कोई आसान रेसिपी की तलाश कर रहे हैं। तो हम आपको सिर्फ 10 रुपये के ब्रेड से स्वादिष्ट मिठाई तैयार कर सकते हैं, आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए ब्रेड से तैयार होने वाली आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।



*ब्रेड. 1 पैकेट ;10 रुपये का*
*दुध*
*चीनी. 1 कप*
*इलायची. 5*
*घी. 5 चम्मच*
*नारियल पाउडर. 3 बड़े चम्मच पीसा हुआ*
*खोया. 1 कप*
*पानी. 1 कप*

*ऐसे बनाकर करें तैयार*

ब्रेड को एक प्लेट में निकाल कर उसके किनारे को चाकू की मदद से काट लें।

फिर एक पैन में 1 कप पानी, 1 कप चीनी और 5 इलायची डालकर उबाल लें।

फिर दूसरे पैन में एख चम्मच घी गर्म कर लें और हल्का ब्राउन कर लें।

इसके बाद ब्रेड को डीप कर खोया और नारियल डालकर मिश्रण को गाढ़ा कर लें।

अब इसे एक परत में निकाल कर इसे बर्फी का शेप दें।

अब इनको चार टुकड़ों में काट लें फिर ऊपर से पिस्ता डालकर सर्व कर लें।

# इन टिप्स को अपनाकर बनाएं परफेक्ट ग्रेवी

ग्रेवी की सही कंसिस्टेंसी बनाए रखने के लिए प्याज महत्वपूर्ण है। इसे आप सही तरह से भूनें, क्योंकि यह इंडियन ग्रेवी का बेस बनते हैं। आप प्याज को गोल्डन ब्राउन होने तक पकाएं। इससे ग्रेवी के टेस्ट में आपको काफी अंतर महसूस होगा।

भारतीय घरों में जब हम सब्जी बनाते हैं तो उसकी ग्रेवी का टेस्ट काफी अहम् होता है। हर एक घर में खाना बनाने का तरीका अलग होता है और इसलिए एक ही डिश का हर घर में अलग टेस्ट होता है। हालांकिए अक्सर खाना बनाते समय हमारी इच्छा यही होती है कि हमारी ग्रेवी का टेस्ट एकदम रेस्त्रां स्टाइल हो। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ग्रेवी के टेस्ट और टेक्सचर को बनाए रखना किसी चैलेंज से कम नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप परफेक्ट ग्रेवी बना सकते हैं

***फ्रेश इंग्रीडिएंट ही चुनें***

किसी भी इंग्रीडिएंट की क्वालिटी से टेस्ट पर काफी असर पड़ता है। इसलिए, हमेशा ताजी सब्जियां, मसाले व हर्ब्स आदि का इस्तेमाल



करना चाहिए। फ्रेश इंग्रीडिएंट से डिश के टेस्ट व टेक्सचर को बनाए रखने में काफी मदद मिलती है।

***प्याज को अच्छे से भूनें***

ग्रेवी की सही कंसिस्टेंसी बनाए रखने के लिए प्याज महत्वपूर्ण है। इसे आप सही तरह से भूनें, क्योंकि यह इंडियन ग्रेवी का बेस बनते हैं। आप प्याज को गोल्डन ब्राउन होने तक पकाएं। इससे ग्रेवी के टेस्ट में आपको काफी अंतर महसूस होगा।

***टमाटर पर दें ध्यान***

टमाटर का उपयोग अक्सर इंडियन ग्रेवी में टैंगीनेस और थिकनेस के लिए किया जाता है। इसलिएए ग्रेवी बनाते समय इन्हें अच्छी तरह पकाएं। अगर आप अपनी ग्रेवी को एक क्रीमी टेक्सचर देना चाहते हैं तो ऐसे में भीगे और ब्लेंड किए हुए काजू या क्रीम मिलाने पर विचार करें।

***कुकिंग की सही हो तकनीक***

आप खाने को किस तरह से पकाते हैंए उससे टेस्ट पर काफी गहरा असर पड़ता है। आप खाना बनाते समय फ्राइंग व रोस्टिंग जैसी कुकिंग टेक्निक का इस्तेमाल कर सकते हैं। हमेशा कोशिश करें कि आप ग्रेवी को धीमी आंच पर उबलने दें ताकि सभी टेस्ट ग्रेवी में अच्छी तरह आ सके। स्लो फ्लेम पर ग्रेवी को पकाना काफी अच्छा रहता है।

***फ्लेवर को करें बैलेंस***

ग्रेवी बनाते समय हमें कई तरह के अलग-अलग टेस्ट जैसे मीठा, खट्टा, मसालेदार और नमकीन आदि को बैलेंस करना होता है। इसलिए, एक परफेक्ट ग्रेवी बनाते समय चीनी, नींबू का रस और मसालों का सही मात्रा में इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। अगर कोई मसाला कम या ज्यादा हो जाता है तो इससे ग्रेवी का पूरा टेस्ट बिगड़ सकता है।

# स्वीट कॉर्न के दानों में छिपा है सेहत का खजाना, मानसून में जमकर करें इसका सेवन



मानसून में अक्सर लोग भुट्टा खाना पसंद करते हैं। शहर हो या गांव अधिकतर लोगों को भुट्टा खाना पसंद होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उबले हुए भुट्टे खाने से सेहत संबंधी कई लाभ होते हैं। आइए जानते हैं उबले हुए स्वीट कॉर्न के फायदों के बारे में। मानसून में अक्सर लोग भुट्टा खाना पसंद करते हैं। शहर हो या गांव अधिकतर लोगों को भुट्टा खाना पसंद होता है। लोग बड़े चाव से इसको खाते हैं। हालांकि सबकी पसंद अलग-अलग होती है। जहां कुछ लोग इसे भूनकर खाना चाहिए, तो कुछ लोग उबालकर या फिर इसे अलग-अलग स्नैक्स में मिक्स करके खाते हैं। अगर आपको भी भुट्टा खाना पसंद है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उबले हुए भुट्टे को खाने के फायदे के बारे में बताने जा रहे हैं।

बता दें कि उबले हुए भुट्टे में मिनरल्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स, फाइबर, सोडियम, प्रोटीन, विटामिन्स, मैग्नी शियम, आयरन, थियामिन, पोटेशियम और जिंक आदि पाया जाता है। इसके अलावा इसमें विटामिन । ए विटामिन ए विटामिन 6 के अलावा कई अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसे खाने से सेहत संबंधी कई लाभ होते हैं।

*उबले हुए भुट्टे खाने के फायदे*

*इम्युनिटी होगी बूस्ट*

उबला हुआ भुट्टा खाने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है। क्योंकि इसमें विटामिन सी और ए पाया जाता है। जो शरीर में रोग प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने का काम करता है। इसके अलावा यह शरीर को मौसमी बीमारियों से भी बचाता है।

पाचन के लिए फायदेमंद

बता दें उबले हुए भट्टे में प्रचूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाने का काम करता है। उबले हुए भुट्टे का सेवन करने से पाचन क्रिया में सुधार होता है। साथ ही पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

***ह्दय के लिए फायदेमंद***

दिल की सेहत के लिए उबले हुए भुट्टे फायदेमंद होते हैं। उबले हुए भुट्टे में कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने वाले गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से दिल संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है।

***कम होता है मोटापा***

मोटापा की समस्या से परेशान लोगों के लिए उबला हुआ भुट्टा फायदेमंद होता है। क्योंकि उबला हुआ भुट्टा खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। जिससे आपको जल्दी-जल्दी भूख नहीं लगती और आप ओवरईटिंग से भी बच जाते हैं। इससे वेट लॉस में भी मदद मिलती है।

***आंखों के लिए लाभकारी***

उबले हुए भुट्टे में एंटी-ऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। एंटी ऑक्सीडेंट आंखों की समस्या को दूर करने में सहायक होता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी बढ़ती है।

# वेट लॉस में बेहद फायदेमंद हैं मशरूम की ये रेसिपीज, कुछ ही समय में दिखने लगेगा असर



कुछ लोग वेट लॉस के चक्कर में अपनी डाइट से कई चीजों को बाहर कर देते हैं। अगर आप भी वजन ना घटने से परेशान हैं तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस एक चीज को अपनी डाइट में शामिल कर आप आसानी से अपना वजन कम कर सकते हैं।

आज के समय में मोटापा लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। गलत खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण बड़ी संख्या में लोग मोटापे का शिकार हो रहे हैं। वहीं बढ़े हुए वजन को कम करने के लिए कई एड़ी-जोटी का जोर लगाते हैं। कुछ लोग डाइटिंग का सहारा लेते हैं, तो कुछ लोग घंटो जिम में पसीना बहाते हैं। लेकिन इसके बार भी रिजल्ट ना मिलने पर निराश हो जाते हैं। कुछ लोग वेट लॉस के चक्कर में अपनी डाइट से कई चीजों को बाहर कर देते हैं। अगर आप भी वजन ना घटने से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

हम आपको इस आर्टिकल के जरिए एक ऐसी चीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपनी डाइट में शामिल कर अपना वेट आसानी से घटा सकते हैं। अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं तो आपको अपनी डाइट में मशरूम को जरूर शामिल करना चाहिए। बता दें कि मशरूम सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। मशरूम में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन-बी, विटामिन-डी, जिंक, सेलेनियम और एंटी ऑक्सीडेंट जैसे कई पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाया जाता है। वहीं इसमें कैलोरी काफी कम होती है। जिससे आपका वजन भी कंट्रोल में रहता है। आइए जानते हैं वेट लॉस के लिए मशरूम का किस तरह से सेवन करना फायदेमंद होता है।

***ब्रेकफास्ट में शामिल करें मशरूम***

वेट लॉस के लिए आपको ब्रेकफास्ट में मशरूम का सेवन करना चाहिए। इसके लिए आपको मशरूम को छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इसमें ओट्स और दलिया मिलाकर सेवन करें। वहीं अगर आप अंडा खाते हैंए तो मशरूम का ऑमलेट बनाकर खा सकते हैं। मशरूम का ऑमलेट भी नॉर्मल ऑमलेट की तरह तैयार होता है। ब्रेकफास्ट में मशरूम का सेवन करने से आपको बार-बार क्रेविंग नहीं होती है। इससे आपको वजन घटाने में आसानी होगी।

***मशरूम सूप***

वेट लॉस के लिए आपको मशरूम के सूप का सेवन करना चाहिए। मशरूम सूप बनाना काफी ज्यादा आसान है। मशरूम सूप बनाने के लिए आप प्याजए गाजरए अदरक, मशरूम और लहसुन को बारीक काट लें। अब एक पैन में घी गर्म कर उसमें अदरक और लहसुन डालकर भून लें। इसके बाद उसमें प्याज, गाजर और मशरूम डालकर 2.4 मिनट के लिए फ्राई करें। अब इसमें पानी और स्वादानुसार नमक मिला लें। इस तरह से आपका सूप बनकर तैयार हो जाएगा। ऊपर से आप इसमें एक चुटकी काली मिर्च डाल लें। इस सूप के रोजाना सेवन से आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी।

***मशरूम स्टर फ्राई***

वेट लॉस के लिए आप अपनी डाइट में मशरूम स्टर फ्राई भी शामिल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए गाजर, प्याज, गोभी, मशरूम और टमाटर को बारीक टुकड़ों में काट लें। अब एक पैन में एक चम्मच घी गर्म कर उसमें अदरक और लहसुन को भून लें। फिर इसमें बारीक कटी हुई सब्जियों को डालकर मीडियम आंच पर कम से कम 5 से 7 मिनट तक के लिए पकाएं। आप चाहें तो इसमें पनीर के टुकड़े भी डाल सकते हैं। इसके बाद इसमें काली मिर्च पाउडर, नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिक्स करें। 2.3 मिनट पकाने के बाद आंच बंद कर दें। इस तरह से आपका मशरूम स्टर फ्राई बनकर तैयार हो जाएगा। इस तरह से आपको स्वाद भी मिलेगा और वेट लॉस में भी मदद मिलेगी।

***मशरूम की सब्जी***


वजन घटाने के लिए मशरूम की सब्जी का सेवन करना फायदेमंद साबित हो सकती है। मशरूम में फाइबर की भरपूर मात्रा पायी जाती है। जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखती है। वहीं मशरूम में मौजूद पोषक तत्व आपके शरीर को एनर्जी देने का काम करते हैं। साथ ही इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है। मशरूम की सब्जी बनाने के लिए आप घी या तेल का इस्तेमाल कम से कम करें।

# ग्लोइंग स्किन पाने की है चाहत तो घर पर तैयार करें उबटन, मिनटों में दिखेगा निखार

उबटन के इस्तेमाल से अंदरूनी तौर पर सफाई होने के साथ आपकी त्वचा ग्लोइंग बनती है। दादी-नानी के जमाने में शरीर को साफ करने के उबटन तैयार किया जाता था। उबटन कई प्रकार का होता है। यह नेचुरल होने के साथ ही स्किन के लिए भी लाभकारी होता है।

ज्यादातर लोग नहाने के लिए कई तरह के केमिकल युक्त साबुन का उपयोग करते हैं। यह साबुन महंगे होने के साथ ही ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर आपकी स्किन को ड्राई कर देते हैं। कई बार इन साबुनों के इस्तेमाल से कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। दादी-नानी के जमाने में शरीर को साफ करने के उबटन तैयार किया जाता था। यह उबटन कई प्रकार का होता है। उबटन नेचुरल होने के साथ ही स्किन के लिए भी लाभकारी होता है।

उबटन के इस्तेमाल से अंदरूनी तौर पर सफाई होने के साथ आपकी त्वचा ग्लोइंग बनती है। इसे सस्ते में और आसानी से बनाकर तैयार किया जा सकता है। इसके रोजाना इस्तेमाल से शरीर पर होने वाले दाग-



धब्बे भी खत्म हो जाते हैं। यह शरीर को पोषण देने के साथ ही त्वचा को मुलायम बनाता है। ड्राई स्किन की समस्या को उबटन मॉइश्चर देते हैं। यह स्किन को निखारते भी है। आइए जानते हैं आप घर में उबटन को कैसे बनाकर तैयार कर सकती हैं।

***आटे और गुलाब जल का उबटन सामग्री***

*बेसन. 1 चम्मच*
*आटे. 1 चम्मच*
*हल्दी. 1ध्2 चम्मच*
*चंदन पाउडर. 1 चम्मच*
*गुलाब जल. 3 चम्मच*

***उबटन बनाने का तरीका***

एक बड़ी कटोरी में बेसन, आटे और गुलाब जल को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसे अब शरीर कर मलते हुए करीब 15.20 मिनट के लिए लगा कर रखें। इसके बाद पानी से उबटन को साफ कर लें। इससे आपकी स्किन बेदाग और ग्लोइंग बनेगी।

*गेंहू का चोकर और बादाम के उबटन की सामग्री*

*गेंहू का चोकर. 2 चम्मच*
*पीसे हुए बादाम. 2 चम्मच*
*बेसन.1 चम्मच*
*हल्दी. 1ध्4 चम्मच*
*दही. 2 चम्मच*

*उबटन बनाने का तरीका*

इन सभी सामग्रियों को एक कटोरी में अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इस उबटन के पेस्ट को शरीर पर करीब 20 मिनट तक लगा के रखें। इसके बाद इसको हल्के-हल्के से मलते हुए पानी से साफ कर लें। ड्राई स्किन की समस्या को दूर करने के साथ यह उबटन अंदरूनी तौर पर आपकी त्वचा की देखभाल करेगा।

*मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा का उबटन सामग्री*

*मुल्तानी मिट्टी. 1 चम्मच*
*दही. 1 चम्मच*
*एलोवेरा. 1 चम्मच*
*संतरे के छिलके का पाउडर. 1 चम्मच*

*उबटन बनाने का तरीका*

मुल्तानी मिट्टी और एलोवेरा का उबटन बनाने के लिए सभी चीजों को मिक्स कर लें। इसे 20 मिनट तक शरीर पर लगा कर रखें। फिर इसे पानी से धो दें। शरीर को निखारने के साथ ही यह दाग.धब्बों को भी दूर करेगा।

# मुरझा रही हैं प्लांट्स की पत्तियां तो ऐसे करें उनकी देखभाल, फिर से हो जाएंगे हरे.भरे

प्लांट्स की पत्तियों के पीले पड़ने और प्लांट्स के मुरझाने का कारण पता चल जाए तो इनको मरने से बचाया जा सकता है। ऐसे में अगर आपने भी अपने घरों में प्लांट्स लगा रहे हैं और उनकी पत्तियां पीली पड़ रही हैं। तो सबसे पहले ऐसा होने का कारण जानना जरूरी है।

हमारे घरों के आसपास मौजूद हरे.भरे पौधे कितने ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। लेकिन जब इनकी पत्तियां मुरझाने लगती हैं और प्लांट्स पीले पड़ने लगते हैं। तो यह अच्छे नहीं लगते हैं। लेकिन अगर इनकी पत्तियों के पीले पड़ने और प्लांट्स के मुरझाने का कारण पता चल जाए तो इनको मरने से बचाया जा सकता है। हालांकि कई बार हमें इसका कारण नहीं पता होता है कि ऐसा क्यों हो रहा है। अगर प्लांट की पत्तियां पीली हो रही हैं, तो इन्हें प्लांट से अलग कर दें। पत्तों के पीले होने का मतलब है कि वह अपना क्लोरोफिल यानि पिग्मेंट खो चुके हैं। बता दें कि एक बार पत्तियों का पिग्मेंट चला जाए तो उसे वापस नहीं पाया जा सकता है। ऐसे में अगर आपने भी अपने घरों में प्लांट्स लगा रहे हैं और उनकी पत्तियां पीली पड़ रही हैं। तो सबसे पहले ऐसा होने का कारण जानना जरूरी है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप प्लांट की हेल्थ के लिए क्या-क्या कर सकते हैं।

***कीट की वजह से पीली होती हैं पत्तियां***

पौधे की हेल्थ पर घर के अंदर की हवा भी प्रभाव डालता है। क्योंकि हवा ड्राई होती है तो पौधे में कीट काफी जल्दी लगते हैं। जिसके कारण पौधों में स्पाइडर माइट्स लगने लगते हैं। यह पत्तों के रस को चूसकर डिस्कलरेशन करता है। इसलिए सबसे पहले यह देख लें कि पत्तियों के नीचे महीन जाले तो नहीं लगे हैं। कीटनाशक सोप की मदद से एफिड्स और माइट्स को खत्म किया जा सकता है। इसके बाद घर के पौधों के आसपास नमी के स्तर को भी



ह्यूमिडिफायर की मदद से बढ़ाया जा सकता है।

***न्यूट्रिएंट्स की कमी से पीली होती हैं पत्तियां***

मिट्टी से पौधों को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। यही वजह है कि पौधे को खाद और पानी देने की सलाह दी जाती है। लेकिन अगर इसके बाद भी प्लांट्स की पत्तियां पीली पड़ रही हैं, तो यह पौधे में पोषक तत्व की संकेत की कमी की तरफ इशारा करते हैं। पौधे की पुरानी पत्तियां पीली होने के साथ नई पत्तियां हल्की हरी हैं, तो यह नाइट्रोजन की कमी का संकेत हो सकता है। इसलिए पौधे को पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन दें और प्लांट्स को खराब होने से बचाएं।

***धूप की कमी***

कुछ पौधों को धूप की ज्यादा आवश्यकता नहीं होती है। लेकिन इसके बाद भी उन प्लांट्स को थोड़ी देर धूप में रखना चाहिए। क्योंकि धूप पौधों को बढ़ाने में मदद करती हैं। ज्यादातर शेड में रहने वाले पौधों की पत्तियां पीली पड़ जाती हैं। इसलिए हर दिन 4.5 घंटे के लिए पौधों को धूप में जरूर रखें। पौधे को कई बार अचानक धूप में रखने से एडजस्ट होने में परेशानी हो सकती है। इसलिए थोड़ा सा वक्त लेने के बाद पौधा हेल्दी हो जाता है।

***एजिंग की वजह से पीली हो सकती है पत्तियां***

जिस तरह से उम्र बढ़ने पर हमारी स्किन पर इसका असर देखने को मिलता है। ऐसा ही प्लांट्स के साथ भी होता है। कई पौधों का एजिंग के कारण क्लोरोफिल खत्म होने लगता है, साथ ही उनकी पत्तियां भी पीली दिखने लगती है। इस कारण पौधों की पत्तियां खुद गिरने लगती हैं। हालांकि यह एक सामान्य प्रक्रिया भी होती है। लेकिन अगर आपका प्लांट मुरझाया हुआ है, तो इसके विकास के लिए मुख्य तने को थोड़ा-थोड़ा ट्रिम करके देखें।

***ज्यादा या कम पानी***

भले ही आपका पौधा हाई मेंटेनेंस वाला होता है, तो उसे ज्यादा पानी नहीं देना चाहिए। क्योंकि ज्यादा पानी मिट्टी के न्यूट्रिएंट्स भी खराब करता है। इसके कारण पौधों को नुकसान भी होता है। ऐसे में अगर आपके प्लांट्स की पत्तियां पीली हो रही हैं, तो प्लांट थेरेपिस्ट की भूमिका से आपको पता चलेगा कि पौधे को बहुत अधिक या बहुत कम पानी के कारण भी तनाव होता है। पौधे की नमी को देखने के लिए मिट्टी को उंगली से एक इंच तक दबाकर देखें। मिट्टी के आसानी से दबने का मतलब है कि मिट्टी नम है। ऐसे में पौधे को पानी की जरूरत नहीं है।

***रीपॉटिंग भी हो सकती है वजह***

कई बार पौधे की पत्तियां रीपॉटिंग के दौरान भी पीली पड़ सकती हैं। जब आप नर्सरी से नए पौधे घर रोपते हैं, तो हो सकता है इसकी पत्तियां पीली पड़ जाती हैं। क्योंकि पौधा नए परिवेश में एडजस्ट होने के लिए समय लेते हैं। ऐसे में आप पौधे को उसकी जड़ों को जमने और पोषक तत्वों का स्त्रोत नई मिट्टी में खोजने का समय दें। इस दौरान पौधे को खाद नहीं देनी चाहिए। नए पौधे को एडजस्ट का समय देने के साथ ही रीपॉटिंग के लिए लगभग एक सप्ताह तक प्रतीक्षा करें।

# शिमला में बीजेपी वर्करों और पुलिस में झड़प

**शिमला।** शिमला में भारतीय जनता पार्टी वर्करों और पुलिस में झड़प हो गई। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे और बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, लेकिन

**प्रदर्शन**

**MLA जनकराज के सिर पर लगा पुलिस का डंडा, कांग्रेस की गारंटियों के खिलाफ प्रदर्शन**

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका। इस दौरान भाजपा विधायक डॉ. जनकराज के सिर पर पुलिस का डंडा लगा।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने यह मामला सदन के भीतर उठाया। उन्होंने पुलिस के इस व्यवहार की निंदा की। डिप्टी CM मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए थे कि सभी माननीय को सुरक्षा के साथ सदन तक लाया जाए। बीजेपी विधायक इंद्र गांधी ने कहा कि पुलिस ने उनका भी फोन छीन लिया था।

दरअसल, पुलिस ने चौड़ा मैदान से प्रदर्शन कर रहे भाजपा



कार्यकर्ताओं को विधानसभा की ओर बढ़ने से रोकने के लिए सिसल होटल के साथ बैरिकेड लगा रखे थे। बीजेपी वर्करों ने इन्हें तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश जरूर की, लेकिन कामयाब नहीं हुए। पुलिस के आग्रह के बाद भाजपा वर्कर माने और चौड़ा मैदान की ओर वापस लौटें।

भारतीय जनता पार्टी ने चौड़ा मैदान से यह प्रदर्शन कांग्रेस सरकार के खिलाफ किया। इस दौरान शिमला शहर जनता मांगे हिसाब, क्यों किया विश्वासघात के नारों से गूंज उठा। बीजेपी प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था और चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे पूरा नहीं करने के विरोध में प्रदर्शन कर रही है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि पूर्व सरकार द्वारा शुरू किए गए विकास के सभी काम रोक दिए गए है। संस्थानों की तालाबंदी की जा रही है। सुक्खू सरकार बदला-बदली की भावना से काम कर रही है।

विधानसभा घेराव के लिए प्रदेशभर से भाजपा विधायक दल, बीजेपी के तमाम फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिमला पहुंचे। दरअसल, BJP लोकसभा चुनाव से पहले सुक्खू सरकार को घेरना चाह रही है। प्रदेश में सुक्खू सरकार को बने अभी 10 महीने हुए हैं। BJP इन 10 महीनों में ही सुक्खू सरकार पर हमलावर है। इसी कड़ी में भाजपा ने सुक्खू सरकार के खिलाफ पहला बड़ा प्रदर्शन कर रही है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार को 10 महीने पूरे हो चुके हैं। इस दौरान सरकार से किया कोई भी वादा पूरा नहीं कर पाई। महिलाएं, बेरोजगार, कर्मचारी, किसान-बागवान सब परेशान है। सुक्खू सरकार जन आकांक्षाओं और अपेक्षाओं की विपरीत चल रही है।

## पंजाब में बीजेपी नेता पर फ्रॉड की FIR

**बठिंडा।** पंजाब में विजिलेंस ब्यूरो ने भाजपा नेता मनप्रीत बादल पर केस दर्ज कर लिया है। मनप्रीत बादल पर बठिंडा में प्लॉटों की खरीद-फरोख्त में फ्रॉड का आरोप है। मनप्रीत बादल पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकार में वित्तमंत्री थे। इसी दौरान यह का यह मामला है। उधर, विजिलेंस ने सोमवार को उनके घर पर रेड की।

खास बात यह भी है कि पंजाब के CM भगवंत मान ने अपना राजनीतिक करियर मनप्रीत बादल की पार्टी पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब से किया था। हालांकि बाद में मान आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। वहीं मनप्रीत कांग्रेस में आ गए।

हालांकि पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सत्ता में नहीं आई तो मनप्रीत बादल अब भाजपा में शामिल हो गए। खास बात यह भी है कि उन पर केस दर्ज करवाने वाले पूर्व MLA सरूप चंद सिंगला भी भाजपा के ही नेता हैं।

# पबजी की लत छुड़ाने बेटे को राइफल दी, गोल्ड जीता

**जयपुर।** एशियन गेम्स 2023 में भारत ने अपना पहला गोल्ड मेडल शूटिंग में जीता। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने 1893.7 स्कोर कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

गोल्ड मेडल जीतने वाली शूटर्स की इस टीम के सदस्य दिव्यांश जयपुर के रहने वाले हैं।

दिव्यांश के पिता अशोक पंवार जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ के तौर पर काम करते हैं। मां निर्मला देवी भी नर्स हैं।

दिव्यांश के पिता अशोक पंवार ने बताया- कुछ साल पहले दिव्यांश को ऑनलाइन गेम पबजी खेलने की लत लग गई थी। इसे छुड़ाने के लिए दिव्यांश को भी बड़ी बहन मानवी के साथ जगतपुरा शूटिंग रेंज पर भेजना शुरू किया और उसे राइफल दिलाई।

गोल्ड मेडल जीतने के बाद दिव्यांश ने बताया- जैसे ही हमें पता चला कि हमने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता है, खुशी का ठिकाना नहीं था। राष्ट्रगान बजते वक्त जो एहसास हुआ, वो बताया नहीं जा सकता। कल हम मिक्स-मैच खेलेंगे। हम भारत के लिए एक और पदक लाने की कोशिश करेंगे।

दिव्यांश की शुरुआती ट्रेनिंग



जयपुर में ही हुई। इसके बाद दिव्यांश को दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में कोच दीपक कुमार दुबे के पास ट्रेनिंग के लिए भेज दिया था। दिव्यांश जूनियर वर्ल्ड शूटिंग चैम्पियनशिप और जूनियर वर्ल्ड कप में भी दो गोल्ड सहित तीन मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने 2018 में जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में मिक्स्ड इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। जबकि वर्ल्ड कप में दो गोल्ड मेडल जीते।

पिता अशोक पंवार ने बताया- दिव्यांश को शुरू से ही धर्म-कर्म में विश्वास है। प्रैक्टिस के दौरान पहले वह अक्सर दुखी हो जाता था। उसके कोच दीपक कुमार दुबे ने यह बात नोटिस की। उन्होंने दिव्यांश को पॉकेट गीता पढ़ने को दी ताकि वह अपने लक्ष्य पर फोकस कर सके। दिव्यांश को उन्होंने नियमित गीता पढ़ते रहने की सलाह दी। तब से दिव्यांश गीता हमेशा साथ रखता है। शूटिंग और प्रैक्टिस के दौरान जब भी समय मिलता है तो दिव्यांश गीता जरूर पढ़ता है।

दिव्यांश बीजिंग ओलिंपिक 2008 में गोल्ड मेडल जीत चुके अभिनव बिंद्रा को अपना आदर्श मानते हैं। वे एक इंटरव्यू में भी कह चुके हैं कि अभिनव बिंद्रा को उन्होंने मेडल जीतते हुए टीवी पर देखा है। वह भी उसी तरह देश के लिए मेडल जीतना चाहते हैं।

# हरियाणा में इनेलो की रैली, बिहार सीएम नहीं पहुंचे

**कैथल।** हरियाणा के कैथल की नई अनाज मंडी में इनेलो के पूर्व डिप्टी सीएम ताऊ देवीलाल की 110वीं जयंती पर विपक्षी नेता एक मंच पर दिखाई दिए। विपक्ष के



नेताओं ने अपील की कि बीजेपी को हराने के लिए एक मंच पर आना जरूरी है।

वहीं TMC के नेताओं ने केंद्र के महिला आरक्षण बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जुमला बताया। फारूख अब्दुल्ला ने विपक्ष के नेताओं को एक मंच पर आने की अपील की। जदयू की तरफ से केसी त्यागी ने रैली में भाग लिया।

वहीं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं पहुंचे। वह बिहार में हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ही शामिल हुए। जबकि INLD की और से उन्हें समारोह का मुख्य अतिथि बनाया गया था। वहीं पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक भी रैली में नहीं पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें बुखार है। हालांकि उन्होंने अपनी शुभकामनाएं अभय चौटाला को भेज दी हैं।

इनेलो की रैली में नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला, जदयू से केसी त्योगी, भीम आर्मी से चंद्रशेखर आजाद रावण, पूर्व संसदीय सचिव रामपाल माजरा, TMC सांसद ड्रेन ओ मार्क पहुंचे।

इसके अलावा रैली में शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल अपनी पूरी टीम के साथ शामिल हुए। रैली के दौरान पूर्व पूर्व विधायक अब्दुल उर रहमान और नूंह के पूर्व MLA हबीबुर्रहमान ने इनेलो का दामन थाम लिया। ओपी चौटाला ने लगाई घोषणा की झड़ी रैली में पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला ने घोषणा की कि यदि इनेलो की सरकार बनती है तो वृद्धा पेंशन 7000 रुपए की जाएगी। इसके अलावा एक सिलेंडर और 1100 रुपए हर घर में पहुंचाएंगे। हर बच्चे को निशुल्क शिक्षा देंगे। हर बच्चे को नौकरी देंगे। जब तक नौकरी नहीं मिलेगी तब तक उन्हें 21 हजार रुपया बेरोजगार भत्ता दिया जाएगा। सरकार बनने के बाद नए स्कूलों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इनेलो की सरकार बना दो। मैं सब वादे पूरे कर दूंगा।

# शिवसेना विधायकों की अयोग्ता पर स्पीकर ने फैसला सुरक्षित रखा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना के शिंदे गुट और उद्धव गुट की ओर से एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य घोषित करने की 34 याचिकाओं पर 25 सितंबर को सुनवाई हुई। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने दोनों गुटों की दलीलें सुनीं और फैसला सुरक्षित रख लिया। अध्यक्ष का कहना है कि सुनवाई के दौरान कोई जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए। प्रिंसिपल ऑफ नेचर जस्टिस का पालन होना चाहिए। उद्धव ठाकरे गुट ने दलील दी कि सभी याचिकाओं को साथ क्लब करके सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सुनवाई के दौरान कोई सबूत पेश करने की जरूरत नहीं है। उधर, शिंदे गुट ने सभी याचिकाओं को क्लब करने की मांग का विरोध किया। शिंदे गुट का कहना है कि हर याचिका पर अलग से सुनवाई की जानी चाहिए, हमारे विधायक अपना पक्ष रखना चाहतें है। स्पीकर ने मामले में पिछली सुनवाई दस दिन पहले यानी 14 सितंबर को की थी। न्यूज एजेंसी PTI ने के मुताबिक, सुनवाई सुबह 10:30 बजे शुरू हुई जो दोपहर 2

**विरोध**

**उद्धव गुट बोला- सभी याचिकाओं को क्लब करके सुनें, शिंदे के खेमे ने विरोध किया**

बजे तक चली। इसके बाद स्पीकर ने अगली तारीख बताए बिना मामले की सुनवाई टाल दी थी। एकनाथ शिंदे गुट के 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला सुनाया था। इसमें कोर्ट ने बागी विधायकों की सदस्यता पर फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया था। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट के नेता सुनील प्रभु ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले पर फिर से विचार करने की अपील की थी। उन्होंने याचिका में तर्क दिया था- विधानसभा अध्यक्ष मामले को जानबूझकर टाल रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर को मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने



विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप इस मामले पर फैसला लंबे समय तक टाल नहीं सकते। आपको इसकी समय सीमा तय करनी होगी।

उधर, 21 सितंबर को महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि मैं शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने में देर नहीं करूंगा, लेकिन इस मामले में जल्दबाजी भी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा- जल्दबाजी करना मिसकैरेज ऑफ जस्टिस हो सकता है। मैं जो भी फैसला लूंगा, संवैधानिक होगा।

मामले की सुनवाई के दौरान सभी विधायक के वकीलों को सीरियल नंबर दिए गए थे। आगे की सुनवाई और कार्रवाई के लिए उनसे वॉट्सऐप नंबर और ई-मेल आईडी देने के लिए कहा गया है। दोनों गुटों के विधायकों को सेंट्रल हॉल में अलग-अलग जगह पर बैठाया गया था। इसके बाद उनके बयान दर्ज किए गए। सुनवाई के दौरान सभी 54 विधायकों के वकील सिर्फ स्पीकर को ही देखकर और उन्हें एड्रेस करने के निर्देश थे। उन्हें किसी अन्य शख्स की तरफ देखने की इजाजत नहीं थी। इस दौरान किसी तरीके की दिक्कत पैदा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही गई।

## अन्नाद्रमुक ने भाजपा और NDA से नाता तोड़ा

तमिलनाडु की अन्नाद्रमुक ने भाजपा और NDA से नाता तोड़ लिया है। चेन्नई में पार्टी के मुख्य कार्यालय में सांसदों, विधायकों और जिला प्रमुखों की बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित होने के बाद अन्नाद्रमुक के उप महासचिव केपी मुनुसामी ने औपचारिक रूप से अलग होने का ऐलान किया। इस खबर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने 28 मई, 2023 को शाहबाद डेयरी इलाके में एक नाबालिग लड़की को कई बार चाकू मारकर और पत्थर से कुचलकर हत्या करने के आरोप में आरोपी साहिल के खिलाफ हत्या के अपराध के आरोप तय किए हैं। मामले में आगे 28 नवंबर को सुनवाई होगी।

# कनाडाई संसद में नाजी सैनिक का सम्मान, फिर माफी मांगी

**टोरंटो।** कनाडा की संसद- हाउस ऑफ कॉमन्स में पहले तो एक पूर्व नाजी सैनिक को सम्मान दिया गया, बाद में स्पीकर ने सांसदों की इस

**हत्याएं**

**टूडो मौजूद थे, हिटलर की सेना ने 11 लाख हत्याएं कीं, ज्यादातर यहूदी थे**

हरकत पर माफी मांगी। दरअसल, 24 सितंबर को स्पीकर एंथनी रोटा ने संसद में 98 साल के यारोस्लाव हुंका को वॉर हीरो बताया। इसके बाद मौजूदा सांसदों ने हुंका को 2 बार स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो भी संसद में मौजूद थे।

हालांकि, आज यानी सोमवार को स्पीकर ने इस घटना पर सफाई दी। स्पीकर एंथनी रोटा ने कहा- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की स्पीच के बाद मैंने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के एक बुजुर्ग सैनिक को देखा। जिसके बाद उन्हें वॉर हीरो की तरह इंट्रोड्यूस कर दिया। बाद में जब मुझे उनसे जुड़ी जानकारी मिली तो अब मुझे अपने निर्णय पर पछतावा हो रहा है। मैं कनाडा में रह रहे यहूदी समुदाय के लोगों से माफी मांगता हूं।

सभी सांसदों, जेलेंस्की, यूक्रेनी डेलिगेट्स ने ताली बजाकर और हाथ उठाकर उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दी।



दरअसल, नाजियों (एडोल्फ हिटलर की सेना) ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान 11 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसमें ज्यादातर यहूदी थे।

रूस के साथ चल रही जंग में अपने देश के लिए सपोर्ट मांगने कनाडा पहुंचे यूक्रेनी प्रेसिडेंट वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी नाजी सैनिक यारोस्लाव हुंका को सम्मान दिया। संसद में नाम पुकारे जाने पर हुंका ने सैल्यूट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के ऑफिस से जारी एक बयान में कहा गया कि रोटा ने माफी मांग ली है। उन्होंने इस बात को स्वीकार है कि उन्होंने हुंका को इनविटेशन दिया और संसद में सम्मान किया। बयान में यह भी कहा गया कि प्राइम मिनिस्टर ऑफिस, सांसदों और यूक्रेनी डेलिगेट्स को इस बात की जानकारी नहीं थी।

कनाडा सरकार पर कई बार आतंकियों को पनाह देने और टेररिस्ट एक्टिविटीज पर रोक नहीं लगाने के आरोप लगे हैं। खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को लेकर सरकार का रवैया काफी नरम है। भारत सरकार का कहना है कि कनाडा में भारत विरोधी एक्टिविटीज हो रही है, लेकिन इसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है।

कनाडा के क्क्रू जस्टिन टूडो ने खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ होने का आरोप लगाया है। इसके बाद सवाल उठने लगे कि आखिर कनाडा में खालिस्तान मूवमेंट को सरकार के समर्थन की वजह क्या है। वजह है- सरकार बनाने के लिए खालिस्तान सपोर्टर की मदद लेना।

दरअसल, सितंबर 2021 में हुए चुनाव में टूडो की पार्टी को बहुमत नहीं मिला और सरकार बनाने के लिए उन्हें जगमीत सिंह की अगुआई वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन लेना पड़ा। सिंह को कनाडा में प्रो-खालिस्तानी नेता माना जाता है।

## गैंगस्टर सुक्खा नहीं आतंकी डल्ला था निशाने पर

**अमृतसर।** कनाडा में भारत के ए-कैटेगरी गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुन्नेके की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। सूचना मिली है कि हमले के समय आतंकी अर्श डल्ला निशाना था और दुन्नेके के साथ फ्लैट में मौजूद था। वहीं, भारतीय खुफिया एजेंसियों को आतंकी डल्ला के पाकिस्तान ISI और लश्कर-ए-तैयबा से भी संबंध सामने आए हैं। मिली इनपुट के अनुसार जिस समय हेजलटन ड्राइव के 200 ब्लॉक के एक घर में फायरिंग हुई, तब दुन्नेके अकेला नहीं था, उसके साथ आतंकी डल्ला भी वहां मौजूद था। लेकिन खतरे को भांपते हुए अर्श डल्ला वहां से निकल गया, जबकि हमलावरों की गोलियों का निशाना दुन्नेके बन गया। वहीं, भारतीय जांच एजेंसी NIA ने कनाडा के साथ रिश्ते बिगढ़ने के बाद आतंकियों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है। जिसमें आतंकी डल्ला का नाम भी शामिल है। एजेंसियों को इनपुट मिली है कि उसके तार पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ भी जुड़े हुए हैं।

# 1500 रुपए के लिए महादलित महिला को नंगा कर पीटा

**पीड़िता**

**पीड़िता बोली-दबंग ने अपने बेटे से मुंह पर करवाया पेशाब, नग्न हालत में जान बचाकर भागी**

**पटना।** पटना में एक महादलित महिला की नग्न अवस्था में बेरहमी से पिटाई कर दी गई। गांव का ही एक दबंग पहले उस महिला को अपने घर ले गया। फिर बेटे के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। इसके साथ ही दबंग ने अपने बेटे से महिला के मुंह पर पेशाब भी करवाया। मारपीट के बाद महिला के सिर पर गंभीर चोट आई है। महिला का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। घटना शनिवार की रात खुसरुपुर थाना क्षेत्र की है।

पीड़िता ने बताया कि पंचायत के दबंग प्रमोद सिंह से मेरे पति ने 1500 रुपए कर्ज लिया था। यह पैसा लौटा भी दिया गया था। इसके बावजूद शनिवार रात मुझे बंधक बनाकर अपने घर ले गया, फिर नंगा कर मारपीट करने लगा। इस दौरान नग्न अवस्था में ही किसी तरह अपनी जान बचाकर अपने घर पहुंची।

इस घटना को लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस मामले में बिहार सरकार और पुलिस को तुरंत महिला को सुरक्षा प्रदान करने अरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पीड़ित महिला ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे अपने घर के बाहर लगे नल से पानी ले रही थी। इसी दौरान प्रमोद सिंह वहां पहुंचे और जबरन उठाकर अपने घर ले गए। इसके बाद प्रमोद सिंह अपने बेटे अंशु कुमार के साथ मिलकर लाठी-डंडे से पिटाई की। प्रमोद सिंह ने अपने बेटे अंशु कुमार से मेरे मुंह पर पेशाब भी करवाया। किसी तरह नग्न अवस्था में जान बचाकर अपने घर की ओर भागी।

पीड़िता ने बताया कि रास्ते में हमारे जेठ मिल गए। वह शरीर ढकने के लिए कपड़ा दिया और घर ले गए। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी।

ग्रामीण एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि खुसरुपुर थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की एक महिला के साथ मारपीट की गई। पीड़िता ने अपने स्नढ्क्र में नंगा कर मारपीट करने और चेहरे पर पेशाब करने का आरोप लगाई है। जांच में प्रथम दृष्टया पता चला है कि कुछ पैसे को लेकर आरोपी की ओर से मारपीट की गई है। नंगा करने और मुंह पर पेशाब करने को लेकर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। आरोपी अपने घर में ताला बंद कर फरार है। उसके संभावित ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

ृष्ठत्र मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची। पीड़ित महिला को पुलिस अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा कि महिला के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एक स्पेशल टीम बनाई गई है, जो मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करेगी।

# आतंकी पन्नू भारत को तोड़कर कई देश बनाना चाहता है

**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक आतंकी और सिख फॉर जस्टिस प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू भारत के टुकड़े कर कई देश बनाना चाहता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसने एक ऑडियो मैसेज के जरिए



भारत की एकता और अखंडता को चैलेंज किया है। बात सिर्फ खालिस्तान की नहीं है वो कश्मीर को अलग करके एक नया मुस्लिम देश बनाना चाहता है। इसके पहले 20 सितंबर को पन्नू ने खुलेआम हिंदू-कनाडाई लोगों को भारत लौटने की धमकी दी थी। वीडियो जारी कर उसने कहा था- हिंदुओं का देश भारत है और वे कनाडा को छोड़कर इंडिया लौट जाएं। कनाडा में वही सिख रहेंगे, जो खालिस्तान समर्थक हैं।

इसके बाद 24 सितंबर को कनाडा की सत्ताधारी लिबरल पार्टी के सांसद चंद्र आर्य ने कहा था कि धमकियों के बाद देश में रह रहे हिंदू-कनाडाई लोगों में डर है।

भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी UAPA के तहत पन्नू के संगठन SFJ पर बैन लगाया। गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा था कि सिखों के लिए रेफरेंडम की आड़ में SFJ पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा है।

पन्नू पर साल 2020 में अलगाववाद को बढ़ावा देने और पंजाबी सिख युवाओं को हथियार उठाने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप लगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2020 को पन्नू को UAPA के तहत आतंकी घोषित किया। 2020 में सरकार ने SFJ से जुड़े 40 से ज्यादा वेबपेज और यूट्यूब चैनलों को बैन किया।

SFJ और पन्नू के खिलाफ भारत में करीब एक दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। इनमें पंजाब में देशद्रोह के तीन मामले भी हैं। पंजाब पुलिस द्वारा तैयार किए गए डोजियर में SFJ ने कई सालों से सोशल मीडिया पर विभिन्न अलगाववादी पोस्टों के बारे में जानकारी दी गई थी। इनमें वह आतंकियों का समर्थन करता था।

पन्नू सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव है। वह पंजाबी भाषा में ऑडियो और वीडियो संदेश जारी करता है। जिसमें वह पंजाबी युवाओं को भारत के खिलाफ भड़काता है।

# कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान

**लंदन।** ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज X

**मौत**

**5 करोड़ लोगों की मौत का हो सकती है, WHO ने इसे डिसीज X नाम दिया**

नाम दिया है।

वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं।

म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी



अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है।

कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।

ब्रिटेन के साइंटिस्ट्स ने डिसीज X के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।

**क्लाइमेट चेंज बीमारियां फैला रहा**

इंसानों ने डेवलपमेंट के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती क्लाइमेट कंडिशन्स के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

कंजर्वेशन इंटरनेशनल एनजीओ के फिजिशियन नील वोरा ने कहा- यह आने वाले समय की प्रॉब्लम नहीं है। क्लाइमेट चेंज अभी हो रहा है। लोगों पर इसका असर हो रहा है। वे मर रहे हैं। कई रिसर्च में सामने आया है कि जलवायु परिवर्तन से बीमारियां फैल रही हैं।

निचली और गर्म जगहों पर रहने वाले जानवर बढ़ते तापमान को झेल नहीं पा रहे हैं इसलिए ऊंची और ठंडी जगहों की तरफ माइग्रेट हो रहे हैं। इनके साथ बीमारियां भी उन इलाकों तक पहुंच रही हैं, जहां पहले नहीं थीं।

उदाहरण के जरिए इसे ऐसे

## गोल्फ बॉल बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने के बाद लगा जुर्माना

**ताइपे।** ताइवान के अधिकारियों ने सोमवार को एक गोल्फ बॉल निर्माता पर 2.4 मिलियन न्यू ताइवान डॉलर (75,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया और खतरनाक सामग्री की कानूनी सीमा से 30 गुना अधिक भंडारण और अन्य उल्लंघनों के लिए आपराधिक आरोप लगाया है। फैक्ट्री में आग लगने से नौ लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति अभी भी लापता चल रहा है। ताइवान की सेंट्रल न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिंगटुंग काउंटी के मेयर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लॉन्च टेक्नोलॉजीज कंपनी के पास साइट पर 3,000 टन कार्बनिक पेरोक्साइड है, जो 100 टन खतरनाक सामग्री से कहीं अधिक है। मेयर चाउ चुन-मील ने कहा कि जिम्मेदार लोगों को सार्वजनिक खतरे और लापरवाही से हुई हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# एकात्म मानववाद के प्रणेता रहे पंडित दीनदयाल उपाध्यायः डॉ. गौर

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 वीं जन्म जयंती महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर बालसन चौराहे पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव एकात्म वाद के प्रणेता रहे और उन्होंने अंत्योदय का दर्शन दिया। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 में मथुरा के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। वे 1967 में जनसंघ अध्यक्ष बने। उनकी मृत्यु 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन में हुई थी जो आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन का हर क्षण और रक्त का



कण कण राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष शशि वार्ष्णेय , पार्षद भोला तिवारी, पदुम जायसवाल, रईस चंद्र शुक्ला ने अपने विचार रखे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भाजपा के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में प्रयागराज के सभी 252 शक्ति केंद्रों में एवं मनाई गई। कार्यक्रम के संयोजक राघवेंद्र सिंह कुशवाहा रहे। कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने तथा धन्यवाद मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट ने किया। इस अवसर पर रमेश पासी, राजू पाठक, राजेश केसरवानी, देवेंद्र मिश्रा, राजू राय, सचिन जायसवाल, सुभाष वैश्य,राजन शुक्ला, आभा सिंह, सरोज गुप्ता, गौरव गुप्ता, अजय अग्रहरि,भरत निषाद अपूर्वा चंद्रा,पीयूष सिंह, अंजनी सिंह, महेंद्र तिवारी, एजाजुद्दीन, मनोज कुमार कुशवाहा, बाली शंकर त्रिपाठी, विवेक कुमार , चंदन शुक्ला, सरदार पतविंदर सिंह एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल

जौनपुर (शाहगंज) कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बीबीगंज बाजार में सड़क दुघर्टना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के पुल सराय गांव निवासी 29 वर्षीय मनीष कुमार यादव पुत्र फूलचंद यादव सोमवार को बीबीगंज बाजार से बाइक से घर वापस आ रहें थे।कि बाजार के समीप साइकिल सवार को बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दे इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त युवक की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# जिला अधिवक्ता संघ चुनावः 67 उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन



विधि संवाददाता

प्रयागराज। आगामी 27 अक्टूबर को होने वाले जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए आज नामांकन के दूसरे दिन 67 उम्मीदवारों ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शनिवार को मंत्री पद के उम्मीदवार दिनेश चंद्र पांडे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। चुनाव अधिकारी भूपेंद्र देव शुक्ला ने बयान जारी कर बताया कि सोमवार को नामांकन के दूसरे दिन कुल 67 उम्मीदवारों ने अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र प्रसाद मिश्र उर्फ रज्जू, के बी तिवारी, राकेश तिवारी, शीतला प्रसाद मिश्रा, राकेश कुमार दुबे, सुशील कुमार सिंह व रंजीत यादव शामिल हैं। वही मंत्री पद के लिए शनिवार को दिनेश चंद्र पांडे ने अपना पर्चा दाखिल किया था। आज उक्त पद के लिए वरुण कुमार सिंह, आलोक शुक्ला, राहुल शुक्ला , विनय कुमार सिंह तथा श्याम धर्म मिश्रा ने नामांकन किया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए 13 तथा महिला उपाध्यक्ष के लिए एक और संयुक्त मंत्री के लिए पांच, कोषाध्यक्ष हेतु पांच, लाइब्रेरियन के लिए सात, ऑडिटर के लिए तीन तथा कार्यकारिणी के लिए 21 उम्मीदवारों ने अपना अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक मंगलवार को भी सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल होगा।

# सपा शहर दक्षिणी विधान सभा की साठ सदस्यों की कमेटी गठित

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय चौक में महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में शहर दक्षिणी विधान सभा अध्यक्ष पीर मोहम्मद अज़हर नैनी ने साठ सदस्यों की भारी भरकम कमेटी की घोषणा की। जिसमें सभी जाति और धर्म के लोगों को समाहित करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी परचम को लहराने की शपथ के साथ मनोनयन पत्र सौंपा गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहना



कर स्वागत किया गया। कमेटी में सतगोपाल यादव, मो0सिब्तैन, मंजीत गुप्ता, चौधरी देवीलाल, त्रिलोकी राज सोनकर, तौफीक खान, अरशद नक़वी, दिनेश प्रजापति, ब्रिजेश केसरवानी, राजेश जायसवाल, मो0 तय्यब को शहर दक्षिणी विधान सभा में उपाध्यक्ष नामित किया गया। अजय यादव महासचिव तो राम भवन यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन , रवीन्द्र यादव रवि ,पूर्व विधायक शहर दक्षिणी हाजी परवेज़ अहमद , इसरार अन्जुम ,मो0अज़हर मोहम्मद शारिक़, मोहम्मद गौ़स समेत अन्य सैकड़ों सपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मातृभाषा में शिक्षाः अवसर व चुनौतियां विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय, (संघटक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) प्रयागराज में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न अंतरमहाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के क्रम में आज मातृभाषा में शिक्षाः अवसर व चुनौतियां विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक के रूप में डॉ रतन कुमारी वर्मा, अध्यक्ष, हिंदी विभाग जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज प्रयागराज थीं।

उन्होंने प्रतियोगिता- परिणाम की घोषणा करने के पूर्व प्रतिभागियों को भाषण प्रस्तुत करने सम्बन्धी कुछ बारीकियों को समझाया जैसे



प्रतियोगिता में वाक्यों को बोलते समय शब्दों का उच्चारण सही होना चाहिए, क्योंकि उच्चारण दोष होने से वक्ता श्रोताओं को प्रभावित नहीं कर पाते हैं। शब्दों में अनुस्वार का अनावश्यक प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रतियोगिता के लिए दिए गए विषय पर ही बोलना चाहिए। विषय से भटकाव न हो इसके लिए विषय का पूरा ज्ञान होना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारी देश की जनसंख्या वृद्धि ही रोजगार की समस्या है। जब तक यह समस्या हल नहीं होती, तब तक विकास नहीं होगा। जो भी बहुराष्ट्रीय कंपनियां है वह सब मातृभाषा में ही जन समूह से बातचीत करती हैं। भाषाओं के जरिए ही बहुराष्ट्रीय कंपनियां तमाम नीतियां लेकर आती हैं और व्यापार करती हैं। पहले हम हिन्दी दिवस मनाते थे, अब हिन्दी पखवाड़ा मनाते हैं। यूजीसी से हिन्दी माह मनाने के लिए पत्र जारी किया गया है। सप्ताह, पखवाड़ा और माह मनाने के कारण ही हिन्दी विभाग की चर्चा अन्य विभागों से ज्यादा होती है। भारत में बोली जाने वाली सभी मातृभाषाओं का हमें सम्मान करना चाहिए।

### तत्पश्चात् उन्होंने परिणाम की घोषणा की

आज के कार्यक्रम का संचालन डॉ नीलिमा सिंह, एसो प्रो राजनीति शास्त्र तथा राजभाषा हिंदी पखवाड़ा की संयोजिका ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या प्रो रंजना त्रिपाठी ने किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि समय के साथ बच्चों की क्षमताएं भी बढ़ती जा रही हैं। जो देश आज आगे बढ़ रहे हैं उनकी शिक्षा उनकी मातृभाषा से ही हुई है। इजराइल में मृत् हो चुकी हिब्रू भाषा को अथक प्रयासों से पुनर्जीवित किया गया। उन्होंने कहा कि हम हिंदी को समृद्ध करके आगे बढ़ाएं। व्यवसाय में हम तभी आगे बढ़ पाएंगे जब हमारा चिंतन, मनन अपनी मातृभाषा में होगा। सृजन शक्ति से ही देश आगे बढ़ता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय की छात्राओं सहित अन्य महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए।

# विद्यार्थियों में हो पढ़ने और आविष्कार करने का नशाः कुलपति

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचलविश्वविद्यालय के रज्जु भईया सभागार में सोमवार को ÷समाज में मादकपदार्थों की बढ़ती लत = कारण, प्रभावएवं उपचार के विविध आयाम÷ विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजनकिया गया। समारोह में बतौर अध्यक्ष कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि हमारे देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। आज के समय में युवाओं में नशे की लत काफी बढ़ती जा रही है। नशा न सिर्फ व्यक्ति को अपितु उसकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकरनशा मुक्त समाज के सपने को साकार करेंगे। नशा इंसान को अपना दास



- नशा मुक्ति की शुरुआत अभिभावकों से होः प्रो. शिव
- समाज में मादक पदार्थों की बढ़ती लतः कारण, प्रभाव एवं उपचार के विविध आयाम पर हुई संगोष्ठी

बना लेती है।विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ- साथ व्यायाम भी करना चाहिए। विद्यार्थियों मेंपढ़ने, आविष्कार करने और अच्छे काम करने कानशा होना चाहिए न कि किसी मादक पदार्थ का। मुख्य अतिथि उमानाथ सिंह स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेजके प्राचार्य प्रो. शिव कुमार ने कहा कि बच्चों को नशे से रोकने के लिए अभिभावक और शिक्षकों को भी अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआतअभिभावकों से होनी चाहिए। मानसिक तनाव वाले युवाओं की काउंसलिंग न करने पर वह नशाके आदि हो जाते हैं। कॉलेज और विश्वविद्यालय में परीक्षा और परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती है ऐसे समय में शिक्षण संस्थाओं में मोटिवेशनल कार्यक्रम कराने चाहिए, ताकि विद्यार्थी सकारात्मक सोच रखे। विशिष्ट अतिथि मनोचिकित्सक डॉ विनोद वर्मा ने कहा कि नशे से पूरे शरीर के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मानव को प्रभावित करता है। नशे से आर्थिक और सामाजिक रूप से इंसान का नुकसान होता है। नशे की शुरुआत करने केकारणों में आर्थिक कमी, तनाव, सामाजिक स्थिति आदि शामिल है।छात्र अधिष्ठाता प्रो. अजय द्विवेदी ने कहा कि लोगों में जागरूकता के माध्यम से नशे की प्रवृत्ति को कम किया जा सकता है। नशामुक्तभारत ही श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण कर सकता है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा किपूरे सप्ताह जागरूकता से काफी स्तर तक नशामुक्ति का प्रयास सफल होगा। सरकार की भीयहीं मंशा है। नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडे ने कहा किविश्वविद्यालय परिसर, उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज, जौनपुरजिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में यह नशा मुक्त सप्ताह चलाया जा रहा है। संचालनएवं धन्यवाद ज्ञापन उद्देश्य सिंह ने किया। इस मौके पर प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ राहुल सिंह, डा. शैलेंद्र सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ. पुनीत धवन, डॉ अमित वत्स, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक आजमगढ़ ने राष्ट्रपति को संबोधित सौपा पत्रक

आजमगढ़। कानून मंत्रालय द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में दुर्भावनापूर्ण बदलाव कर सविंधान की प्रस्तावना की प्रति बांटे जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए जिला व शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग आजमगढ़ ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान कांग्रेसजनो डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और संविधान की प्रस्तावना से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न किए जाने की मांग किया। जिलाध्यक्ष नदीम खान ने कहाकि देश के संविधान में प्रस्तावना को भारतीय संविधान का हृदय और आत्मा माना जाता है। इसकी मूल संरचना में बदलाव नहीं किया जा सकता है लेकिन दुर्भाग्य है कि केंद्र सरकार के कानूनमंत्री द्वारा वर्तमान में सोशलिस्ट और सेक्युलर समाजवादी और पंथ-निरपेक्ष' जैसे शब्दों से कतरा रहे है।

# मेले में किसानों ने कृषि यंत्रों की जमकर खरीददारी

अवधनामा संवाददाता

- भादोछठ मेले में दूसरे दिन भी लगी रही भीड़
- सूरज कुंड में स्नान करने का जारी रहा सिलसिला

जौनपुर (करंजाकला) सराय ख्वाजा के ऐतिहासिक भादो छठ मेले में दूसरे दिन सोमवार को किसानों ने कृषि यंत्रों की जमकर खरीदारी की और दूसरे दिन भी मेले में भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें लोगों ने जरूरत के सामान खरीदें और प्राचीन तालाब सूरज कुंड में स्नान कर पूजन अर्चन किया। भादोछठ के मेले में दूसरे दिन भी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसमें दूसरे दिन किसानों ने मेले में फावड़ा कुदाल हंसीया चारपाई कुर्सी में व कुर्सी मेज टेबल लकड़ी के अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा अन्य दुकानों पर भी बच्चो महिला बुजुर्ग की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने सिंगार प्रसाधन के सामान खरीदें तो बच्चों ने तरह-तरह के मिठाइयों का लुफ्त उठाया। इस दौरान पुलिस सुरक्षा बल ने मेले में चक्रमण करती रही और अव्यवस्था उत्पन्न करने पर आधा दर्जन शरारती तत्वो को हिरासत में ले लिया। इसके अलावा बच्चों ने झूले वह खिलौने खेल के सामान का आनंद उठाया दूसरे दिन भी सूरज कुंड में स्नान करने वालों का तांता लगा रहा। लोगों के पुराने कपड़ो से सूरजकुंड की सीढीया पट गई।

# देख कर राम जी को जनक नंदिनी बाग में ही खड़ी की खड़ी रह गई

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर(खुटहन) बुढ़ानपुर गांव में शनिवार की रात आयोजित भजन संध्या में भक्ति गीत गायकों ने ऐसी समां बांधा कि लोग पूरी रात वाह वाह करते रह गये। गणेश वंदना से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की देर रात तक महफ़िल सजी रही।

गायक मुन्ना उपाध्याय ने जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा आरती प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद प्रस्तुत भक्ति गीत देख कर रामजी को जनक नंदिनी बाग में ही खड़ी की खड़ी रह गई। सुनाकर खूब वाहवाही



बटोरी। गायिका शालू ने इक दिन भोले भंडारी बन के सुंदर नारी गोकुल में आ गए। सुनाकर खूब तालियां बजवायी। इसके अलावा गायकों ने सोहर,कजरी जैसे देशज गीत प्रस्तुत कर उपस्थितों का मन मोह लिया। आयोजक मंडल के बनारसी यादव ने सभी गायकों के हाथ में नारियल और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर इंद्रपति यादव, हरेंद्र, प्रमोद, विकास, अनिल, सुभाष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## रोजगार पंजीकरण का फीता काटकर उद्घाटन किया गया

आजमगढ़। आज रोजगार पंजीकरण का फीता काटकर शुभारम्भ एवं माता सरस्वती को दीप प्रज्वलित करके संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माव राममूर्ति जी ष्सहायक निदेशकष् सेवा योजन (आजमगढ़ मण्डल) आजमगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि सीओ सदर जीतेन्द्र प्रताप सिंह,ऐ आर ओ जिलापूर्ति कार्यालय ,श्री मनोज सिंह पूर्ति निरीक्षक मिर्जापुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि एवं विशिस्ट अतिथियों द्वारा संतोष सिंह समेंदा द्वारा आजमगढ़ जनपद से किये जा रहे ऐतिहासिक पहल पर शुभकामनाये एवं सफ्ल हो मिशन ऐसा आशीर्वाद प्रदान किया। एस के ग्रुप आजमगढ़ की एक विंग एस के इंटरप्राइजेज रोजगार सेवा के माध्यम से लोकल महानगर मुंबई दिल्ली चेन्नई गुड़गांव बंगलौर आदि राज्यों में रोजगार दिलाने हेतु जनपद से इसका पहल किया जा रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने महिला सांसदों का किया अभिनंदन

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा आकांक्षा सोनकर के नेतृत्व में महिलाओं की राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन विधेयक बिल लोकसभा और राज्यसभा से पारित होने पर आज प्रयागराज की लोकप्रिय सांसद रीता जोशी एवं फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल के आवास पर भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष शिखा रस्तोगी, मीडिया प्रभारी चन्द्रा अहलूवालिया, अनीता सिंह, अंजलि गोस्वामी, संगीता गोस्वामी, विजयलक्ष्मी चंदेल, रीता सिंह, सत्या तिवारी, सरोज गुप्ता, कल्पना शर्मा, उर्मिला, दुर्गेश नंदिनी, लक्ष्मी बहुगुणा, चेतना ओझा, आंचल ओझा, विनीता गुप्ता, अंजू मिश्रा इत्यादि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बहनों ने प्रतिभाग किया।

## धर्म परिवर्तन कराने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार



मेहनगर,आजमगढ़ । वादी मुकदमा रविन्दर राम पुत्र मानेराम ग्राम लालमऊ थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया था कि सलमान पुत्र इसराइल ग्राम सिधौना थाना खानपुर जनपद गाजीपुर व उसके सहयोगी मेरे घर आकर मुझे पैसे का लालच देते हुए एवं बच्चो को क्रिस्चियन विद्यालय मे पढाने का लालच देते हुए धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहे है। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 207/23 धारा 295ए,505(2) भादवि व 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। 24 सितंबर को उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तो 1. सलमान पुत्र इसराइल ग्राम सिधौना थाना खानपुर जनपद गाजीपुर, 2. त्रिभुवन राम पुत्र श्रीपत राम ग्राम खुन्दनपुर थाना मेंहनाजपुर जनपद आजमगढ़ को ग्राम लालमऊ से समय करीब 20.30 बजे गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 10 बाइबल, 01 माईक्रो मशीन, 02 माइक लीड सहित, 02 बुफर बरामद किया गया।

# पृथ्वीराज चौहान की मनाई जयंती

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मेहनगर अति पिछड़ा एवं अति दलित महासंघ के नेतृत्व में नगरपंचायत मेंहनगर के अक्षय कुमार उर्फ माखन चौहान के आवास पर अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूम धाम से मनाई गयी। जिसकी अध्यक्षता संचालन मण्डल अध्यक्ष ई. नितीश कुमार मौर्य ने किया जिसमें अतिथि के रूप में सत्यक्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 अनिल सिंह चौहान जी ने अपने सम्बोधन में कहा की मा0 नन्दा भारत चौहान समाज के विकास का मूल मंत्र शिक्षा है जैसा की आप लोग जानते है डॉ भीमराव अंबेडकर साहब ने कहा था की पहले शिक्षित बनो, तब संगठित होये तब संघर्ष करके अपने हक अधिकार को मांगो नहीं छिनो तभी आप का अधिकार



पाने वाले वापस देंगे जरूरत पड़े तो अधिकार के लिए जिस देश जाती में जन्म लिया बलिदान उसी पर हो जायें तभी सजातीय बंधुओं आप का सम्मान व स्वाभिमान बरकरार रहेगा। जयंती कार्यक्रम के संबोधित करते हुये अति पिछड़ा एवं अति दलित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशवंत सिंह चौहान (एड0) ने कहा की सम्राट पृथ्वीराज चौहान संघर्षो के मिसाल थे इसलिए ये पेरियार रामा स्वामी विरसा मुंडा, ज्योतिबा फुले अंबेडकर साहूजि महाराज बाबू जगदेय प्रसाद कुशवाहा के वारिसों आप सभी लोग एकत्रित हो जागो और अल्प संख्यक जो आप के अधिकार को लूटे है उन्हें बताओ हम 55 से 85ः के लोग है। तुम्हारी गुलामी अब नहीं होगी ष्वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा यदि संविधान हमारा अधिकार पर नजर गड़ाए तो इसका खामयजा तुम्हें भुगतना पड़ेगा इसलिए चौहान समाज के साथ अन्य ओबीसी,एससी व एसटी समाज को मेरा संदेश है। एक शक्ति ही ताकत है भय नहीं संघर्ष होगा जयंती कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मोजूद रहे।

# सिपाही ने पत्रकार को सरेआम लाठियों से पीटा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भंडारी चौकी पर तैनात कांस्टेबल ने वीडियो बनाने को लेकर पत्रकार को लाठियां से बुरी तरह से पीट दिया। मामला सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे का है। तरुण मित्र न्यूज़ 24 के पत्रकार मोहम्मद उस्मान समाचार का कवरेज करते हुए जिला महिला अस्पताल से वापस लौट रहे थे। इस समय कांस्टेबल मिथिलेश कुमार यादव बे ढंग से खड़ी रही बाइकों को और कारों को हटाते हुए आगे बढ़ रहा था। उसी समय पत्रकार भी उधर से लौट रहे थे। उसी समय पत्रकार उस्मान ने वीडियो बनाते हुए आगे की तरफ बढ़ना शुरू किया। जैसे ही सिपाही ने पत्रकार को वीडियो बनाते हुए देखा तो वह आग बबूला हो गया और उसका कालर पड़कर बड़ी बेरहमी से पीटता हुआ भंडारी चौकी पर ले गया। सिपाही इतना गुस्से में था कि पत्रकार पर लगातार लाठियां बसाते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी देता रहा। भंडारी पुलिस चौकी पर पहुंचने के बाद अन्य सिपाही एवं चौकी प्रभारी तारकेश्वर राय ने बीच बचाव करके सिपाही से पत्रकार को बचाया। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में पत्रकार हसैनन कमर दीपू, देवेंद्र खरे, अजीत गिरी, बेलाल जानी, आमीर अब्बासा, इमरान, आदि पत्रकारों के साथ आईबी सिंह भी पीड़ित पत्रकार के पक्ष में थाना कोतवाली पहुंच गए और सिपाही के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग किया।

# छात्रों ने रक्तदान कर समाज को दिखाया आइनाः चंद्रदेव राम यादव

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर(आजमगढ़)। श्री काशी चन्द्रदेव यादव फर्मेसी कालेज हाजीपुर बम्हौर में सोमवार को फार्मासिस्ट डे के अवसर पर रक्तदान शिविर कैम्प का उदघाटन पूर्व मंत्री चन्द्रदेव यादव करैली ने फीता काटकर किया। शिविर में विद्यालय परिवार समेत बी फार्मा व डी फार्मा के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया। फार्मासिस्ट डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर समाज को जागरूक किया गया । रक्तदान सबसे बड़ा दान है। किसी गरीब असहाय समाज के दबे कुचले लोगों की जान बचाने में रक्त काम आ सकता है।



शिविर कालेज मे पहेली बार आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत फार्मासिस्ट डे के अवसर पर की गई। पूर्व कैबिनेट मंत्री चन्द्रदेव यादव करैली ने कहा कि छात्र रक्तदान करके समाज को एक आईना दिखाने का काम कर रहे हैं। छात्र बहादुर और साहसी है। दान किया गया रक्त किसी असहाय, गरीब, शोषित, वंचित ब्यक्ति के जरुरत पड़ने पर काम आ सकता है। रक्तदान करने वालो विद्यालय परिवार के सभी छात्र छात्राओं को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं। भविष्य में इनके के उज्जवल भविष्य का कामना करता हूं। यह निश्चित रुप से सफ्ल होंगे।

# जेके टायर उत्तर प्रदेश में विस्तार के लिए तैयार

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख टायर निर्माता जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य में अपनी मौजूदगी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया। कंपनी के लिए उत्तर प्रदेश राज्य बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विकास एवं उच्च-निवेश की परियोजनाओं के चलते टायर उद्योग के लिए ढेरों संभवनाएं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न सेगमेन्ट्स के वाहनों की संख्या सबसे अधिक है, राज्य कमर्शियल वाहनों एवं पैसेंजर कारों की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है।

450 से अधिक प्रोडक्ट्स के साथ कंपनी राज्य के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम रही है। क्षेत्र में लगातार विकसित होते सीवी सेगमेन्ट के लिए टीबीआर टायर में अग्रणी जेके टायर आज के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्ता के आधुनिक समाधान लेकर आती है। अपनी एक्सएफ (एक्स्ट्रा-फ्यूल-एफिशिएन्ट) सीरीज़ के तहत कंपनी ने हाल ही में दो नए टायर जैटवे जेयूएच एक्सएफ और जैटस्टील जेडीई एक्सएफ का लॉन्च किया है। नेक्स्ट-जनरेशन कम्पाउन्ड से बने अल्ट्रा-लो रोलिंग रेज़िस्टेन्स

**टचपॉइन्ट्स**

**उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए 100 टचपॉइन्ट्स के साथ सशक्त रीटेल मौजूदगी**

कोएफिशिएन्ट पर आधारित ये उर्जा प्रभावी एक्सएफ रेंज उर्जा दक्षता में 10 फीसदी तक सुधार लाती है।

राज्य में कंपनी की योजनाओं के बारे में बात करते हुए श्री अनुज कथूरिया, प्रेज़ीडेन्ट, भारत, जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहां हर सेगमेन्ट में उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के साथ विकास की अपार संभावनाएं हैं। हम क्षेत्र में बाज़ार की बदलती ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक प्रोडक्ट्स लाकर राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हम क्षेत्र के आर्थिक, बुनियादी विकास के मद्देनज़र प्रगति



को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं ताकि समुदाय और हमारे कारोबार दोनों को लाभ हो।''

पैसेंजर कार कैटेगरी में जेके टायर, टायरों की एक्सक्लुज़िव एवं इनोवेटिव रेंज लेकर आती है जिसमें एसयूवी के लिए रेंजर सीरीज़, लक्ज़री कारों के लिए लेविटास अल्ट्रा रेंज, पंक्चर गार्ड टायर्स और स्मार्ट टायर शामिल हैं। कंपनी लगातार विकसित हुई है और कार, ट्रक, एलसीवी एवं पैसेंजर कारों सहित सभी श्रेणियों में ईवी-विशिष्ट स्मार्ट रेडियल टायरों की सम्पूर्ण रेंज के साथ तैयार है।

जेके टायर अपने प्रगतिशील एवं एक्सक्लुज़िव प्रोडक्ट्स के साथ-साथ तीव्र टर्नअराउण्ड टाईम में उत्कृष्ट आफ्टर सेल्स सेवाएं उपलब्ध कराती है। जिसके चलते कंपनी राज्य में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम हुई हैं। ब्राण्ड अपने 100 ब्राण्ड शॉप्स- जेके स्टील व्हील, जेके ट्रक व्हील्स और जेके एक्सप्रेस व्हील्स के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करना जारी रखे हुए है। जेके टायर अपने स्थायित्व के लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी ने पीसीआर मार्केट में अपनी तरह के पहले 80 फीसदी ग्रीन टायर 'यूएक्स ग्रीन' के विकास की घोषणा की है। इसकी विभिन्न मैनुफैक्चरिंग युनिट्स में उपयोग होने वाली 58 फीसदी उर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से आती है। कंपनी ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 50 फीसदी कम करने और 2050 तक कार्बन न्यूट्रल बनने का लक्ष्य तय किया है।

# टाटा मोटर्स ने इंडियन ऑयल को अनूठी हाइड्रोजन फ्यूल सेल पावर्ड बसों की आपूर्ति की



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन ( कॉमर्शियल व्हीकल) बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. (आईओसीएल) को अपने तरह की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल पावर्ड (एफसीईवी) बसों की आपूर्ति की है। इस प्रकार, टाटा मोटर्स ने भारत को यातायात के ज्यादा स्मार्ट और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों से आगे बढ़ाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। पूरी तरह से डीकार्बनाइज़्ड परिवहन के नये युग की घोषणा कर रहीं दो बसों को माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री रामेश्वर तेली, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव श्री पंकज जैन, आईओसीएल के चेयरमैन एस. एम. वैद्य, आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक डॉ. उमिश श्रीवास्तव और टाटा मोटर्स के प्रेसिडेंट एवं चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर श्री राजेन्द्र पेटकर ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर भारत सरकार, नई दिल्ली सरकार और टाटा मोटर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे। अपनी तरह की पहली एफसीईवी बस के सफल इस्तेमाल पर टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक श्री गिरीश वाघ ने कहा, यह सरकार की प्रगतिशील नीतियों, भविष्य के लिये तैयार रहने पर आईओसीएल के केन्द्रित होने और शोध एवं विकास में टाटा मोटर्स के कौशल का नतीजा है। इन सभी बातों ने भारत में शुद्ध (प्रदूषण-रहित) यातायात के साझा विचार में योगदान दिया है। आईओसीएल के साथ मिलकर इन बसों की आपूर्ति इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हम अपने भागीदारों के भरोसे एवं सहयोग के लिये आभारी हैं। टाटा मोटर्स में हम हमेशा राष्ट्र-निर्माण को प्राथमिकता देते हैं और देश में स्थायित्वपूर्ण, संपर्कित तथा अधिक सुरक्षित यातायात के व्यापक वैश्विक चलन का नेतृत्व कर रहे हैं। आज इन बसों की आपूर्ति अंतर्शहरी सार्वजनिक परिवहन में एक नये युग की घोषणा करती है और स्थायित्वपूर्ण यातायात की आकांक्षा पूरी करने की दिशा में एक अन्य कदम है। नये जमाने की टेक्नोलॉजीज को विकसित कर उन्हें अपनाने के लिये सक्रिय कार्यवाहियों के साथ हम कामों तथा लोगों के लिये भविष्य के लिये तैयार परिवहन समाधान बना रहे हैं, ताकि भारत में यातायात की भविष्य की आवश्यकताओं को आज ही पूरा किया जा सके। जून 2021 में,टाटा मोटर्स को 15 एफसीईवी बसों के लिये आईओसीएल की निविदा मिली थी, जोकि भारत में हाइड्रोजन पर आधारित पीईएम फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिये थी। इन बसों का मूल्यांकन अंतर्शहरी तथा अंतःशहरी यात्रा के लिये सार्वजनिक परिवहन के संभावित समाधानों के तौर पर होना है।

# डिज़्नी+ हॉटस्टार के 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में देखिये महत्वाकांक्षा, लालच, प्यार और जुनून की एक जबरदस्त कहानी

**मुम्बई।** अगर दिल्ली का सुल्तान बनना है तो, जंग बिना गोली चलाये जीतनी होगी ! डिज़्नी+ हॉटस्टार ने अपने आगामी ड्रामा, हॉटस्टार स्पेशल्स 'सुल्तान ऑफ



दिल्ली' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। सुल्तान ऑफ दिल्ली एसेंशन बाय अर्णब रॉय नाम की पुस्तक पर आधारित, इस सीरीज का निर्माण रिलायंस एन्टरटेनमेंट ने किया है और इसके निर्देशक हैं जाने-माने डायरेक्टर मिलन लुथरिया। इसके सह-निर्देशक एवं सह-लेखक सुपर्ण वर्मा हैं। यह सीरीज 13 अक्टूबर 2023 को डिज़्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' आपको एक ऐसे सफर पर ले जाने के लिये तैयार है जहां जिंदगी दांव पर लगी है और जीतने के लिये आपको सत्ता की जरूरत होगी। इस सीरीज में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, दिग्गज अभिनेता विनय पाठक और निशांत दहिया प्रमुख किरदारों को निभाते नजर आयेंगे। वहीं, अनुप्रिया गोयनका, मौनी रॉय, हरलीन सेठी एवं मेहरीन पीरजादा जैसी प्रतिभाशाली अभिनेत्रियां मुख्य महिला पात्रों को परदे पर साकार करेंगी। 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' में 60 के दशक के प्राचीन युग को दिखाया गया है। यह अर्जुन भाटिया (ताहिर राज भसीन) की कहानी है, जो दिल्ली के सबसे बड़े आर्म डीलर जगन सेठ (विनय पाठक) के साथ काम करता है। सत्ता के युद्ध में, जिसमें काफी कुछ दांव पर लगा हुआ है, अर्जुन को बार-बार अपने आस-पास के लोगों द्वारा ली जा रही परीक्षा का सामना करना पड़ता है। अपनी महत्वाकांक्षाओं और सुल्तान ऑफ दिल्ली बनने के सपने के साथ अर्जुन को विजेता बनकर उभरने के लिये एक ऐसे रास्ते से होकर गुजरना होगा, जहां उसे कोई रोक नहीं सकता और सिर्फ प्रतिशोध से भरा हुआ है। इस सीरीज के बारे में बात करते हुये, निर्देशक मिलन लुथरिया ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारे टीज़र को इतना ज्यादा पसंद किया जायेगा। टीज़र देखने के बाद कई लोगों ने कॉल करके मुझसे पूछा कि क्या यह मेरी अगली फिल्म का टीज़र था।

# यामाहा पैवेलियनः जहां मोटो जीपी भारत में परफॉर्मेंस और रोमांच का संगम होता है

**नई दिल्ली।** अब जब भारत की पहली ग्रैंड प्रिक्स बाइक रेसिंग रोमांच के शानदार और यादगार वीकेंड ने दस्तक दे दी है, तो यहां स्थित यामाहा का शानदार यामाहा पैवेलियन भी बाइक रेसिंग देखने आने वाले सब मेहमानों के आकर्षण का केंद्र बनने के लिए तैयार है। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में यामाहा का पैवेलियन बाइक रेसिंग के शौकीनों और यामाहा के फैंस के लिए शानदार तोहफा होगा।

यह पैवेलियन 22.24 सितंबर तक मोटो जीपी भारत के आयोजन के दिन में मेहमानों के लिए खुला रहेगा। फैन जोन में स्थित यामाहा का पैवेलियन रोमांच और सिहरन पैदा करने वाली गतिविधियों का हब है। यह यामाहा की जबर्दस्त परफॉर्मेंस और इनोवेशन का हब है। पैवेलियन के साथ यामाहा की मौजूदगी मोटो जीपी में हर तरफ होगी। आप सर्किट पर आकर इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। यामाहा प्रीमियम नॉर्थ स्टैंड से प्रवेश के समय आपको दूर से ही यामाहा के आगामी मॉडलों, आर.3 और एमटी.03 का विशाल डिस्प्ले या ब्रैंड का बड़ा डिस्प्ले नजर आएगा। इससे मोटर स्पोर्ट्स कम्युनिटी में ब्रैंड की प्रतिबद्धता की झलक मिलती है।

यामाहा के फैंस के उत्साह और रोमांच को और बढ़ाने के लिए कंपनी ने शुक्रवार को एक एक्सक्लूसिव मीट एंड ग्रीट सेशन की मेजबानी की। इस सेशन में 100 भाग्यशाली विजेताओं को मॉन्स्टर एनर्जी यामाहा मोटो जीपी के राइडर्स, फेबियो क्वॉर्टेरो और फ्रैंको मॉर्बिडेली से मिलने का मौका मिला। यामाहा के उपभोक्ता और फैंस अपने प्रिय यामाहा मोटो जीपी राइडर से मिलकर और उनसे बातचीत कर काफी उत्साहित थे।

# ग्लैम स्टूडियोज ने शुरू किया नवीनतम सैलून

**लखनऊ।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते सैलून ब्रांड, ग्लैम स्टूडियोज़ ने आज गोमती नगर एक्सटेंशन में द सिटी ऑफ़ नवाब लखनऊ में अपने नवीनतम सैलून की शुरूआत की है। आउटलेट का उद्घाटन ग्लैम स्टूडियोज की सीईओ और संस्थापक सादिया नसीम ने किया। इस ब्रांड के पहले से ही देश में ढाई सौ से अधिक सैलून चल रहे हैं और अगले 3 वर्षों में दुनिया भर में सैलून का सबसे बड़ा ब्रांड बनने की लक्ष्य रखता है। श्रीमती सादिया नसीम ने लांच के समय कहा कि उन्हें नवाबों के शहर लखनऊ को गौरवान्वित करने



और हमारे ताज में एक और पंख जोड़ने की खुशी है। हम अपने परिचालन का विस्तार करने और अपने विस्तारित ग्लैम परिवार का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। जबकि सैलून फ्रैंचाइज़ व्यवसाय में कई ब्रांड काम कर रहे हैं। ऐसे में ग्लैम स्टूडियो वैल्यू कांसियस रेटों पर उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। जो फेशियल, हेयरस्टाइलिंग, हेयर कलर, मेकअप, ब्राइडल और प्री-ब्राइडल, संवारना, केराटिन जैसी सेवाओं के लिए अन्य सैलून ब्रांडों की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है।

## लोगों को जमीन सुधार के प्रति जागरूक करने पर चर्चा



**नई दिल्ली।** किसान भाइयों के लिए जायडेक्स की नई तकनीक जायटोनिक तकनीक से तैयार धान एवं सब्जी की फसलों जैसे कि भिंडी, परवल , धनिया का प्रदर्शन करना एवं अंततः जायटोनिक उत्पादों के उपयोग से भूमि को बेहतर बनाकर रासायनिक उर्वरकों एवं रासायनिक दवाओं के प्रयोग को कम कर लाभकारी सतत जैविक खेती करना। लोगों को जमीन सुधार के प्रति जागरूक करने पर चर्चा एवं रबी फसलों जैसे कि गेहूं, आलू, सरसों में प्रयोग के लिए प्रेरित करना जाइटोनिक तकनीक के उपयोग से पानी की बचत और विपरीत परिस्थितियों में बेहतर फसल प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। डॉ. शैलेन्द्र सर ने किसानों को जायटॉनिक तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी और किसानों को जायटॉनिक तकनीक से अपनी मिट्टी से स्वस्थ और बेहतर उपज कैसे प्राप्त करें, इसके बारे में पूरी जानकारी दी। इसके बाद डॉ. संतोष मिश्रा ने किसानों को जायटोनिक गोधन के बारे में बताया कि कैसे किसान गोधन का प्रयोग कर गोबर का सही खाद बना सकते है और उसके उपयोग से अपनी फसल को स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। आदेश श्रीवास्तव जी और करुणेश जी ने सभी उत्पादों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत नेहा जी ने की और कार्यक्रम का समापन महेंद्र शुक्ला ने किसानों को धन्यवाद देकर किया।

# वीवो ने भारत में अपने सीरीज़-टी पोर्टफोलियो को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने आज भारत में अपने सीरीज टी पोर्टफोलियो के लेटेस्ट एडिशन - वीवो टी2 प्रो 5जी को लांच किया। नया टी2 प्रो 5जी आज के टेक-सेवी यंग मिलेनियल्स और जेन जेड यूजर की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक बेहतर परफॉर्मेंस एक्सपीरियंस चाहते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वीवो इंडिया के ऑनलाइन बिजनेस के डायरेक्टर, पंकज गांधी ने कहा, हम टी2 प्रो 5जी के लॉन्च के साथ भारतीय बाजार में अपने टी2 सीरीज पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। वीवो टी2 प्रो अत्याधुनिक सुविधाओं का के साथ मिलाकर बनाया गया हैहै, जिसमें एक शक्तिशाली मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 चिपसेट शामिल है, जिसका 720щ से अधिक का आश्चर्यजनक एंटुटु स्कोर, एक आकर्षक कर्व्ड 120 हर्ट्ज 3डी कर्व्ड ऐमोलेड डिस्प्ले और वीवो की एक्सक्लूसिव और लाइट टेक्नोलॉजी के साथ जुड़ा 64एमपी ओआईएस कैमरा है। ऑरा लाइट टेक्नोलॉजी, हमारे कस्टमर्स की विविध मल्टीटास्किंग आवश्यकताओं को पूरा करती है। बिल्कुल नए वीवो टी2 प्रो के साथ, हम आपको अपनी लाइफस्टाइल को टर्बो चार्ज करने और अपने मोबाइल एक्सपीरियंस को रीडिफाइन करने के लिए आमंत्रित करते हैं। हमें यकीन है कि इस कीमत पर वीवो टी2 प्रो में जो कुछ भी है, उसे देखते हुए आपको यह फोन अट्रैक्टिव लगेगा। यह मीडियाटेक डाइमेंशन 7200 द्वारा संचालित है, जो एक पॉवरफूल 4एनएम 5जी चिपसेट है जो यूनिक परफॉर्मेंस और एक सहज उपयोगकर्ता अनुभव प्रदान करने के



लिए बनाया गया है। इसके अलावा, इसमें एक प्रीमियम 120 हर्ट्ज 3डी कर्व्ड ऐमोलेड डिस्प्ले है जो 66W फ्लैश चार्ज तकनीक से लैस है, जो पूरे दिन शानदार टर्बो परफॉर्मेंस सुनिश्चित करता है।

## डिजिटल जगलर्स एवं एन.ए.डी.म के नए कार्यालय का उद्घाटन!

**लखनऊ।** उत्कृष्टता के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ लखनऊ की प्रतिष्ठित मार्केटिंग, पी.आर एंड ट्रेनिंग अकादमी नें रविवार, 24 सितंबर को अपने नए कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन हज़रतगंज पार्क रोड स्थित राधाकृष्ण भवन में किया। पिछले सात वर्षों में, डिजिटल जगलर्स नें न केवल भारत बल्कि अन्य कई देशों में भी खुद को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है। अपनी मार्केटिंग सेवाओं एवं डिजिटल रणनीतियों से ग्राहकों के लिए उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं, उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के लिए



प्रतिष्ठा अर्जित की है। इस अवसर पर डिजिटल जगलर्स के संस्थापक और सीईओ डॉ. मानस खत्री ने कहा ÷हमारा नया कार्यालय हमारे ग्राहकों की नवीनतम जरूरतों को पूरा करने और उन्हें उच्चतम स्तर की सेवा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी के जरिए बीमाकर्ताओं को बदलना हुआ आसान

**वाराणसी।** ज्यादातर लोगों को पता है कि, मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, भारतीय सड़कों पर कानूनी रूप से ड्राइव करने के लिए कम से कम थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी होना अनिवार्य है। एक सही मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने के लिए हमें किस प्रकार का मोटर इंश्योरेंस खरीदना है, कहां से खरीदना है, आदि के बारे में जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है। सभी प्रकार की पॉलिसी के बारे में जानकारी प्राप्त करने और पॉलिसी के लाभों से परिचित होने के बाद भी, कुछ ग्राहकों को अपने वर्तमान बीमा प्रदाताओं से संतुष्टि नहीं मिल पाती है। अगर आप ऐसे व्यक्ति तो आप पॉलिसी अवधि के दौरान अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी को किसी अन्य इंश्योरेंस कंपनी में स्विच कर सकते है। नितिन कुमार, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट, कॉम के अनुसार अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी और उसके लाभों से संतुष्ट नहीं है तो मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी काम आती है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे कि अगर पॉलिसीधारक को सस्ती कीमत पर व्यापक कवरेज मिल रहा है, या अगर बीमाकर्ता या एजेंट ने मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी बेचते समय आपको गुमराह किया है, या वर्तमान बीमाकर्ता का क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस मुश्किल है, या अगर आप अपनी कार का अधिक या कम उपयोग करने लगे है, या अगर आपकी पॉलिसी में कोई नेटवर्क गैरेज नहीं है। इसलिए एक बेहतर बीमाकर्ता को खोजने के लिए पॉलिसीधारक पोर्टेबिलिटी का विकल्प चुन सकता है।

प्रत्येक क्लेम फ्री वर्ष के लिए, इंश्योरेंस कंपनी नो क्लेम बोनस का लाभ प्रदान करती है। यह नो क्लेम बोनस OD प्रीमियम का 50% तक हो सकता है। लोगों की आम धारणा है कि उनकी मौजूदा पॉलिसी उन्हें नई मोटर इश्योरेंस पॉलिसी में ट्रांस्फर होने पर एनसीबी का लाभ प्रदान नहीं करती है। लेकिन यह सच नहीं है क्योंकि जब भी कोई पॉलिसीधारक मोटर इश्योरेंस को पोर्ट करता है, तो यह उसे इस बोनस को बनाए रखने की अनुमति देता है।

# स्टाइल और सुविधा का परफेक्ट संयोजन

## टीटीके प्रेस्टीज ने सफाई में आसान चौड़े मुँह वाली, PKNSS 1.0 इलेक्ट्रिक केटली पेश की



**नई दिल्ली।** रसोई संबंधी अपने टिकाऊ, नवीनतापूर्ण और बहु-उपयोगी उपकरणों के लिये मशहूर ब्राण्ड, टीटीके प्रेस्टीज ने केतली की व्यापक रेंज में नवीनतम संकलन की घोषणा की है। इलेक्ट्रिक केटली PKNSS 1.0 को एक नवाचारी उत्पाद के रूप में डिजाईन किया गया है। यह चाय और कॉफ़ी जैसे विभिन्न पेय पदार्थों के लिए पानी उबालने के लिए दक्षता और सुविधा का मिश्रण है। PKNSS 1.0 इलेक्ट्रिक केतली की अनोखी खूबियों में से एक है इसका अभिनव डिजाइन, जो उबालने की प्रक्रिया को तेज और आसान बनाता है। यह खासतौर से आज की भाग-दौड़ वाली जीवनशैली के लिये महत्वपूर्ण है, जिसमें गर्म पानी की माँग अक्सर आकस्मिक होती है।

इस केटली को उच्च कोटि के स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है, यह न सिर्फ दिखने में आकर्षक है, बल्कि असाधारण रूप से टिकाऊ भी है। इसके अलावा, केतली का मुँह काफी चौड़ा है, जो इसकी सफाई को आसान बनाता है और रोजाना के इस्तेमाल में व्यावहारिक फायदा देता है। एक छुपा हुआ हीटिंग एलमेंट भीतर की स्टेनलेस स्टील फिनिश को खूबसूरती से परिपूर्ण बनाता है।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2023 आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए किट रिलीज़ किया

**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत में आयोजित होने वाले 2023



आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के लिए अपनी प्लेइंग किट से पर्दा हटाया है। अपैरल पार्टनर ASICS ने खिलाड़ियों की पोशाक तैयार की है जिसमें इसमें फर्स्ट नेशंस डिज़ाइन शामिल है, जो ऑस्ट्रेलिया की सभी अंतर्राष्ट्रीय प्लेइंग किट पर दिखाई देगा। इस प्लेइंग किट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी और मौजूदा सीए पार्टनर, HCLTech का लोगो भी स्लीव पर नज़र आएगा।

HCLTech पहली बार किसी आईसीसी कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलिया की टीम प्रायोजक बन गई है, जिसका लोगो ट्रेनिंग किट पर भी दिखाई देगा। HCLTech 2019 से ही सीए के डिजिटल असेट्स को बदलने में मदद करने वाला डिजिटल पार्टनर रहा है, जिसमें cricket.com.au, सीए लाइव ऐप और प्लेक्रिकेट शामिल है, साथ ही इसने कम्युनिटी क्रिकेट की प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने और व्यवस्थित करने में भी मदद की है। ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप किट की स्लीव पर HCLTech का लोगो दिखाई देगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजर, ब्रॉडकास्ट एंड कमर्शियल, स्टेफ़नी बेल्ट्रेम ने कहा-

हमें HCLTech के साथ अपने मजबूत रिश्ते को आगे बढ़ते हुए बेहद खुशी हो रही है। हाल ही में इस साझेदारी को पाँच साल के लिए रिन्यू करने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद यह हमारी साझेदारी को मजबूत बनाने वाला एक और रोमांचक अवसर है।

स्पोर्टिंग कैलेंडर में आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप के आयोजन की काफी अहमियत है जिसे देखने वाले दर्शक पूरी दुनिया में मौजूद हैं, इसलिए हमें खुशी है कि HCLTech जैसा भरोसेमंद ग्लोबल ब्रांड ऑस्ट्रेलियाई टीम को मैदान के भीतर और बाहर लगातार समर्थन दे रहा है।

# फ़ोन पे ने इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की




**कानपुर।** फ़ोन पे ने आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, इंडस ऐपस्टोर सभी एंड्रॉइड ऐप डेवलपर्स को स्व-सेवा डेवलपर प्लेटफॉर्म

www.indusappstore.com का उपयोग करके अपने ऐप को पंजीकृत करने और अपलोड करने के लिए आमंत्रित करता है। इन ऐप्स को जल्द ही लॉन्च होने वाले मेड-इन-इंडिया इंडस ऐपस्टोर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो 12 भाषाओं में स्थानीय अनुभव प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से भारतीय ग्राहकों के लिए अनुकूलित है। पहले साल में, इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म पर ऐप लिस्टिंग मुफ्त होगी। इसके बाद नाममात्र वार्षिक शुल्क लागू होगा। इंडस ऐपस्टोर इन-ऐप पेमेंट के लिए डेवलपर से कोई प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लेगा। डेवलपर्स किसी भी पेमेंट गेटवे को अपने ऐप्स में एकीकृत कर सकते हैं। आकाश डोंगरे, सीपीओ और सह-संस्थापक, इंडस ऐपस्टोर ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, भारत 2026 तक 1 बिलियन से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार है, जो हमारे लिए एक आधुनिक, स्थानीयकृत एंड्रॉइड ऐप स्टोर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ने जीवन बीमा की पेशकश के लिए समझौता किया

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस) ने हिमाचल प्रदेश में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से जीवन बीमा उत्पादों की एक श्रृंखला की पेशकश करने के लिए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक (एचपीजीबी) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।यह सहयोग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है,जो एचपीजीबी के ग्राहकों के लिए कंपनी के बीमा समाधान लाएगा।एचपीजीबी छठा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक है जिसे कंपनी के वितरण नेटवर्क में जोड़ा गया है।रणनीतिक गठबंधन बैंक के ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस की जीवन बीमा पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला में से चुनने के लिए सशक्त बनाएगा। राज्य में एचपीजीबी की 274 शाखाओं की मजबूत उपस्थिति का लाभ उठाते हुए यह केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस को बैंक के 13.5 लाख से अधिक ग्राहकों को अपने उत्पाद उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।

# मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने भारत में हाइब्रिड वर्कप्लेसेस के लिए लेज़र प्रिंटर्स की स्मार्ट रेंज लॉन्च की




**कानपुर।** भारत में रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी, मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटर्स की एक असाधारण रेंज पेश की है। यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं- मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलने, उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए बड़ी सावधानी से तैयार किया गया है। ये अभिनव प्रिंटर्स टेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। ये प्रिंटर्स उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं। नवीनता, बहुपयोगिता और सुरक्षा पर निरंतर फोकस के साथ मिनोशा इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत में व्यवसायों की गतिशील ज़रूरतों से आगे बढ़कर डिजाइन किये गए ऑफिस प्रिंटिंग समाधानों का एक नया युग आरम्भ कर रही है। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर्स के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनर्स का मजबूत नेटवर्क शामिल है। भारत में इस लेज़र प्रिंटर रेंज की कीमत 30,000/- रुपये से शुरू हो रही है।

**रिको P 311 (सिंगल फंक्शन प्रिंटर)** इस प्रिंटर में 4-लाइन ऑपरेशन एलसीडी डिस्प्ले पैनल और 32 पेज प्रति मिनट (पीपीएम) की शानदार प्रिंटिंग स्पीड की विशेषता है। इसमें लॉक्ड प्रिंट फंक्शन और सुरक्षित डेटा ट्रांसमिशन के लिए नेटवर्क एन्क्रिप्शन सहित सुरक्षा के बेहतर फीचर्स दिए गए हैं। शुरुआती कार्ट्रिज में 1200 × 1200 डीपीआई के प्रिंट रिजोलूशन के साथ इसकी 7000 प्रिंट निकालने की क्षमता है।

# सरकार के माध्यम से जन कल्याण व समाज में परिवर्तन भाजपा का संकल्पः सहजानंद राय

## भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे महान विचार के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय (रानीडीहा) पर सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने दीनदयाल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रेरणादाई बताया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में क्षेत्रीय अध्यक्ष समेत सभी भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने भारतीय जनसंघ की स्थापना से लेकर आज की भाजपा के उत्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को बताया। कहा कि मुगलों और अंग्रेजी शासन में भारत की सभ्यता, संस्कृति और धरोहर को मिटाने का कार्य हुआ। आजादी के बाद बनी सरकार की नीतियों के कारण यह संकट यथावत रही। ऐसी परिस्थिति से चिंतित होकर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर ही चलकर आज केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीबों के सर्वांगीण विकास में लगी हुई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा पर चलने वाली कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यक्रम को महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा सत्येंद्र सिन्हा, क्षेत्रीय मंत्री जनार्दन तिवारी, निरंकार त्रिपाठी आदि ने संबोधित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार को और मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। संचालन खोराबार मंडल के महामंत्री आदित्य गुप्ता ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पांडेय नवीन, मीडिया संपर्क विभाग के क्षेत्रीय संयोजक सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय, सह संयोजक राहुल तिवारी, होसिला सिंह, मधुसूदन पांडेय, राजा त्रिपाठी, सोमेश्वर पांडेय, राहुल त्रिपाठी, समीर श्रीवास्तव, महानगर मंत्री किसान मोर्चा सत्यजीत सिंह, निलेश पांडेय,क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी पंकज जयसवाल, महानगर मंत्री अजय श्रीवास्तव, रिक्की चंद कौशिक, राजा यादव, सुनीता पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीबी मरीज के प्रत्येक निकट सम्पर्की के लिए टीबी जांच और बचाव की दवा खाना अनिवार्य

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** एक टीबी मरीज समय से जांच और इलाज न होने पर वर्ष भर में दस से पंद्रह लोगों को टीबी से संक्रमित कर सकता है । यही वजह है कि टीबी का नया मरीज मिलने पर उसके प्रत्येक निकट संपर्की की भी टीबी जांच कराई जानी चाहिए और अगर निकट संपर्की में टीबी की पुष्टि नहीं होती है तब भी छह माह तक उसे बचाव की दवा दी जानी चाहिए । अगर टीबी की पुष्टि हो जाती है तो निकट संपर्की की भी टीबी की दवा शुरू करा देनी है । इस संबंध में जिले के सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सा अधिकारियों को सतत चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से जागरूक किया गया है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव ने बताया गया कि प्रोग्रामेटिक मैनेजमेंट ऑफ टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (पीटीपीटी) विषय पर चिकित्सा अधिकारियों का अभिमुखीकरण सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एंड इनोवेशन (सीएचआरआई) संस्था के सहयोग से प्रेरणा श्री सभागार में शनिवार को किया गया । उन्हें चेस्ट फिजिशियन एएन त्रिगुण ने एक्स रे तकनीकी की विस्तार जानकारी प्रदान की । साथ ही उन्हें बताया गया कि ओपीडी के कम से कम पांच फीसदी टीबी के संभावित लक्षण वाले मरीजों को टीबी जांच के लिए अवश्य रेफर करें। जो भी नये टीबी मरीज मिलते हैं उनकी कांटैक्ट ट्रेसिंग कराई जाए और उनके निकट संपर्कियों की भी टीबी जांच हो। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक धर्मवीर प्रताप सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को नोटिफिकेशन, टीबी सेंस्टिविटी की जांच, एचआईवी व मधुमेह जांच, टीबी उपचार सफलता दर, निक्षय पोषण योजना और डीआर टीबी के शीघ्र उपचार जैसे नौ संकेतांकों की प्रत्येक ब्लॉक में समीक्षा की जाए और अच्छे परिणाम देने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने टीबी मुक्त पंचायत अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। सीएचआरआई के ड्रिस्ट्रिक्ट लीड अमित कुमार श्रीवास्तव ने कांटैक्ट ट्रेसिंग और टीपीटी (टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी) के लिए जीत टू प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया और इस कार्य में काउंसिलिंग की महत्ता पर जोर दिया।

### 7834 मरीजों की हो चुकी है कांटैक्ट ट्रेसिंग

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जिले में इस समय टीबी के 9079 मरीज इलाज करवा रहे हैं। इनमें से 7834 मरीजों की कांटैक्ट ट्रेसिंग पूरी हो चुकी है और बाकी की ट्रेसिंग भी प्रक्रिया में है। प्रत्येक टीबी मरीज के परिजनों से अपील है कि वह इस कार्य में सहयोग करें और लक्षण न होने के बावजूद टीबी की जांच कराएं। बीमारी न भी निकले तब भी बचाव की दवा का सेवन अवश्य करें।

पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्र और मिर्जा आफताब बेग ने कहा कि निजी क्षेत्र के टीबी मरीजों की भी कांटैक्ट ट्रेसिंग कराना अनिवार्य है और उनके निकट सम्पर्कियों को भी बचाव की दवा दी जानी है। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी चौरिया समेत सभी ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन के आरोप में दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

**कुशीनगर।** बीमारी, प्रेत बाधा दूर करने और आर्थिक तंगी से निजात दिलाने का प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई धर्म में शामिल कराने की कोशिश और इसके लिए प्रार्थना सभा करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर सोमवार को एक पुरुष और दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र सुसवलिया गोदाम रामकोला रोड गांव के एक बगीचे में बच्चों, महिलाओं व पुरुषों की भीड़ जुटाकर ईसाई धर्म की प्रार्थना सभा करा रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मौके से ईसाई धर्म से जुड़े साहित्य व अन्य कागजात मिले थे, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया था, जबकि आरोपी वहां से भाग गए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह ने बताया कि गत दिनों से पडरौना रामकोला रोड स्थित सुसुवलिया गांव गोदाम के पास ईसाई धर्म की ओर से प्रार्थना करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से ईसाई धर्म से जुड़े साहित्य व अन्य कागजात कब्जे में लिया था। इसमे शामिल सरल पुत्र स्वर्गीय बिपत छांगुर खटीक निवासी बन्धु छपरा थाना कोतवाली पडरौना और अन्य महिलाओं को गिरफ्तारी के बाद उनके विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर इन्हे भेज दिया गया है।

## स्वच्छता अभियान चलाकर की फुलवारी की सफाई



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की उदयनाथ इकाई ने संकायाध्यक्ष प्रो.सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुर्वेद कॉलेज के पंचकर्मा के सामने फुलवारी की सफाई की गई। इस अभियान में बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी और मेडिकल बायोकेमिस्ट्री के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडेय की देखरेख में परिसर के अन्य विभिन्न हिस्सों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## भाषाई समन्वय में अवधी की भूमिका अहम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित निरीक्षण भवन सभागार में अवधी साहित्य संस्थान की ओर से हिन्दी के सम्वर्द्धन में अवधी की भूमिका विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि भाषायी समन्वय में अवधी की भूमिका अहम है। काव्य गोष्ठी में लगभग दर्जन भर से अधिक स्थानीय कवियों ने काव्य पाठ किया। दिवस प्रताप सिंह ने पढ़ा पहले कै संसार चला गा बुढ़वन के दरबार चला गा । पप्पू सिंह कसक ने पढ़ा कि बात-बात पर तकरार होइगै , पइसा के ताईं मार होइगै। राम वदन शुक्ल पथिक ने पढ़ा यहि भारत कै पहचान ई हिंदी। रामेश्वर सिंह निराश ने पढ़ा कजरी कहरवा कै कहां गवा राग हो, राजेन्द्र शुक्ल अमरेश ने पढ़ा जेहि घर सासू अहैं जवान कसक सुख पावै ई पतोहिया, सुरेश शुक्ल नवीन ने पढ़ा- हाथ उनके जले न जले बस्तियां रोज वो जलाते हैं। शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा- प्रेम प्रणय का शब्द नहीं यह मनोभाव का अर्पण है। इस अवसर पर हरिशंकर मिश्र, पं विजय कुमार मिश्र, सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल, डॉ अभिमन्यु कुमार पाण्डेय, कैलाश नाथ शर्मा, जगन्निवास मिश्र आदि मौजूद रहे।

## प्रकाश पर्व पर हुए विविध कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से रविवार को साहिब बाबा श्री चंद जी का 530वां प्रकाश पर्व मनाया गया। बाबाजी के चित्र पर दीप प्रज्वलन पूजन, अर्चन कर आरती की गई। आरती में सभी सेवादार, श्रद्धालु उपस्थित रहे। बाबा श्री चंद महाराज के जीवन वृतांत पर वक्ताओं ने प्रकाश डालते हुए उनकी कल्याणकारी शिक्षाओं को बताया।उनके जीवन वृतांत पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन भी हुआ। सायंकाल प्रकाश उत्सव मनाया गया।श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका। इस अवसर पर सदाशिव पांडे, संजीव भारती, जगननिवास मिश्रा, सुनील त्रिपाठी, साधना त्रिपाठी, कमलेश यादव,श्रीमती त्रिपाठी, दीपमाला त्रिपाठी, सोनी अग्रवाल, अनीता अग्रहरि, गौरा अग्रहरि, रिमी अग्रहरि, चंद्रमा देवी अग्रहरि, सतीश मिश्रा, ललित, डॉ धनंजय सिंह,डॉ धर्मेंद्र सिंह, जया, अभिनंदन, वेदिका सहित तमाम श्रद्धालु और सेवादार मौजूद रहे।

## पं. दीनदयाल एकात्म मानववाद के प्रणेता थेः रविन्दर



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी सलेमपुर द्वारा समता निवास पर जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। वे स्वदेशी के बहुत बड़े उपासक थे। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महान विचारक व भाजपा के आदर्श पुरुष थे। पंडित दीनदयाल ने भारतीय राजनीति को वैकल्पिक विचार दिया, जिसको भाजपा ही नहीं अन्य दलों ने भी स्वीकार किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के दर्शन को देश ही नहीं विश्व ने भी स्वीकार किया है। भाजपा ही किसानों की चिंता कर उनके हितों के लिए सदैव कार्य करती रही है। भाजपा हमेशा से ही ये मानती रही है कि देश का किसान अगर खुशहाल है। स्वस्थ है, तभी देश प्रगति कर सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव जाति को सर्वश्रेष्ठ माना और सभी को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया।

## डीएम ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

**देवरिया।** सीएम डैश बोर्ड के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल राज्य सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति को बताएगा, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जाए। पोर्टल पर अपलोड फीडिंग के आधार पर ही जनपद की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। उन्होने बताया कि पोर्टल पर जनपद की 67 योजनाओं के आधार पर रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। भविष्य में और योजनाओं की भी रैंकिंग में शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी केवल रैंकिंग वाली योजनाओं पर ही अपना ध्यान केन्द्रित न करते हुए सभी विभागीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। सभी अधिकारी एनआईसी में समन्वय स्थापित कर अपने विभाग की रैंकिंग वाली योजनाओं की सूची प्राप्त लें।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में लापरवाही पर थानेदार समेत तीन निलंबित

अवधनामा ब्यूरो

**पीड़ित के द्वारा थाने में दो बार तहरीर देने के बावजूद भी नही हुई थी कार्यवाई**



**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग युवती को अगवा कर चार युवकों द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में लापरवाही सामने आने पर एसपी धवल जायसवाल ने थानाध्यक्ष कप्तानगंज समेत तीन कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को बीते 9 सितम्बर 2023 को गांव के ही चार युवकों द्वारा अगवा कर चलती कार में दुष्कर्म करने के बाद गांव के बाहर छोड़कर कर फरार हो गए। पीड़ित लड़की ने घर पहुंची तो परिजनों से अपबीती बताई। जिसके बाद लड़की के पिता ने कप्तानगंज थाने में तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया था लेकिन पीड़ित द्वारा थाने में दो बार तहरीर दिया लेकिन पुलिस कार्यवाई के बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डाल दी। युवकों द्वारा लड़की को एक कार में घसीटकर बैठाने का विडियो 24 सितंबर 2023 रविवार की शाम सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हरकत में आई कप्तानगंज पुलिस ने आननफ़ानन में तीन नामजद व एक अज्ञात पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गई। उधर घटना आम होते ही क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जैसे ही ये मामल पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल को लगी तो जांचोपरांत लापरवाही सामने आई। जिसके बाद थानाध्यक्ष कप्तानगंज विनय कुमार सिंह, दारोगा मंगेश मिश्र व महिला सिपाही अंतिमा सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अवधनामा संवाददाता



**चार युवकों द्वारा नाबालिग से चलती कार में दुष्कर्म का मामला**

**कप्तानगंज कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को अगवा कर चार युवकों द्वारा चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बता दें कि उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को बीते 9 सितंबर को गांव के ही चार युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए लड़की के पिता ने कप्तानगंज थाने में तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर दिया था। तहरीर मिलने के बाद कप्तांगज पुलिस कार्यवाई करने के बजाय 15 दिनों से पचाने की कोशिश कर रही थी। चूंकि लड़की के पिता ने इस मामले में दो बार तहरीर दे चुका था। जब कार्यवाई नही हुई तो पीड़ित ने फिर 24 सितम्बर बीते रविवार को भी थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया था। उसी दौरान किसी ने लड़की को कार में बठाते वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल कर दिया। विडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस आनन फानन में केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को रात में ही गिरफ्तार कर लिया। उधर लड़की का बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया गया। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 442/2023 धारा 365/442/376डी भादवि व ङ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त कयामुद्दीन पुत्र खुर्शीद, जहांगीर पुत्र जहीद खान व सिकन्दर अली पुत्र वकील अली निवासीगण मलुकही थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर को मलुकही बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह थाना कप्तानगंज, सूर्यभान यादव, इतेश कुमार, रमेश पाल, प्रिती शाह शामिल रहे।

## जल जीवन मिशन के तहत जागरूकता के लिए गांवों में रवाना किया वाहन



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान व विकासखंड रामकोला के विभिन्न ग्राम पंचायतों में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रामकोला विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में जल जागरुकता के समस्त टीमों को बीडीओ विजय सिंह, एडीओ पंचायत मनोरंजन लाल श्रीवास्तव एवं ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मण सिंह उर्फ दिग्विजय सिंह द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर समस्त ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया। इस कार्यक्रम के मौके उपस्थित सभी प्रशिक्षकों द्वारा सभी गतिविधियों जैसे जल प्रबंधन की बैठक, स्वच्छता संबंधी प्रदर्शनी की बैठक, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला तथा फिल्म प्रदर्शनी कार्यक्रमों द्वारा जन जागरूकता पर संक्षिप्त चर्चा हुई। वही योग्य प्रशिक्षको द्वारा ब्लाक परिसर में एक सामाजिक भौतिक मानचित्रण के माध्यम से जल संरक्षण व एफएचटीसी पानी सप्लाई आदि पर चर्चा हुई। वही कार्यक्रम का संचालन एडीपीसी राजीक अली व अंकुश सिंह, एडीपीसी अहमद खान, राजमंगल सिंह, हरिओम सिंह, आजाद खान, अरविंद यादव आदि के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

# अभियान चलाकर आपदा से पूर्व आम जन को करें जागरूक

अवधनामा ब्यूरो



**उप्र विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन की हुई समीक्षा**

**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक सभापति उमेश द्विवेदी की अध्यक्षता और विधान परिषद समिति के सदस्यों की उपस्थिति में कुशीनगर जिले के जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी उमेश मिश्र द्वारा आए समिति के सभापति एवं सदस्यों का बुके व बुद्ध स्मृति चिह्न देकर भेंट किया गया।

बैठक में जनपद में आपदा से संबंधित शासकीय योजनाओं के क्रियान्वन एवं आपदा पीड़ित लोगों के संबंध में गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सभापति के अलावा विधान परिषद समिति सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, लाल बिहारी यादव, धर्मेंद्र सिंह, विवेक सिंह व समीक्षा अधिकारी तेज प्रताप ने जिले के सभी अधिकारियों से नदी में बाढ़ की स्थिति, नाव दुर्घटना, आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, सर्पदंश, आगजनी, डेंगू, मलेरिया आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए गहन समीक्षा की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र ने समिति के समक्ष जिले में आपदा प्रबंधन के संबंध में विस्तार से बिंदुआर जानकारी देते हुए किए गए नवाचारों पर अपनी प्रस्तुति दी। बैठक के दौरान आपदा विशेषज्ञ रवि राय तथा अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान सभापति ने आपदा के दौरान घायलों हेतु राहत अनुदानों को प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही दुर्घटना बाहुल्यों क्षेत्रों कुओं, तालाबों, नहरों को चिन्हित करते हुए तथा नदी के गहराई वाले क्षेत्रों में साइन बोर्ड, चेतावनी बोर्ड लगाने को कहा गया। जिससे डूब कर मरने वालों की संख्या में कमी लाई जा सके। इस के अतिरिक्त जनपद में उपयोग न होने वाले कुओं के ऊपर जाली लगाने का भी निर्देश समस्त एसडीएम व ईओ को दिए गए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद में आपदा से घटित घटनाओं की गहनता से तहसीलवार समीक्षा की तथा राजस्व संहिता की धारा 101, धारा 67 के प्रावधानों की विस्तृत चर्चा की गई। पीएम किसान सम्मान निधि, सर्पदंश के मामलों में उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पुलिस की मौजूदगी में ही पंचनामा कराने के निर्देश दिया। उन्होंने जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश व अन्य दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही सर्पदंश से संबंधित इंजेक्शन की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य केंद्र पर सर्पदंश के मामलों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। समिति द्वारा संचारी रोगों, विशेष कर डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु अतिरिक्त प्रयास करने के भी निर्देश दिए गए। समिति द्वारा अधिशासी अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने संबंधित क्षेत्र में नियमित साफ सफाई, एंटी लारवा के छिड़काव तथा फॉगिंग कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान सभापति ने विजिलेंस एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा चेकिंग के दौरान मनमाने ढंग से बिल का चार्ज करने और बाद में सेटलमेंट करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस पर विशेष नजर रखने के निर्देश अधि0 अभि0 विद्युत को समिति द्वारा दिया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों द्वारा बेहतर कार्य योजना बनाने एवं बेहतर परिणाम को देखते हुए समिति ने अधिकारियों के कार्यो को प्रशंसनीय बताते हुए इसमें और आवश्यक सुधार लाने तथा इसको उपयोगी बनाने हेतु अतिरिक्त प्रयास करने को भी कहा गया।

## पं. दीनदयाल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनी

**भाटपार रानी देवरिया।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती उपनगर भाटपार रानी के सहाय निवास पर सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रबंधक डॉक्टर अरविंद सहाय कुशवाहा ने सर्वप्रथम पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया और एकात्म मानवबाद के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन वृत्त प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत जिला न्यायाधीश अशोक सिंह कुशवाहा ने बताया कि हमें अपने राष्ट के प्रति समर्पित रहते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान करते रहना चाहिए। इस अवसर पर सोनू वर्मा संजय जयसवाल संजय जयसवाल मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल सुरेंद्र चौहान राजेश कुमार गुप्ता सभासद विवेक गुप्ता अनिल सिंह ऋतुराज गुप्ता सिंह ऋतुराज गुप्ता अमरेंद्र मौर्य नागेंद्र कनौजिया सुरेश यादव चंदन वर्मा लाल बाबू यादव दुर्गेश्वरसोनी गुड्डू सहाय कुशवाहा हनुमान जायसवाल हनुमान जायसवाल यदि उपस्थित रहे।

# लम्बे समय से गायब चल रहे सफाईकर्मी को डीपीआरओ ने किया निलम्बित

अवधनामा संवाददाता



**मार्च 2022 से लगातार पलायित चल रहे सफाई कर्मी को किया एडीओ (पी) देवरिया कार्यालय से सम्बद्ध, मामले में जांच के निर्देश दिए गए**

**देवरिया।** जनपद के भटनी ब्लाक के एक गांव में तैनात सफाईकर्मी के लंबे समय से सेवा कार्य से गायब रहने, पे रोल जमा न होने व नियम विरुद्ध कार्य पाए जाने पर जिलापंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडेय ने निलम्बित करते हुए एडीओ (पी) देवरिया कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया है।

आज 25 सितम्बर को दिए अपने आदेश में डीपीआरओ देवरिया सर्वेश कुमार पांडेय ने जिलाधिकारी देवरिया, सीडीओ देवरिया व खंड विकास अधिकारी भटनी को पत्र भेजकर अवगत कराते हुए कहा है कि विशाल सफाई कर्मी ग्राम पंचायत तिलई बेलवा विकास खण्ड देवरिया सदर का माह मार्च, 2022 से माह सितम्बर 2023 तक का पेरोल कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि विशाल माह मार्च, 2022 से लगातार अपनी तैनाती की ग्राम पंचायत से पलायित हैं। इसकी पुष्टि सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा करते हुये यह भी अवगत कराया गया है कि विशाल द्वारा कूटरचित स्थानान्तरण आदेश का प्रयोग कर अपनी कार्यमुक्ति हेतु दबाव बनाया जा रहा है जो कि एक आपराधिक कृत्य है। विशाल द्वारा प्रस्तुत स्थानान्तरण आदेश की छायाप्रति का परीक्षण डिस्पैच रजिस्टर में करने पर यह पाया गया है कि उक्त स्थानान्तरण आदेश कूटरचित एवं फर्जी है। अतः विशाल को अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, अपने तैनाती की ग्राम पंचायत से लगातार पलायित रहने तथा कूटरचित स्थानान्तरण आदेश का प्रयोग कर कार्यमुक्त करने हेतु अपने उच्चाधिकारी पर दबाव बनाने के आरोप में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर एतद्द्वारा तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन अवधि में विशाल सफाई कर्मी ग्राम पंचायत तिलई बेलवा विकास खण्ड देवरिया सदर को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड - 2 भाग-2 से 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगी।

# मानव विकास के वैविध्य का केंद्रीय तत्व है एकात्म मानववाद

अवधनामा संवाददाता

**एसएमबीएल पीजी कालेज में मनाई गई पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मानवता के विकासक्रम में विभिन्न आर्थिक पहलुओं पर मानव विकास के केंद्र में सामान्यतया मानव सुख है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद वस्तुतः मानव विकास के वैविध्य का केंद्रीय तत्व है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि भारत में रहने वाला और इसके प्रति ममत्व रखने वाला मानव समूह एक जन है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है।

उक्त बातें श्री मुरलीधर भागवत लाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। इससे पूर्व महाविद्यालय के उपप्राचार्य शकील अफगन व प्रशासनिक अधिकारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रस्तुत दर्शन को एकात्म मानववाद कहा जाता है, जिसका उद्देश्य एक ऐसा स्वदेशी सामाजिक-आर्थिक मॉडल प्रस्तुत करना था, जिसके विकास के केंद्र में मानव हो। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थियों, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभय सिंह, रमेश यादव, अशोक कुमार, सुधीर चौहान, रजनीश पांडेय, ड़ॉ फरीद, फरीदा खातून, माला यादव, प्रियंका पांडेय, मांडवी श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# बच्चों को स्कूल भेजकर सरकार के प्रयासों को दे मजबूती: राजकिशोर

**डीहा के स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी ने लगाई अभिभावकों संग शिक्षा चौपाल**

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा अंर्तगत जूनियर हाई स्कूल डीहा में खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर द्वारा स्कूल में शिक्षा ले रहे बच्चों के अभिभावकों के संग एक शिक्षा चौपाल लगाई गई जिसके माध्यम से स्कूलों में बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने सरकार से मिलने वाली योजनाओं आदि पर चर्चा करते हुए जल्द से जल्द विधालय को निपुण बनाने के लिए शपथ दिलाई गई। जूनियर हाई स्कूल डीहा में लगाई गई चौपाल में आए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने बताया कि सरकार आपके बच्चो के भविष्य के प्रति काफी गंभीर है शासन की मंशा है कि परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चे ऐसे बन जाएं जिससे सफलताएं उनके कदमों को चूमे इसके लिए जल्द से जल्द बच्चो को निपुण बनाकर सरकार की मंशा में पूरा सहयोग करना हर अभिभावकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है इसके लिए आपको अपने बच्चो को प्रतिदिन स्कूल भेजना होगा।इसके बाद श्री किशोर ने सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से बच्चो ड्रेस बैग जूते आदि के लिए भेजी गई धनराशि के संबंध में जानकारी लेते हुए जिनके आधार कार्ड नहीं बन पाए हैं उन सभी बच्चो के जल्द से जल्द आधार बनवाए जाने की अपील की गई।इस अवसर पर ग्राम प्रधान डीहा एआरपी विशेश्वर सिंह मनोज श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित भारी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# हुसैन चौकी स्मृति द्वार बनाए जाने के विधायिका से मिले याकूब

**सेक्टर संयोजक ने प्रार्थना पत्र देकर सदर विधायक से की मांग**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद मे भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर संयोजक याकूब हैदर जाफरी उर्फ जावेद ने सदर विधायक अनुपमा जयसवाल पूर्व शिक्षा मंत्री को पत्र लिख कर अवगत कराते हुए बताया कि ग्राम सभा नगरौर जो मूल रूप से अल्पसंख्यक गांव बोला जाता है यहां अनुसूचितजाति सहित अन्य जाति के लोग भी रहते हैं। उन्होंने अवगत कराते हुए बताया कि नगरौर मे अनुसूचित बस्ती में विक्रम के घर से कमलेश कोटेदार के घर तक नाली और आर सी सी रोड निर्माण तथा मुंशीलाल के घर से मेवा लाल के घर तक खडंजा व कन्या पाठशाला स्कूल से शर्मा बगिया तक सड़क निर्माण कार्य कराने के साथ ही नगरौर स्थित मंदिर प्रांगण में इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण के साथ ही नगरौर मे लगभग एक सव पचास वर्ष पुरानी इमाम हुसैन की एक दरगाह है जो कि हुसैन चौकी के नाम से प्रसिद्ध है जिसमें शिया समुदाय के लोग हिन्दुस्तान के कोने कोने से आकर अपनी आस्था के साथ जियारत करते हैं।जिसको देखते हुए सेक्टर संयोजक याकूब हैदर जाफरी ने सदर विधायक से गोंडा रोड नगरौर मोड़ पर हुसैन चौकी स्मृति द्वार बनाए जाने की मांग की है।

सेक्टर संयोजक द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनने के साथ ही सरकार की मंशा को जनता तक पहुंचाने का कार्य लगातार जारी रहता है।उनके इस प्रयास की ग्रामवासियों ने सराहना करते हुए खुशी जाहिर की है।

# ग्राम पंचायत- बगहवा
# वि.खं.-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

## अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2023 से 29.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 29.09.2023 को अपरान्ह 1:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**बृजेश कुमार**
**सचिव**
**ग्रा.पं. बगहवा**

**सरिता मिश्रा**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. बगहवा**

# ग्राम पंचायत- महथा
# वि.खं.-शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

## अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 25.09.2023 से 27.09.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 27.09.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**अजय भारतीया**
**सचिव**
**ग्रा.पं. महथा**

**सीताराम**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. महथा**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद-सोनभद्र

पत्रांक :- 771 /निविदा/2023 दिनांक :- 25/09/2023

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद सोनभद्र में पंजीकृत एवं निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-एक/706/कम्प्यू0सेल/2019 दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के अनुसार ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त मद (Untide Grant)/राज्य वित्त मद में उपलब्ध धनराशि से प्रस्तावित रू0 5.00 लाख के उपर के कार्यो की सीलबन्द निविदा दिनांक 17/10/2023 को समय 12.00 बजे अपरान्ह 2.00 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे जिलाधिकारी महोदय या उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट में खोली जायेगी एवं रू0 5.00 लाख से नीचे की निविदा दिनांक 16/10/2023 को कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र में समय 12.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे नगर पालिका कार्यालय में खोली जाएगी। रू0 5.00 लाख से उपर की निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 13/10/2023 को 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय के स्थानीय निकाय लिपिक काउन्टर से एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र तथा रू0 5.00 लाख के नीचे निविदा प्रपत्र की बिक्री नगर पालिका कार्यालय से उक्त तिथि एवं समय पर ही निर्माण लिपिक काउण्टर से नकद भुगतान के आधार पर की जायेगी। कार्य के सम्मुख अंकित निविदा का 2% जमानत धनराशि F.D.R, T.D.R. या N.S.C मूल रूप से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त अथवा अपूर्ण एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा। प्राप्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता।

### रू. 5.00 लाख के उपर की निविदा जो जिलाधिकारी कार्यालय सोनभद्र में आमंत्रित की जानी है

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्लन राशि (लाख रू. में) | जमानत की धनराशि 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **15वां वित्त मद (Untide Grant) से प्रस्तावित कार्य-** | | | | | |
| 1 | वार्ड-5 में राजेश चौबे के मकान से सत्येन्द्र चौबे के मकान तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 6.47 | 13000.00 | 700.00 | 60 दिन |
| 2 | वार्ड-13 में रामानन्द सिंह के घर से परमानन्द तिवारी के घर तक सी0सी0 रोड व नाली उच्चीकरण का कार्य। | 8.99 | 18000.00 | 900.00 | '' |
| 3 | वार्ड-16 में शम्भू केशरी के मकान से राजवाहा तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 9.82 | 19700.00 | 1000.00 | '' |
| 4 | वार्ड-21 में उरमौरा बाईपास रोड से बेगम के घर होते हुए बुद्धिराम के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 8.62 | 17250.00 | 900.00 | '' |
| **राज्य वित्त मद से प्रस्तावित कार्य-** | | | | | |
| 5 | वार्ड-1 में मोहर देव के मकान से श्याम जी अग्रवाल के मकान तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली का मरम्मत एवं उच्चीकरण कार्य। | 7.47 | 15000.00 | 800.00 | '' |
| 6 | वार्ड-3 में बिचपई महाल में रामजियावन विश्वकर्मा से रामजी तिवारी के घर के आगे तक नाली का निर्माण कार्य। | 7.55 | 15100.00 | 800.00 | '' |
| 7 | वार्ड-7 में बुद्धीराम के घर से जंग बहादुर शर्मा के घर तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 8.72 | 17500.00 | 900.00 | '' |
| 8 | वार्ड-8 में हरेराम दूबे के घर से लालमनी यादव के घर तक नाली का निर्माण कार्य। | 5.17 | 10500.00 | 600.00 | '' |
| 9 | वार्ड-11 में बी0 सिंह वकील से पप्पू दूबे तक सी0सी0 रोड व नाली उच्चीकरण का कार्य। | 7.06 | 14200.00 | 800.00 | '' |
| 10 | वार्ड-15 अखाड़ा महाला में राजा लाखन बाबा मदिर से सामुदायिक शौचालय तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 6.72 | 13500.00 | 700.00 | '' |
| 11 | वार्ड-19 में संजय मौर्या के मकान से डा0 टी0पी0 सिंह के मकान तक सी0सी0 रोड व सी0एण्डडी0एस0 द्वारा बनायी गयी नाली पर ढक्कन लगाने का कार्य। | 7.86 | 15750.00 | 800.00 | '' |
| 12 | वार्ड-20 में मनीष अग्रहरि के घर से मुरारी के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 5.61 | 11250.00 | 600.00 | '' |
| 13 | वार्ड- 5 में ब्रम्हकुमारी मार्ग के आगे संजय के पास तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग एवं क्रास पुलिया का निर्माण कार्य। | 9.67 | 19500.00 | 1000.00 | '' |
| 14 | वार्ड-11 में कोल बस्ती में पेयजल हेतु 5000 लीटर टंकी, लोहे का स्टैण्ड एवं बोरिंग के साथ अवस्थापना कार्य के साथ-साथ तीन जगहों पर चबूतरा के साथ स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण कार्य। | 5.42 | 10850.00 | 600.00 | '' |
| 15 | वार्ड-2 छपका लोढी महाल कोल बस्ती में पेयजल हेतु 5000 लीटर टंकी, लोहे का स्टैण्ड एवं बोरिंग के साथ अवस्थापना कार्य के साथ-साथ तीन जगहों पर चबूतरा के साथ स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण कार्य। | 5.42 | 10850.00 | 600.00 | '' |
| 16 | वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पकरी नहर के पास स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। | 5.48 | 11000.00 | 600.00 | '' |
| 17 | वाराणसी शक्तिनगर मार्ग सर्किट हाउस के पास स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। | 5.48 | 11000.00 | 600.00 | '' |
| **रू0 5.00 लाख के नीचे की निविदा कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र में आमंत्रित की जानी है -** | | | | | |
| **15वा वित्त मद (Untide Grant) से प्रस्तावित कार्य-** | | | | | |
| 1 | वार्ड-18 में बच्चा के टाल से छोटू मिश्रा के घर तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 4.95 | 9900.00 | 500.00 | 45 दिन |
| **राज्य वित्त मद से प्रस्तावित कार्य-** | | | | | |
| 2 | वार्ड-2 में पीपल के पेड़ से मौर्या के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 3.90 | 7800.00 | 400.00 | '' |
| 3 | वार्ड-4 रौप सहिजन कला में बबलू पटेल से गुलाब भारती के घर तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 4.87 | 9750.00 | 500.00 | '' |
| 4 | वार्ड-6 में बढ़ौली महाल में गोरडीहा लिंक मार्ग से प्रिया सिंह होते हुए बन्दना सिंह के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 4.91 | 9850.00 | 500.00 | '' |
| 5 | वार्ड-9 घुवास महाल में कृपा चौहान से नहर की ओर एवं लिंक गली मनीष तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 4.28 | 8600.00 | 500.00 | '' |
| 6 | वार्ड-10 में जय प्रकाश मौर्य से मुन्ना तिवारी के घर तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग का कार्य। | 4.87 | 9750.00 | 500.00 | '' |
| 7 | वार्ड-12 उरमौरा उत्तरी में राजकुमार से लल्लू गुप्ता के घर तक सी0सी0 रोड व नाली मरम्मत का कार्य। | 3.85 | 7700.00 | 400.00 | '' |
| 8 | वार्ड-14 में तनबुड के मकान से राजकुमार सोनकर के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली के उच्चीकरण का कार्य। | 2.57 | 5140.00 | 300.00 | '' |
| 9 | वार्ड-16 में मुन्ना सोनी के घर से कन्हैया के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 1.48 | 3000.00 | 200.00 | '' |
| 10 | वार्ड-17 में अजय सिंह के घर से इस्लाम के घर तक सी0सी0 रोड व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 4.48 | 9000.00 | 500.00 | '' |
| 11 | वार्ड-21 में अंकुर वर्मा के भूमि से गिरिजा के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 3.67 | 7350.00 | 400.00 | '' |
| 12 | वार्ड-23 में मिठाई लाल सोनी के घर से गुलाब के घर की ओर सी0सी0 रोड व नाली मरम्मत व ढकने का निर्माण कार्य। | 2.75 | 5500.00 | 300.00 | '' |
| 13 | वार्ड-24 में डा0 श्रीराम के घर से विजय के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 3.23 | 6500.00 | 400.00 | '' |
| 14 | वार्ड-25 में बबलू जायसवाल के घर से मिथिलेश जायसवाल के घर तक रंगीन रबर मोल्ड इण्टरलाकिंग एवं कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 4.96 | 9950.00 | 500.00 | '' |
| 15 | चाण्डी माता मंदिर के पास स्वागत द्वार का निर्माण कार्य। | 1.49 | 3000.00 | 200.00 | '' |
| 16 | नगर के विभिन्न वार्डो में खुले नाली पर पटिया रखने का कार्य। | 4.57 | 9150.00 | 500.00 | '' |
| 17 | वार्ड नं0-5 में लीलावती के घर से तालाब की ओर कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 1.93 | 3900.00 | 200.00 | '' |
| 18 | वार्ड-24 में रामबहाल के घर से रामधनी के घर तक मिट्टी जी0एस0बी0 का कार्य। | 2.61 | 5250.00 | 300.00 | '' |

### निविदा की अन्य शर्ते-

1- सर्शत निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2- निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 कालम संख्या-4 में अंकित विवरण के अनुसार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात सम्बन्धित ठेकेदार को शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।
4- निविदा खोले जाने के समय निविदादाताओं की उपस्थिति वांछनीय है।
5- निर्माण कार्य में प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को फर्म के प्रोपराईटर के स्वयं के नाम का टी0-4, टी0-5, टी0-6, पैन नं0 जी0एस0टी0 एवं श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
6- निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदादाता को अपने व्यय से निर्धारित स्टैम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
7- निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश सं0-622/23-12-2012-2आडिट/09 टी0सी0-2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दरें प्राप्त होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1.00 प्रतिशत कम दर पर परफार्मेन्स गारण्टी की अतिरिक्त धनराशि जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदादाताओं द्वारा उक्त जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
8- निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्र अधिकार जनपद सोनभद्र न्यायालय में होगा।
9- जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्राविधान लागू होने तथा नियमानुसार आयकर व अन्य करों की कटौती की जायेगी।
10- निविदा स्वीकृति के पश्चात् फर्म एवं ठेकेदार को 03 दिन के अन्दर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करनी होगी अन्यथा ठेकेदार की निविदा को निरस्त कर जमा धरोहर धनराशि जब्त करते हुए दूसरे नम्बर की निविदा पर विचार किया जा सकता है।
11- ऐसे निविदादाता जिसका सगा सम्बन्धी नगर पालिका में अधिकारी/कर्मचारी के पद पर आसीन होगें को कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। निविदादाता को इस सम्बन्ध में नाम तथा पद सहित कार्यकारी रिश्तेदार का शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12- कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कौंसिल में पंजीकृत है उन्हे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी, यदि संज्ञान में आया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
13- कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, विलम्ब की दशा में ठेकेदार के अनुबन्ध निरस्तीकरण की कार्यवाही/नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिए ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
14- शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज/21 दिनांक 30 जून, 2021 (एस0ओ0पी0) में निहित नियम व शर्तो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
15- रनिंग बिल का भुगतान सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा।
16- कार्यादेश निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर कार्य के सापेक्ष श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद- सोनभद्र**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद- सोनभद्र**

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तैयारियों को लेकर अहम बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में जारी दिशा निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिलाधिकारी की सदारत में कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदन ऑनलाईन प्राप्त किये जाने हेतु पात्र लाभार्थियों को जानकारी मुहैया कराये जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराने तथा आगामी माह में ग्राम पंचायतों में आयोजित की जाने वाली जी0पी0डी0पी0 की बैठकों में भी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदन ऑनलाईन किये जाने हेतु लोगों को जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका,नगर पंचायतों के नगरीय क्षेत्र में सभासदों के माध्यम से तथा ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों के माध्यम से आम जनमानस को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आवेदन ऑनलाईन किये जाने हेतु जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका,नगर पंचायत व खण्ड विकास अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अधिक से अधिक आवेदन ऑनलाईन कराने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी, ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गयी है। तत्क्रम में योजना की वेबसाइट https://cmsvy. upsdc.gov पर कन्या द्वारा स्वयं अथवा लोकवाणी केन्द्र, जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। आवेदन हेतु पात्रता की मुख्य शर्ते निम्नवत् हैं कन्याध्कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमंद हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय अधिकतम रू0 2.00 लाख तक हो। कन्या की आयु 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष या अधिक हो। आयु की पुष्टि हेतु शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड व आधार मान्य होंगे। कन्या अविवाहित होध्विधवा होध्परित्यक्तता व तलाकशुदा के मामले में कानूनी रूप से तलाक हो गया हो। अनु0 जाति, अनु0 जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण.पत्र प्रस्तुत करना होगा। विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं दिव्यांग हो, को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाहित कन्या को गृहस्थी संचालन हेतु रु0 35,000/- की आर्थिक सहायता तथा रु0 10,000/- की उपहार सामग्री प्रदान की जायेगी ;शासनादेशानुसार विधवा, परित्यक्तता,तलाकशुदा महिला के मामले में आर्थिक सहायता राशि रु0 40,000/ व उपहार सामग्री रु0 5,000/- की होगी।

# मरम्मतीकरण को लेकर 34 घण्टे बन्द रहेगा चन्द्रपुरवा गेट



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** रेल लाइन मरम्मती कार्य के कारण हाईवे 34 से चंद्रपुरवा जाने वाला गेट संख्या 29 बुधवार को सुबह आठ बजे से 34 घंटे के लिए बंद रहेगा। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को चक्कर काटकर जाना होगा।

मौजूदा समय में भीमसेन से खैरार जंक्शन तक दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। स्टेशन अधीक्षक हरिशंकर साहू ने पत्र जारी करते हुए बताया है कि चंद्रपुरवा गेट संख्या 29 में मरम्मत कार्य होने के चलते 27 सितंबर को सुबह 8 बजे से 28 सितंबर को शाम 6 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। जिससे हाईवे से चंद्रपुरवा, भौनिया, पचखुरा खुर्द सहित पंधरी मुंडेरा मार्ग तक पहुंचने का मार्ग बाधित रहेगा। स्टेशन अधीक्षक ने चंद्रपुरवा गांव पहुंचने के लिए लोगों को सुमेरपुर से पंधरी, पचखुरा, भौनिया होकर जाने का रास्ता बताया है। इसके साथ ही हाईवे से चंद्रपुरवा जाने के लिए उन्होंने प्रेम नगर से गेट संख्या 28 के मार्ग से होकर इटरा और चन्द्रपुरवा पहुंचा जा सकता है। मरम्मतीकरण के कार्य से गेट बंद होने से इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को करीब 34 घंटे समस्या से जूझना पड़ेगा।

**पंधरी व प्रेम नगर से होकर पंहुचा जा सकेगा गांव**

# हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर चालक की मौत, युवती घायल

**कार सवार घटना के बाद मौके से फरार**



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 34 पर नरायनपुर कुंडौरा के मध्य तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बाइक चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कार सवार मौके पर वाहन छोड़कर भाग निकले। बांदा नगर के खुटला निवासी मुईन 30 वर्ष पुत्र रमजान अपने दोस्त धनीराम निवासी मर्दननाका बांदा की पल्सर बाइक मांगकर कानपुर जाने की बात कहकर निकला था। बाइक पर बांदा जनपद के पचनेही गांव निवासी युवती श्वेता 27 वर्ष पत्नी रामजस भी बैठी थी। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर कुंडौरा के मध्य हाईवे पर मुख्यालय की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ओवरटेक करते समय मुख्यालय की ओर जा रही सामने से आ रहे बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक व उसमें सवार युवती उछलकर करीब 20 मीटर दूर जा गिरी। बाइक चालक मुईन की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में युवती श्वेता गंभीर रूप से घायल हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना के तुरंत बाद हाईवे पेट्रोलिंग ऑफिसर ललित सिंह मौके पर पहुंचे और घायल युवती को पेट्रोलिंग वाहन में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत में उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। मृतक के भाई शहजादे ने बताया कि मुईन शादीशुदा है। उसकी पत्नी अफसाना, पुत्र अफजल व ढाई साल की पुत्री का रो-रोकर बुरा हाल है। शहजादे ने बताया कि कानपुर में रहने वाले भाई के पुत्र का हकीका है। उसी को लेकर वह लोग ट्रेन से जा रहे थे और मुईन अपने दोस्त की बाइक लेकर कानपुर आ रहा था। तभी यह घटना हो गई।

# महात्मा गांधी की जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाडेय की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थित में डॉ ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में महात्मा गांधी जयंती 02 अक्टूबर 2023 को धूमधाम से मनाये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूप रेखा तय करते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को उनके विभागीय कार्यो के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले से ही सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफ.सफाई सुनिश्चित कर लिया जाए। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का माल्यर्पण किया जाए। उन्होंने कहा कि रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक स्थानों पर पूर्ण रूप से साफ सफाई एवं चूने का छिड़काव किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों एवं वार्डो में साफ.सफाई सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सम्बंधित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि गांधी जयंती के अवसर पर स्कूलों के मादक पदार्थों के सेवन से बचाव की शपथ दिलाई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक,युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीव कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रखर वक्ता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव रखने वाले पं0 दीनदयालः नन्दलाल

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** एकात्म मानववाद अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवाद पथ प्रदर्शक पं0 दीनदयाल उपाध्याय के 107 वीं जयन्ती पर भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल के द्वारा गौरीशंकर मण्डल के बढ़ौली शक्ति केन्द्र के बूथ सं. 424 पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित की। व साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने एक एक कर पं0 दीनदयाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की। पं0दीनदयाल उपाध्याय जी की 107 वीं जयन्ती जनपद के सभी मण्डल शक्ति केन्द्र व बूथ और सभी वार्डो में मनाई गयी। पं0दीनदयाल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय कुशल संगठनकर्ता एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव रखने वाले पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 एवं उनकी मृत्यु 11 फरवरी 1968 को हुई पं0 दीनदयाल जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे। उन्होने भारत के सनातन विचार धारा को अनुकुल रुप से प्रस्तुत करते हुए एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी एक समाजवेसी विचार धारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। हम सभी कार्यकर्ता उनके पदचिन्हो पर चलकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी जी ने देश को मजबूत किया साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी उनके पद चिन्हों पर चलकर उत्तर प्रदेश की जनता को मजबूत करने मे पूरी ताकत लगा रहे है। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, अशोक मौर्या, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, नार सिंह पटेल, पुष्पा सिंह, गुडिया त्रिपाठी, राघो सिंह, आशुतोश चौबे, अनुपम त्रिपाठी, अरुण चौबे, कैलास त्रिपाठी, बृजेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्रा, अजय मिश्रा, सतीष श्रीवास्तव, ओमप्रकाश शर्मा, चन्द्रकांत पाण्डेय सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामलीला मंचन को लेकर हुई बैठक

**चोपन/सोनभद्र।** आगामी दिनों में होने वाले रामलीला मंचन को लेकर रामलीला मंचन की तैयारी के लिए बैठक रविवार की रात को काली मंदिर परिसर में आयोजित हुई। मंचन व मेला की व्यवस्थाओं को लेकर मंथन किया गया। साथी ही रामलीला का भव्य मंचन कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष राजन जायसवाल ने बताया कि रामलीला मंचन प्राचीन भारत की सभ्यताओं से जुड़ा आयोजन है। वैसे तो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्रभावशाली चरित्र पर कई भाषाओं में ग्रंथ लिखे गए हैं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, प्रदीप अग्रवाल, हीरालाल वर्मा, संजय जैन, विकास चौबे, राजेश अग्रहरि, सत्येंद्र आर्य, आशीष सिंह, सुशील पांडे, अभिषेक दुबे, संदीप चौरसिया, जितेंद्र जायसवाल, अशोक सिंघल, सतनाम सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल,सेतराम केसरी, मोम बहादुर इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## पं दीनदयाल उपाध्याय का श्रद्धा के साथ मनाया जन्मदिन



**चोपन/ सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** एकात्मक मानव का दर्शन देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती आज चोपन मंडल के बर्दिया गांव में श्रद्धा के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कहा कि एकात्म मानव तथा अंत्योदय का विराट दर्शन देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय हम सभी भारतीयों एवं कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं आज उन्हीं के प्रेरणा से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियां गांव गरीब किसान के लिए कम कर रही है तथा कतार में जो सबसे पीछे खड़ा है विकास की शुरूआत वहीं से प्रारंभ हो रही है पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन बहुत ही संघर्ष एवं कठिनाइयों में बीता है उसके बावजूद देश की राजनीति में अपने मेहनत और संघर्ष के बल पर एक अमित छाप छोड़ी है कार्यक्रम में जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी शक्ति केंद्र प्रभारी तीर्थराज शुक्ला दिलीप जायसवाल मिथिलेश केसरी सहित सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

## लोक सभा चुनाव के लिए निषाद पार्टी ने ब्लॉक कमेटियों का किया गठन



**चोपन/सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा ओबरा के अंतर्गत चोपन ब्लॉक में निषाद पार्टी द ग्रेट निषाद युवा वाहिनी का ब्लाक कमेटियों का गठन आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए निषाद पार्टी के द ग्रेट निषाद युवा वाहिनी अध्यक्ष नागेंद्र साहनी विधानसभा अध्यक्ष छोटेलाल साहनी के तत्वाधान में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद निदेर्शानुसार आज जनपद सोनभद्र के प्रभारी दयाशंकर निषाद के द्वारा आगामी लोकसभा 2024 चुनाव को देखते हुए नागेंद्र साहनी द ग्रेट निषाद युवा वाहिनी जिलाध्यक्ष सोनभद्र के उपस्थिति में चोपन ब्लॉक की निषाद पार्टी संघठन ब्लाक अध्यक्ष अमलेश साहनी जिसमे राकेश गोंड, धरमु गोड़,राजकुमार खरवार, हरिदास गोड़ अशोक केवट निर्मला देवी, सुखवंति देवी, राजकुमारी,निषाद व सभी मोर्चो के ब्लाक कमेटी गठित किया गया।

## भाजपाइयों ने मनाई उपाध्याय की जयंती, अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**बांदा।** पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के इंदिरा नगर स्थित आवास में सोमवार को भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। इसके साथ ही उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। इस दौरान जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, वार्ड नंबर 31 के सभासद राममिलन तिवारी, राजेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बृजेश शर्मा, पुरुषोत्तम सिंह, ओमबाबू तिवारी, अमित सिंह, हरिओम अवस्थी, राघवेंद्र द्विवेदी शक्ति केंद्र सयोंजक ने कार्यक्रम का संचालन किया। सभी बूथ अध्यक्षो की उपस्थिति रही। साथ ही देवेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष भाजपा नगर आदि मौजूद रहे।

## तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के करेना डेरा कैथी गांव निवासी गंगाचरन (30) पुत्र भग्गू ने रविवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हो सकी। इसी तरह देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव निवासी नवल (17) पुत्र मोतीलाल ने पिता की डांट से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के अरबई गांव निवासी नसीमा (34) पत्नी मुश्ताक ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## माहवारी के प्रति किया गया जागरूक

**बांदा।** डीआर पब्लिक स्कूल में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अंजली ताज नवरीता फाउंडेशन की संस्थापिका द्वारा माहवारी एवं अपने जीवन के उदेश्य के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि कब माहवारी आती और किस उम्र से किस उम्र तक रहती हैं। इस दौरान इसमे सैनिटरी नप्किंस का प्रयोग करने की बात कही गई। यह भी बताया गया कि इस्तेमाल कि हुए सेनेटरी पैड को कूड़ेदान में फेंकना चाहिए। इस दौरान चंद्रमौलि भरद्वाज, प्रवंधक श्रुति भारद्वाज ने आभार जताया।

# एनसीसी कैडेटों ने निकाली जागरूकता रैली, किया शहर भ्रमण



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** नदियों और तालाबों को बचाने और जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखे जाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। एनसीसी कैडेटों ने सोमवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली शहर के विभिन्न मार्गो में घूमी। प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देशन में विद्यालय के जूनियर डिवीजन तथा सीनियर डिवीजन एनसीसी कैडेट द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली विद्यालय से शुरू हुई और पीली कोठी, गूलरनाका बाबूलाल चौराहा होते हुए विद्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य जन मानस के बीच संदेश पहुंचाना है कि अपनी नदियों तालाबों व अन्य जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखें तथा प्लास्टिक का प्रयोग ना करें जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध एवं सुरक्षित रहेगा। यदि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी आम जनमानस भी स्वस्थ एवं सुरक्षित रहेगा। बताया गया कि जीवन को कहो हां, प्लास्टिक को कहो ना, इसी उद्देश्य को लेकर यह रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व चीफ आफिसर मंगल प्रसाद व केयरटेकर रामप्रसाद ने किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- फ़ैन्सी ड्रेस, नृत्य, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता, मूर्तिकला, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 24.09.2023 को एनटीपीसी विंध्याचल पुजा समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में प्रातः 11 बजे से विभिन्न वर्ग के बच्चों हेतु चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 बच्चों नें बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया एवं भगवान गणेश की आकर्षक चित्र बनाया। साथ ही सायं 7 बजे से मूर्तिकला, शंखनाद, एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में बच्चों और महिलाओं बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सुभा भारद्वाज के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं सदस्याएँ उपस्थित रहीं। सभी प्रतिभागियों ने अपनी मनमोहक कलाकृतियों से सभी का दिल जीत लिया । तत्पश्चात निर्णायकों नें दिये गए तर्को का मूल्यांकन विषय-वस्तु, तर्कशक्ति एवं प्रस्तुति के आधार पर किया और विजयी प्रतिभागियों की घोषणी की।

कार्यक्रम के अंत में निर्णायक एवं पुजा समिति द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर रहे सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागीगण, निर्णायकगण, श्रद्धालुओं के साथ-साथ काफी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवार जन उपस्थित रहें तथा प्रसाद एवं कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

## विवेक ने भाजपा को छोड़कर कांग्रेस का थामा दामन



**सोनभद्र/लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** बीजेपी छोड़ कांग्रेस ज्वाइन किए विवेक सिंह पटेल व अन्य साथी सोमवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के सहमति से प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश सिंह ने दोपहर 12 बजे कांग्रेस पार्टी में कराई घर वापसी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि पूर्व में विवेक सिंह पटेल कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदो पे रहे थे और अच्छा काम किए उन्होंने भूल मानते हुए उनसे जो खामियां और गलतियां हुई थी विवेक सिंह पटेल ने लिखित रूप में माफी नामा दिया और उसके बाद कांग्रेस पार्टी में उनको शामिल किया गया। पार्टी में जोड़ने वाले लोग अभीनेश मोर्या, आशीष कश्यप,राज दीपक, रामज्ञा त्रिपाठी व अन्य साथी।

# बाल श्रम पर किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अन्तर्गत छात्राओ के सशक्तिकरण स्वावलंबन ,सुरक्षा स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के जागरुकता हेतु जनपद शाहजहांपुर के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय शहबाजनगर,ददरौल मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वागत गान के साथ ही नृत्य व अन्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी अमृता दीक्षित द्वारा छात्राओं को बाल विवाह, बाल श्रम जैसी कुरीतिओं को खत्म करने के लिए जागरूक किया। वह उनको किसी का भी बाल विवाह हो रहा हो तो उसकी जानकारी देने के लिए 1098 पर कॉल कर सहयोग ले सकते हैं। अमृता दीक्षित ने समस्त विभागीय योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य तथा बच्चों को हेल्पलाइन नंबर 108 1090, 1098, 181, 1076 की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी के साथ वन स्टाप सेन्टर के साथ-साथ चाइल्डलाइन तथा बाल विवाह से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी एवं महिलाओं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूक कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गयी। सुप्रिया स्वास्थ्य सोशल वर्कर द्वारा बालिका सुरक्षा महिला सुरक्षा एवं शिक्षा से सम्बन्धित विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी। छात्राओं को यह बताया कि कभी भी किसी भी प्रकार की समस्या यदि आप के सामने उत्पन्न हो तो आप इन नम्बरों का वेजिझग प्रयोग कर सुरक्षा आदि प्राप्त कर सकते। कार्यक्रम में प्रभारी महिला कल्याण अधिकारी अमृता दीक्षित, सोशल वर्कर सुप्रिया अवस्थी, वार्डन शशि शर्मा ,अध्यापिका आराध्या दीक्षित, फरजाना छात्राओं सुष्मिता, मंजू ,पूनम ,महिमा,अमृता द्वारा कार्यक्रम में कविताएं सुनाई गई, व अंजलि ,राखी ,नीतू, रोली, मोहिनी, दामिनी, आरुषि आराध्या द्वारा नृत्य किया गया व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# बबेरू में फल फूल रहा है अवैध नर्सिंग होम्स का कारोबार

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** अवधनामा ने पूर्व मे कई बार स्वास्थ विभाग की शह पर संचालित अवैध नर्सिंग होम्स के समाचार प्रकाशित किये है , अभी ताजा घटनाक्रम मे दो बडी घटनायें सामने आयी है पहली घटना मे एक चिकित्सक को गैरइरादतन हत्या मे पुलिस ने जेल भेज दिया है वहीं दूसरी घटना मे टोला कला की एक महिला ने एक अवैध नर्सिंग होम जो मदर केयर के नाम से संचालित था उस पर अवैध गर्भपात करने के लिये सीएमओ डा. ए के श्रीवास्तव ने सीज कर दिया है और संचालक अमित यादव के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। अब आपको इस पूरे कांड के मास्टर माइंड से मिलवाते है जो सभी नर्सिंग होम्स मे अवैध गर्भपात का ठैका लेकर ये अनैतिक काम करवाता है। देवकुमारी नर्स और उसका पति रामबाबू ने सबसे पहले एकता नर्सिंग होम के संचालक गंगासागर को अपने जाल मे फांसा और पैसे कमाने का लालच दिया जबकी गंगासागर पूर्व से झोलाछाप डाक्टरी कर रहा था , पैसे के लालच मे एकता नर्सिंग होम्स पूरे बबेरू मे अवैध गर्भपात का केंद्र बन गया फिर देवरथा गांव की फूलकुमारी का मामला चर्चा मे रहा जो आज भी न्यायालय मे विचाराधीन है दूसरा मामला समगरा निवासी सावित्री का था परंतु फिर पैसे के बल पर पीडिता को राजी करके मामला सुलझा लिया गया । एक और मामला मर्का निवासी राकेश की बच्ची का हुआ जिसमे गंगा सागर , देवकुमारी , रामबाबू के नाम पर प्राथमिकी दर्ज की गयी जिसमे गैर इरादतन हत्या के परिणाम स्वरूप सिर्फ गंगासागर पुलिस के हत्ते चढ गया और जेल भेज दिया वहीं नर्स देवकुमारी और उसके पति पर पुलिस और स्वास्थ विभाग की मेहेरबानी बरस रही थी।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के घर से छह लाख की चोरी



**शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली इलाके की अजीजगंज चौकी क्षेत्र में स्थित साउथ सिटी कॉलोनी में एस एस कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर के घर से लाखों की चोरी। परिवार समेत वाराणसी गए हुए थे प्रोफेसर। चोर घर के दीवार लंकर घर में घुसे इसके बाद दरवाजा का लॉक तोड़कर अलमारी से 70000 नगदी समेत करीब छह लाख रुपए के जेवर चुरा कर ले गए। चोर सीसीटीवी फुटेज में देखे गए हैं। शहर की पॉश कॉलोनी में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों से लोगों में दहशत। पहले भी हुई तीन चोरियों का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस। इन घटनाओं में भी चोर सीसीटीवी फुटेज में देखे गए थे, लेकिन इलाकाई पुलिस अब तक उनकी पहचान कर कर गिरफ्तारी नहीं कर सकी। चोरी की वारदातों से चीता मोबाइल की गश्त पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। अफसरों की अनदेखी से सिपाही वेफिक्र हैं।

## शक्ति संवाद समागम में सम्मानित हुईं सुधा

**बांदा।** लखनऊ में आयोजित शक्ति समागम कार्यक्रम में शक्ति स्वरूपा के रूप में सुधा सिंह राजपूत प्रधानाध्यापक को मुख्य अतिथि ललिता प्रदीप पूर्व अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने सम्मान पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इनके अलावा निशा मिश्रा, डा. जयंती श्रीवास्तव एवं दिल्ली के शैलेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। डा. रेणु देवी द्वारा स्वरचित सरस्वती वंदना एवं गीता यादव द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शक्ति संवाद की संयोजक सरिता राय द्वारा शक्ति संवाद का संक्षिप्त परिचय दिया गया। डा. जयंती श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं, बच्चियों को स्वयं की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए।

# रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्ष के साथ विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय विभागों में मानव संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता से विभागीय कार्यक्षमता में वृद्धि होती है तथा जनहित के कार्यो में तेजी आती है। इसलिए सभी विभागों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। नियुक्तियों में विलम्ब से केवल बैकलॉग बढ़ता है। युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप अवसर भी नहीं मिलते है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने यहां नियुक्ति की प्रक्रिया को समय से आगे बढाए।

सभी विभागों में ग्राम/नगर और जनपद से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक संवर्ग की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक रिक्तियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों/प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए 'ई-अधियाचन' की व्यवस्था लागू की गई है, इसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व आरक्षण नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर के साथ नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता है। तद्नुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। राजस्व विभाग में समायोजित किये गए चकबंदी लेखपालों का विधिवत प्रशिक्षण कराया जाए। पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर जारी चयन की प्रक्रिया आगामी दिसम्बर माह तक पूरी की जाए। भर्ती के सापेक्ष हमें प्रशिक्षण



- नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों/प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए
- नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए 'ई-अधियाचन' की व्यवस्था लागू,
- पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएं, इस वर्ष पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक पूरी करें
- बदलते दौर के साथ विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता
- सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए
- मुख्यमंत्री ने विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा की, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

क्षमता को भी बढ़ाना होगा तथा तकनीक का उपयोग करते हुए भर्ती प्रक्रिया में लगने वाले समय को और कम करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध पदोन्नति शासकीय सेवा का हिस्सा है। हर कर्मचारी को नियत समय पर इसका लाभ मिलना चाहिए। पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएं। इस वर्ष मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव /विभागाध्यक्ष अथवा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के स्तर पर की जाने वाली पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए।

जिन विभागों में अतिरिक्त कार्मिकों की उपलब्धता हो, उन्हें नियमानुसार अन्य विभागों में समायोजित किया जाए। पदोन्नति वाले पदों में यदि योग्य व्यक्ति न मिलें तो प्रतिनियुक्ति पर विचार किया जाना चाहिए। पदोन्नति में आवश्यकतानुसार शिथिलीकरण भी किया जा सकता है। जनपद वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं। इसके कारण अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। प्राथमिकता के साथ यहां योग्य कार्मिकों की तैनाती की जाए। आकांक्षात्मक जनपद, आकांक्षात्मक विकास खण्ड और आकांक्षात्मक नगरीय निकायों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित करें कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के मानव संसाधन की रिक्ति न हो।

# मील का पत्थर साबित होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सभा में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास होने पर जताई प्रसन्नता
- सीएम योगी ने कहा- नारी सशक्तिकरण को सुनिश्चित करता यह बिल लोकतंत्र के प्रति आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) गुरुवार को राज्य सभा में सर्वसम्मति से पास हो गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर को विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर करार दिया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने हैंडल के माध्यम से इस ऐतिहासिक पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में उच्च सदन राज्य सभा में सर्वसम्मति से पारित हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। नारी सशक्तिकरण को सुनिश्चित करता यह बिल लोकतंत्र के प्रति आमजन के विश्वास को और अधिक मजबूत करेगा। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में बिल पर डिजिटली वोटिंग हुई, जिसमें बिल के पक्ष में 215 वोट पड़े तो बिल के विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले बुधवार को लोकसभा में पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े थे। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह बिल कानून बन जाएगा और महिलाओं को लोकसभा-विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

# जाने क्या है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कैसे ले सकते हैं आप इसका लाभ




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी भारत के पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों की सहायता के लिए 18 ट्रेड को शामिल किया गया है । बढ़ई (सुधार),नाव निर्माता,अस्त्र बनाने वाला,लोहार-हथौड़ा और टूलकिट निर्माता,ताला बनाने वाला,गोल्ड स्मिथ (सोनार), कुम्हार,मूर्तिकार (पत्थर तराशने एवं तोड़ने वाला), मोची (चर्मकार), जूता कारीगर, मेशन(राजमिस्त्री) ,टोकरी / चटाई / झाडू निर्माता / जूट बुनकर , गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारम्परिक) , नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी,मछ्ली पकड़ने का जाल बनाने वाला , हलवाई। पात्रता- आवेदक की न्यूनतम आयु पंजीकरण के समय 18 वर्ष होनी चाहिए।आवेदक किसी योजना के अन्तर्गत शामिल की गयी विधाओं से सम्बन्धित पारंपरिक शिल्पकार अथवा कारीगर होना चाहिए।आवेदक द्वारा इसके पूर्व राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित क्रेडिट वेस्ड योजनाओं यथा पीएमईजीपी,पीएम स्वनिधि, मुद्रा लोन आदि के अन्तर्गत लाभ प्राप्त न किया गया हो। परिवार का केवल एक ही व्यक्ति इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है। परिवार का अर्थ पति पत्नी एवं अविवाहित बच्चों से है। सरकारी कर्मचारी या उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति इस योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के पात्र नहीं होगें।

**योजना का लाभ:** चयनित लाभार्थी को 5-7 दिन का प्रशिक्षण एवं रू0 50000 प्रति दिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा तथा प्रशिक्षण.उपरान्त टूलकिट हेतु रू0 15000/- ई बाउचर के रूप में प्राप्त होगें। प्रथम चरण में रू0 1.00 लाख तक का ऋण एवं द्वितीय चरण में रू0 2.00 लाख तक का कोलेटरल फी ऋण (पाँच प्रतिशत ब्याज की दर से ) देय होगा। लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र उपलब्ध कराये जायेगें। आवेदन की प्रक्रिया: आवेदक द्वार अपने निकटतम जन सुविधा केन्द्र (सीएमसी) के माध्यम से ऑन लाइन वेब पोर्टल पोर्टल https://pmvishwakarma.gov.in/ पर आवेदन किया जा सकता है।

## 72 स्टार्स फाउंडेशन द्वारा सहादतगंज में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

**लखनऊ।** 72 स्टार्स फाउंडेशन द्वारा सहादतगंज में एक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया। इस फ्री मेडिकल कैंप में 950 पेशेंट की शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, आंखों का टेस्ट, ब्लड टेस्ट एवं चश्में वा दवाइयों का वितरण किया गया। इस कैंप के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की गई। कैंप में प्रो. डॉ राजेश यादव, डॉ जैस्मिन, डॉ. अम्मार रिज़्वी, डॉ कुमैल ज़ैदी, डॉ मगरूब आलम, डॉ एम.ए. सिद्दीकी, डॉ यासूब अब्बास, डॉ मुजम्मिल अली, डॉ वकार आलम, डॉ. नुरुल अंसारी, राशिद, डॉ. आलम खान, डॉ. लुबना अली, डॉ. खुर्शीद, डॉ. हबीब खान, डॉ. फौजिया, डॉ नाज़नीन उपस्थित रही।

# हर दिव्यांग को मानसिक रूप से बनना चाहिए सबल

अवधनामा ब्यूरो

- स्वाती फाउंडेशन द्वारा कनुभाई टेलर सहित 80 दिव्यांगों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** स्वाती फांउडेशन द्वारा सोमवार को पद्मश्री कनुभाई हसमुखई भाई टेलर सहित 80 दिव्यांग जनों और उनके लिए काम करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कृष्णानगर स्थित एक होटल में इस अवसर पर छह घंटे का सेमिनार आयोजित हुआ, जिसमें कनुभाई टेलर ने कहा कि यदि मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, तो दिव्यांगता हमारे कामों में अवरोध नहीं उत्पन्न कर सकती। प्रकृति ने यदि कोई बांधा उत्पन्न किया है तो निश्चय ही वह कोई अच्छी विशेषता भी देती है। उसे हमें निखारने की जरुरत है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि हमारा ही देख लीजिए, भगवान ने दोनों पैर से दिव्यांग बना दिया लेकिन उसके बाद भी मैं मन से कभी नहीं हारा और पूरे समाज के लिए काम आ रहा हूं। हम सभी को पहले मन को जीतना चाहिए। यदि मन पर विजय है तो दिव्यांगता को कभी भी हरा सकते हैं। यह बता दें कि पद्मश्री कनूभाई हसमुखभाई टेलर एक दिव्यांग होते हुए भी गुजरात में पूरी जिंदगी दिव्यांजन को समर्पित कर दिये और उन्होंने वहां बहुत बड़ा काम किया है।

इस अवसर पर एक सेमिनार भी



आयोजित किया गया, जिसमें स्वाती फाउंडेशन की अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि प्रकृति जिस भी व्यक्ति को शारीरिक रुप से अक्षम बनाती है, उसको निश्चय ही कुछ विशेष दिव्य दृष्टि देती है। उसको पहचानने की जरूरत है। उसको पहचान कर जो चला वह अपनी दिव्यांगता पर हावी हो गया और वह कर बैठा जो शारीरिक रूप से स्वस्थ भी नहीं कर सकते।

स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक सबसे ज्यादा दिव्यांजनों के लिए काम किया है। उन्होंने आत्मसम्मान का भाव भरने के लिए सबसे पहले विकलांग शब्द को दिव्यांगजन कर दिया, जिससे आत्मग्लानि का भाव न आये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों कार्यक्रम चलाए, जिससे आज दिव्यांगजन आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

उन्होंने सूरदास का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने एक बार सूरदास का हाथ पकड़कर बांधा को पार कराया था।

## मदरसा इबराहीमिया में जल्सा सीरतुन्नबी व तालीमी मुजाहरे का आयोजन

**लखनऊ।** कल रात ठाकुरगंज स्थित मदरसा इबराहीमिया शाखा जामियतुज़्ज़ुहरा लिलबनात अल इस्लामियह में जल्सा सीरतुन्नबी व तालीमी मुजाहरे का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता इमाम अहले सुन्नत के उत्तराधिकारी हजरत मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी ने की और संचालन मौलाना शहनवाज नदवी ने किया। जलसा की संरक्षण अबदुल वहीद फारूकी सदर सहाबा ऐक्शण कमेटी के जिम्मा थी। जल्सा का आरम्भ कारी फरहान फुर्कानी तिलावत से हुआ। इस के बाद कारी फैसल रशीदी, कारी अरकम तम्बोरी, कारी तारिक उमर लखीमपुरी ने बारहगाहे रिसालत में नजराना पेश किया। मुकर्रिर खुसूसी मौलाना कफील अशरफ लखनवी ने सीरत नबवी के हवाले से अपने भाषण में कहा तारीख गवाह है कि दुनिया के अंदर जितने भी इन्सान अब तक आए और आयेंगे उनमें सबसे कामयाब हस्ती नबी की जात है, आपका चमत्कारी जीवन और हर सुन्नत कयामत तक के इन्सानों के लिए आइडियल बन गई है। हमारा दीन कोई रस्म नहीं है बल्कि खुद नबी करीम ने अपनी जिंदगी गुजारने के बाद अपनी उम्मत को भी अमल करने का हुक्म दिया है।

# एरा वि.वि. में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

- फार्मेसी क्षेत्र के पेशेवरों, विशेषज्ञों और छात्रों को एक साथ लाया गया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एरा कॉलेज ऑफफार्मेसी, एरा विश्वविद्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का जीवंत उत्सव मनाया गया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें फार्मेसी क्षेत्र के पेशेवरों, विशेषज्ञों और छात्रों को एक साथ लाया गया। एरा विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश



के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति से सम्मानित किया गया। इस अवसर की अध्यक्षता एरा विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली महदी ने की। स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में फार्मेसी पेशे के महत्व पर आधारित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विशेषज्ञ और पेशेवर एक साथ आए। प्रतिष्ठित वक्ताओं ने समाज की भलाई सुनिश्चित करने में फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।

ब्रजेश पाठक ने अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश में फार्मेसी पेशे के उत्थान एवं पहचान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने क्षेत्र में पूर्णता प्राप्त करने में ईमानदारी और समर्पण के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वास्थ्य देखभाल की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर विश्वास और अखंडता सर्वोपरि है।

डॉ. अब्बास अली महदी ने अपने संबोधन में फार्मेसी पेशे में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। यूपीपीसी के अध्यक्ष संदीप बडोला ने अपनी टीम के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और उत्तर प्रदेश में फार्मेसी पेशे की वर्तमान स्थिति पर बात की। इस अवसर पर डॉ. एस.जे.एस. फ्लोरा, निदेशक और डॉ. मोहिनी चौरसिया, प्रिंसिपल एरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने गणमान्य व्यक्तियों के साथ मंच साझा किया। एरा विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. रूपाली मिर्जा ने कार्यक्रम की प्रभावी मेजबानी की। उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के सहयोग से एरा विश्वविद्यालय के एरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा आयोजित विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह ने फार्मासिस्टों के उल्लेखनीय योगदान को स्वीकार करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।

# भाजपा की सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



चुनाव में एक युद्ध बूथ पर, तो दूसरा युद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर होता है: केशव मौर्य

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला आज सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में सम्पन्न हुई। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप, मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री संगम लाल गुप्ता, मोर्चा तथा प्रकोष्ठों की राष्ट्रीय सोशल मीडिया समन्वयक श्रीमती प्रीति गांधी, मोर्चे के राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक राहुल नागर ने सोशल मीडिया पर भाजपा की प्रभावी उपस्थिति के लिए मार्गदर्शन दिया।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव में एक युद्ध बूथ पर, तो दूसरा युद्ध सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर होता है। हमें दोनो युद्ध जीतना है। विपक्ष के हर दुष्प्रचार का, हर हमले का संस्कारित भाषा में करारा जबाब देना है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी, जातिवादी, भ्रष्टाचारी विपक्षी दल गरीब, उपेक्षित पिछडे वर्ग के चाय बेचने वाले के बेटे को देश के प्रधानमंत्री पद पर बर्दास्त नहीं कर पा रहे है। श्री मौर्य ने कहा कि 2019 के लोकसभा सभा चुनाव में सभी विपक्षी दलों ने भाजपा को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदेश की जनता ने उत्तर प्रदेश में भाजपा को 51 फीसदी वोट देकर सारे गठबंधन धराशायी कर दिया। इस बार भाजपा के योद्धा बूथ पर भी और सोशल मीडिया पर भी विजय का परचम फहरायेगें। उन्होने कहा कि अब 100 में 75 हमारा है बाकी में बंटवारा हैं और बंटवारे में भी हमारा है। इस लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने से महिला सशक्तिकरण का नया युग प्रारम्भ हुआ हुआ। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर ओबीसी नेतृत्व को तैयार करना है। आज भाजपा की सास्कृतिक राष्ट्रवाद की विचारधारा ने राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी दलों के नेताओं को मंदिरों में झुकने के लिए विवश किया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोशल मीडिया वर्कशॉप को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग सतत सजगता के साथ तथ्यात्मक रूप से तैयार रहने का है। सोशल मीडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है।

# हिन्दी दिवस पर ऑनलाइन काव्य गोष्ठी संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उ. प्र. राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान लखनऊ द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन काव्य गोष्ठी, 24 सितंबर दिन रविवार को सायं 6:00 बजे आयोजित किया गया जिसमें सभी ने एक से बढ़कर रचनाएं प्रस्तुत की जिसकी अध्यक्षता परम आदरणीय विजय त्रिपाठी 'विजय' ने की तथा वाणी वंदना सुमन शर्मा 'पद्मिनी' ने बहुत ही मधुर स्वरों में किया, संयोजन एवं संचालन चन्द्र देव दीक्षित 'चन्द्र' द्वारा किया गया। इस काव्य गोष्ठी में रेनू वर्मा 'रेणु', गीतिका चतुर्वेदी, विकास द्विवेदी इलाहाबादी , डॉ ज्योत्सना सिंह 'साहित्य ज्योति', मानस मुकुल त्रिपाठी 'मानस', माला शिल्पकार , पूर्णिमा वेदार श्रीवास्तव, विपुल कुमार मिश्र, सुशील चंद्र श्रीवास्तव एवं चन्द्र देव दीक्षित 'चन्द्र' ने अपनी सुंदर-सुंदर रचनाएं प्रस्तुति की।

**प्रस्तुत है-**

जिसने भारत को वाणी दी, जिसे भारती भाती है।
भाषा की वैज्ञानिक क्षमता, विजय ज्ञान पर पाती है।
संस्कृत जिसकी माता है, जो संस्कृति की भाषा है।
उसी नागरी से भारत को, निज गौरव की आशा है।।

**- विजय त्रिपाठी**

हे माँ सरस्वती ज्ञान दे, हे माँ सरस्वती ज्ञान दे,
हमको नवल उत्थान दे, हे माँ सरस्वती ज्ञान दे।
हिन्दी है भारत माँ का ,इक रेशमी परिधान,
प्यारा लगे हर एक को,वो रेशमी परिधान।

**- पूनम शर्मा पद्मिनी**

मौन से लड़ना पड़ेगा, शब्द तो गढ़ना पड़ेगा,
अनय के आगे सदा सच, मुखर हो कहना पड़ेगा

- मानस मुकुल त्रिपाठी 'मानस'

बड़ा संगीन मसला है, हमनें तहरीर लिख डाली,
खुद के फैसले पर खुद ही, नज़ीर लिख डाली।

**- रेनू वर्मा 'रेणु'**

संस्कृत से उपजी, राष्ट्र की भाषा
लोक हितैषी, ज्ञान बढ़ाये
सुंदर है सुनियोजित है ये
सीधे मनुज के, मन में समाये
हिन्दुस्तान की शान है हिन्दी
भारत का मान बढ़ाये है हिन्दी
बस भाषा नही ये मां जैसी है
दिल को दिल से मिलाये है हिन्दी।



**- गीतिका चतुर्वेदी**

बुंदेले हर बोलो के मुंह तुमने सुनी कहानी थी ।
खूब लड़ी मर्दानी वह जो झांसी वाली रानी थी।
आज मिलाती हूं तुमको मैं एक और मर्दानी से ,
लखनऊ के गौरवशाली इतिहास की अमर कहानी से।।

**- डॉ ज्योत्सना सिंह**

हिंदी हमारी चेतना है,
राष्ट्र का अभिमान है।
देवनागरी लिपि है इसकी,
संस्कृत उद्धृत भाषा है यह।।

**- पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव।**

हिंदी दिवस पर आज बैठकर कविता पाठ सुनाता हूं....
हिंदी के माथे की बिंदी की शोभा मैं तुम्हें बतलाता हूं।
यह भारत मां के मस्तक पर सबसे चमकीली बिंदी है.
यह सब को जानी पहचानी भारत की भाषा हिंदी है।।

**- कवि विकाश द्विवेदी इलाहाबादी**

हिंदी हो जन-जन की भाषा,
ऐसी है मेरी अभिलाषा ,
लिखे, पढ़े, बोलें हिंदी में,
पूरी हो जाये मेरी आशा।।

**- चन्द्र देव दीक्षित 'चन्द'**

हिन्दी भाषा ही नहीं, मान है सम्मान है।
भाषाएं तो बहुत है, हिन्दी भाषा आसान है।।
सुन्दर मीठी सरल है, भाषा से हमें प्यार है।
पढ़ने में सहज लगे सुरों की विस्तार है।।
संस्कृत से जन्म लिया, ये भारत का लाल है।
अपनाएं हम मातृभाषा, क्यूं करें ये सवाल है?
हमारी भाषा हिन्दी से ही, भारतवर्ष की पहचान है।
सबसे मीठा शहद जैसा, हिन्दी भाषा जबान है।।

**- डॉ माला शिल्पकार**

**रिपोर्ट - पण्डित बेअदब लखनवी**

# कांग्रेस ने क्यों नहीं पास किया महिला आरक्षण बिल: नरेन्द्र कश्यप

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. लक्ष्मण तथा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कश्यप की प्रेसवार्ता सम्पन्न हुई।

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. लक्ष्मण ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि भारत की नई संसद में यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल पारित हुआ तो सभी के मन में प्रश्न उठा कि आखिर क्या कारण थे कि कांग्रेस के 60 वर्षों के शासनकाल में महिलाओं के सम्मान में ऐसा बिल क्यों नहीं लाया गया। जबकि कांग्रेस नेता बडे-बडे बयान दे रहे हैं कि यह महिला बिल कांग्रेस की उपज है। अगर ऐसा वास्तव में सत्य है तो ऐसे क्या कारण थे कि कांग्रेस की मजबूत बहुमत की सरकार होते हुए भी महिला आरक्षण बिल पारित नहीं हो पाया। कांग्रेस की नकारात्मक विचारधारा का दुष्परिणाम रहा कि महिलाएं कांग्रेस की सरकार में उपेक्षित रही। डा. के. लक्ष्मण ने कहा कि देश के लोकप्रिय व सशक्त नेता आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद है कि आज भारत के नवीन सदन में सबसे पहला एवं अत्यंत महत्वपूर्ण नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लोकसभा तथा राज्यसभा में पास हुआ। जिससे आज देश भर की महिलाओं में हर्ष-उल्लास है।



उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ओम प्रकाश सिंह ने यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ पहुंचकर पत्रकारों के साथ बैठक कर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के वृंदावन सम्मेलन की सफलता के लिए यूनियन के सभी पदाधिकारी को बधाइयां दी। यूनियन की तरफ से उन्हे प्रसाद के साथ ही श्री बांके बिहारी लाल जी का चित्र भेंट किया गया।